आचार्य्यशिरोमणि श्री १०८ युत पंथश्री उग्रनामसाहब
आचार्य्य कबीरपंथ ।
(संस्थान कोदरमाऊ)

सत्तनाम।

प्रस्तावना।

इसके कहनेकी कुछ आवश्यकता नहीं है कि, धर्म्मही सर्व श्रेष्ठ पदार्थ, सबका जीवन और सबका उपास्य देव है। यदि धर्म्म छूट जावे तो जीव अधर्म्म में पडकर मृतकसे भी निकृष्ट अवस्थाको प्राप्त होजाता है।

धर्म्महीको बताने और धर्म्महीकी रक्षा करनेके लिये नित्य मुक्त स्वतंत्र धर्म्म स्वरूप महात्मा गण बारम्बार पृथ्वीपर प्रगट हो, जीवों को धर्म्माचरण का उपदेश करते हैं। जबरधर्म्मका बहुत न्हास होताहै तबी तबी संत महात्मा प्रगट होतेहैं अथवा औतार होता है। उनके गुप्त होने के पश्चात् उनका उपदेश संसार में पुस्तकाकार अथवा वांणीस्वरूप से वर्तमान रहता है जिसको मननकर जीव लौकिक पारलौकिक ज्ञान प्राप्तकर सदाचरणमें प्रवृत्त हो सुखी होतेहैं।

यदि महात्माओंकी वाणी पृथ्वीपर न रहे उनका उपदेश जीवोंको न मिले तोसंसार की मर्यादा भ्रष्ट हो जगदान्ध प्रसंगसे सृष्टि क्रम ही बिगड जावेयोंतो उपरोक्त बातें ऐसी सामान्यहैंकि, संसार भरके सर्व धर्म्मों(मजहबों)के ऊपर लग सक्ती हैं परन्तु पाठक गणोंसे यहां पर मेरा कहना विशेष यहहै कि, यह पुस्तक जो आपके हस्तकमलों में उपस्थित है कबीरपंथकी अनन्त उपदेश रत्नमय पुस्तको में से कैएक लघु२ पुस्तकोंका संग्रह है। यद्यपि कबीर पंथकी पुस्तकों को प्रकाशित होते अबही बहुत दिन न-

हीहुये हैं तथापि,उनथोडे पुस्तकोंको प्रकाशित होते देख,लोगोंके हृदयमें,पुस्तकों को छपे देखनेका विशेष उत्साह पाया जाताहैं।

यद्यपि बहुतसे स्वार्थी और मिथ्या स्वांगधारी लोगोंने पुस्तकोंके प्रकाशित होनेका विरोधभी कियाहै तथापि कौन ऐसा सामर्थ्यवान है कि,जो प्रकृतिके कार्य्यको रोकसके यदि कोई प्रकृतिसे भी सामना करनेको उपस्थित हो तो हो परन्तु सत्य संकल्प महात्माओंके वचनको उलंघन करनेवाला कौन है ? कौन है ? जो उनकी भविष्यत् वानी को झूठा करसके । जिस प्रकार सूर्य्यके प्रकाशित होनेसे अन्धकार के साथ २ उलूक, चमगीदड, आदि निशिचर अंधकार प्रिय अधम जीवोंका कहीं पता भी नहीं लगता अथवा किसी गुफा आदिक में बैठकर छुछुन्दर आदि अपनी बडाई हांकते हुये सूर्य्यकी निन्दा भी करतेहैं; तौ भी न तो सूर्य्यकी कुछ हानी होतीहै न उन अधम जीवोंको उसके प्रकाशमें निकलनेकी सामर्थ्य ।

इसी प्रकारसे यद्यपि आजकल सद्गुरु की वाणीके प्रकाश को देखकर नाना प्रकार के स्वार्थी, देहात्म वादी, सतगुरुद्रोहि,विषय विलासी, पामर लोगोंके हृदयमें द्वेष और भय की अग्नि भडक उठीहै और अपनी सामर्थ्य अनुसार वे पामर गण विघ्न डालनेमें उठा नही रखतेहैं तथापि, सतगुरु की आज्ञानुसार कार्य्य होताही चला जाताहै ।

ग्रन्थों में लिखा है कि, सत्य गुरुके पंथमें भी छल और कपट द्वारा काल पैठेगा और अर्थका अनर्थ कर गुरुआ रूपसे जीवन को ठगकर नाना प्रकारको वादित्र तथा बाजीगरी आदि द्वारा जीवोंको सतगुरुके नामके ओटमें कालके जालमें फँसाके

गा तब तेरहवे वंशमें पं श्री दया नाम साहब प्रगटहोकर पाखण्डियोंका मानमर्दनकर जीवोंको सत्य मार्गपर लगावेंगे।

ग्रन्थोंके वचनानुसार आज कल सतगुरु के नामके ओटेमें जैसे २ अधम और पापकर्म्म हो रहे हैं वह लोगोंसे छिपा नहीं है। सतगुरुके प्यारे और भक्तोंका आदर नही रहा। गुरुकी वाणी और आज्ञाकी कुछ परवाह न करके सत्य पंथके भेषोंको ग्रहण करके, कालदूतोंने कैसा २ पाखण्ड और पापका प्रचार करके सत्य उपदेशकों और सत्य धारियोंसें द्वेष कर जीवोंको नर्क मार्ग दिखलाया है। इधर तो अत्यन्त पाखण्ड फैलगया है उधर सतगुरुकी भविष्यत् वाणीके अनुसार पाखण्डको नाश करके सत्यके प्रचारक स्वामी श्री० १०८ पं श्री दयानाम साहबका प्राकट्य हुआ है।

पंश्री दयानाम साहबका प्रताप प्रत्यक्ष यह देखनेमें आताहै कि, जिस दिनसे आपने पृथ्वी पर पदार्पण किया है उसके थोडे दिन पहलेसेही सद्गुरुकी वाणीका प्रकाश फैलने लग गया है।

लखनऊ, बनारस, प्रयाग, कानपुर, बिलासपुर, नरसिंघपुर, कलकत्ता, गया और बम्बई आदि स्थानोंमें अनेक सत्यपंथ की पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

बर्तमान आचार्य्य श्रीमानश्री १०८ युत पं श्री उग्रनामसाहेबकीभी रुचि वाणीके प्रकाशित करनेमें अत्यन्तउत्साहसेहुकी है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाणरूप यह ग्रन्थ आपके हस्तकमलमें उपस्थित है। क्योंकि, इस पुस्तकको छापनेकी आज्ञा पं श्रीहजूर साहबसे प्राप्तकरके ही यह पुस्तक छपीहै।

यह पुस्तक परमभक्त सेठठक्कर गोविन्दजी भगवान ने अपने

बयसे छपाकर अपने धर्म्म परायणता का पूर्ण परिचयदिया है।

विशेष क्या कहूं उपहारमें इस प्रस्तावनाको समाप्त करते २मुझसे एक परम सज्जन पुरुषको धन्य वाद दिये बिना नहीं रहा जाता, जिन्होंने इस पुस्तक को शुद्ध करनेमें यथा अवकाश अपना अमूल्य समय लगाकर मेरे ऊपर तथा इस पुस्तकको बांचने वालोंके ऊपर बड़ा उपकार कियाहै क्यों कि, मूलप्रति हाथकी लिखी हुई ऐसी अशुद्ध थी कि, बांचने में भी अति कठिनाई होती थी। वह मेरे परम धन्यवाद के पात्र सज्जन बर पण्डित श्रीधर शिवलालात्मज पण्डित कृष्णलालजी 'ज्ञानसागर' प्रेस बम्बईके अधिपतिहैं। इन महाशयको जितना धन्यवाद दियाजावे वह थोडाहै।

मैंहूं सर्व संतोका दासानुदास।

बालादास कबीर पंथी.

ग्रान्टरोड (बम्बई.)

श्री

सत्तनामकबीर।

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनीन्द्र करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूड़ामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, पंश्री धीरजनाम; उग्र नाम, दयानाम,–

वंश बयालिसकी दया।

छंद-हरिगीति।

प्रथम बन्दु गुरु चरणरज जिन अगम्य गम्य लखाइया॥ गुरु ज्ञान दीप प्रकाश करि पट खोलि दरश दिखाइया॥ जेहि कारणे सिद्धा पचे सो गुरुकृपासे पाइया॥ अकह मूरति अमी सूरति तामें जाय समाइया॥

सोरठा छंद ।

कृपासिन्धु गुरुदेव, दीनदयालु कृपालुहो ॥ विरला पावे भेव, जिन चिन्हें प्रगटे तेहि ॥

हरिगीति ।

कोइ बूझही जन जवहरी जो शब्द कीपारख करे ॥ चित लायके सुनह सिखापनो हित जानिके हिरदै धरे ॥ तम मोह मो सम ज्ञान रवि जब प्रगटहो तब सूझही ॥ कहत हूं अनुरागसागर सन्त कोइ कोइ बूझही ॥

छन्द-चर्चरी ।

तेहि बहुत कहि समझावही नहिं नारि समझत सो धनी। नहिं काम है धन धाम सो कछु मोहि तो ऐसी बनी ॥जग जीवनो दिन चार है कोई नाहिं साथी

अन्तको।यह समुझि देख्यो ऐ सखी ता
ते गह्यो पद कन्त को ॥

सोरठा।

लिये पिऊ कर मांह, जाय चिता
ऊपर चढी॥ गोद लिये निज नाह, राम
राम कहते जली ॥

छन्द हरिगीति ।

निरालम्ब अवलम्ब सतगुरु, एकआशा
नामकी। गुरुवचन लीन आधीन निशि
दिन, चाह नहीं धन धामकी ॥ सुतना
रि सब बिसार विषया, गुरुचरनन दृढ
कै गहे। सतगुरु कृपा दुख दूरनाशे,
धाम अविचल सोलहे ॥

सत्तनाम कबीर।

सत्तनाम, सत्त सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिंत,पुरुष, मुनिंद्र, करुणामय, कबीर, सुरति योग संतायन, धनी धर्म्मदास ॥ चूडामनि नाम ॥ सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति स्नेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगट नाम, धीरज नाम, पंश्री उग्रनाम, दयानाम, साहेब बंसबयालीसकीदया॥

अथ ग्रंथ (बडा) संतोष बोध ॥

धर्मदास उवाच–

धर्मदास पूछे चितलाई ॥ तत्व भेद मोहि कहो समझाई ॥ कौन तुरी को योजन दौरा ॥ भाषो साहेब हम है भो

रा ॥ तत्वनको असथान चिन्हावो ॥ भि
न्न भिन्न करि मोहि बतावो ॥ विनयकरौं
कीजे प्रभुदाया ॥ धरमदास गहे दुनो
पाया ॥ सत्गुरु बचन ॥ धर्मदास सुनो
तत्व व्यवहारा ॥ निशि वासरका कहूं
विचारा ॥ लालतुरी योजन परवाना ॥
मुशकी योजन डेढ सिधाना ॥ हरातुरी
योजन दोइ जायी ॥ पीरा योजन तीन
चलायी ॥ हंसा योजन चार सिधायी ॥
फिरके दण्ड तबे लहि आयी ॥ मूल कँव
लहै तेज ठिकाना ॥ षटदल तत्व आका
श बखाना ॥ कमल अष्टदल वाहि बता
ई ॥ द्वादश कमल पृथ्वी रहाई ॥ षोड
श दल जल तत्व बखाना ॥ धर्मदास ग
हि राख ठिकाना ॥ याहि विधि पांचो

आवै जाई॥ आपनि आपनि मंजिल क
राई॥ पांच तुरी रथ येक सँवाँरा ॥ ता
भीतर मन जीव पसारा ॥ जीव पड़ा है
मनके हाथा ॥ नाच नचावे राखेसाथा॥

साखी ।

अष्ट पांखुरीकमलहै, ता भीतर जिव
बास॥ तापर मनका आसना, नख
सिख तेहिके पास ॥ सूर मिलावे चंद
कूँ, चंद मिलावे सूर ॥ यहि जिन भेद
बिचारिहै, जाहिमिला गुरुपूर ॥ जाही
पवन पर चंदा बसे, ताहि न ग्रासे
काल ॥ जो यह भेद बिचारई, सोई
जवहरी लाल ॥ पानीमें पावक बसे,
अतिघन बरसे मेह ॥ तीनो अधर अका
श है, कौन पवनको थेह॥ महिमा है
वा नामकी, इनका आयसु कीन्ह ॥

जो यह भेद बतावही, सीस अरपि तेहि दीन ॥

चौपाई ।

धर्मदासो वचन ॥ साहेब कहो भेद टकसारा ॥ जेहि ते जीवन होय उबारा ॥ नौ तत्वनको भेद बतावो ॥ सकल का मना मोरि मिटावो ॥ पांच तत्व खेले मैदाना ॥ चारतत्व वे रहैं ठिकाना ॥ छे तत्वनको भोजन केता ॥ ताको चीन्हे आगम चेता ॥ सतगुरो वचन ॥ धर्मदास मैं तोहि समझाऊँ ॥ नव तत्वनको भेदबताऊं ॥ छठेतत्व निरंजन नाऊं ॥ नयनन बीच बसावल गाऊं ॥ नाभीकमल शब्द उठे नाला ॥ नयन न बीच निरंजनकाला ॥ ताहि कमल का नाम बताई ॥ चार बरन होय रूपदि

खाई ॥ लखे शब्दजो जाने भेदा ॥ राता पीला श्याम सपेदा ॥ कमल येक बानीहै चारी ॥ बैठ निरंजन आसन मारी ॥

साखी ।

ताहि कमलकू छोडिके, कीजे शब्द विचार ॥ पांचोतत्व विचारिके, उतरो भवजल पार ॥

चौपाई ।

छैसौ और यकबीस हजारा ॥ येते निशि दिन स्वाँस सुधारा ॥ ताकोसब जन संग मिलपावे ॥ सो सतगुरु यह भेद बतावे ॥ बीस सहस्र पंच देवन पाई ॥ ताका लेख कहों समजाई ॥ प्रतिदेव पीछे चतुर हजारा ॥ सहस्र जाप रहु छे सो धारा॥ सो रहसै मे बाकी रहई ता

काभेद हंसकोइगहई ॥ जाप अष्टोतर जब रहिजाई ॥ तेहि छिन शब्दहि सुरति मिलाई ॥ साहसमै बारह चौपाई ॥ तत् छिन हंसा लोकको जाई ॥

साखी।

जादिन काल ग्रासही, नखसे करै उजार ॥ भाग जीव चढ़ि बैठही, शब्दहि कुलुप उघार ॥

चौपाई।

सुषमना तत्व करे असवारी ॥ जब हि काल कि पडंचे धारी॥धर्मदासोवचन॥ साहेब तिनका भेद बताई ॥ जाते काल छुवन नहिं पाई॥नौ तत्वनकोकहिये भेदा॥ एक एक कर कहो निषेदा॥ सतगुरु बचन ॥ नव तत्वनका भेद बताऊं ॥ द्वारा तिनका कहि समझाऊं ॥ बाय त

त्वमे छूटे देहा ॥ पवन मंडलमे जाय उ
रेहा ॥ तेज तत्वमे करे पियाना ॥ बज्र
शिलामे जाय समाना ॥ अकाश तत्व
मे छूटे भाई ॥ तारा गनमे जाय समाई
॥ धरती तत्वमे छूटे देहा ॥ जल जीवन
मे जाय उरेहा ॥ जलके तत्व छूट जिव
जाई ॥ नरकी देह धरे तब आई ॥ सुष
मनि तत्वहिं छुटे शरीरा ॥ पशु पंछी
असकहैं कबीरा ॥ छे तत्वनका कहा वि
चारा ॥ तीन तत्वनका भेद है न्यारा ॥
तीन तत्वका भेद जो पावे ॥ निश्चय
हंसा लोक सिधावे ॥ तीन तत्व अब प्र
गट बताई ॥ जो बूझेसो लोकहिं जाई ॥
शब्द तत्वको जाने भाई॥ सुरत तत्वको
ध्यान लगाई ॥ निरत तत्व जाके घट

होई ॥ आवा गमन रहित सो होई ॥
नव तत्वनका कहा विचारा धरमदास
तुम करो सँम्हारा ॥ तत्व भेद कहा
तोही वानी ॥ छत्र अधर है नाम नि
शानी ॥ तीन भेद है पुरुषके पासा ॥
छोडे काल जीवकी आसा ॥ पुरुष श-
ब्दहै शीतल अंगा ॥ तत्व निरक्षर क
मलके संगा ॥ आप पुरुष तेहि पिंड न
माथा ॥ पुरुष शब्दतेही देखे साथा ॥
काया मांहिं लगीयक नाला ॥ तहवाँ
रहे निरंजन काला ॥ ता शिर ऊपर
पांजी लागे॥ तेहिचाढि हंसा जइहै आगे॥
श्वेतरूपीत कमल है राता ॥ तीन तत्व
जीव संग रहाता ॥ तवन तत्वको भाव
सुनाई ॥ तीन रूपते संग रहाई ॥ काया

क्षेत्र जाहि हमदीना॥खेत कमाई आग
म चीन्हा ॥ सत पाखुरी कमल यक हो
ई॥ताका भेद कहूँ मैं जोई ॥कमल एक
लोक है तीना ॥ तीनो लोक दीनो पर
वीना॥चवथा लोक अधर कहँ चीन्हा॥
ताकर कालगम्य नहि कीन्हा ॥

साखी।

तीन लोक बिचारिके, गहो शब्द
टकसार ॥ कहे कबीर धर्मदाससो, उ
तरो भवजल पार ॥

चौपाई।

धर्मदासो बचन ॥ साहेब वचन कहो प
रवाना ॥ तीन लोक का कहो ठिकाना॥
सतगुरुवचन ॥ ब्रह्मलोक लिंग अ
स्थाना ॥ ताते उत्पत्ति होयनिधाना ॥
विष्णुलोक नाभी विसतारा ॥ शीव

का लोक हृदय मंझारा ॥ चवथालोक अधर अस्थाना ॥ कहे कबीरयों कहा बखाना ॥ ताहि लोकको ध्यान लगावे ॥ चलत हंसा काल नहिंपावे ॥ पाखुरीको कहों ठिकानो ॥ धर्मदास तुम सत्य कर मानो ॥ श्रवन दोय पाखुरी बखानी ॥ सब सुख लेई सुने जो वानी ॥ तीजे नयन पाखुरी आनी ॥ चौथी दूजा नयन बखानी ॥ पांचवीं का कहूँ विचारा ॥ रसना शब्द उठे हंकारा ॥ छट्ठी पाखुरी इंद्री जानी ॥ उत्पत्ति बीज ले डारे आमी ॥ सात पाखुरी ठाम बतावा ॥ खोज कवल अस्थिर घर पावा ॥ पाखुरी सात कमल है एका ॥ भीतर जाहि जीव मन टेका॥

ताहि कमल मे तार लगाई ॥ सोइ तार को चीनो भाई ॥ सो वहतार अधर ले राखा ॥ जो कोई साधु हिरदै ताखा ॥ ताहि तार का बहुत पसारा ॥ खंड ब्रह्मांड पताल सवांरा ॥ ताहि तारमे डोरी लागी ॥ विरला चिन्हे हंस सुभागी ॥ ताकर भावहै सेतही अंगा ॥ नाम निरक्षर ताके संगा ॥

साखी।

धर्मनि निरक्षर गुप्तहै, आक्षर कहे जेहि नाम ॥ कहे कबीर लखिपावे, होवे जिवको काम ॥

चौपाई।

धर्मदासो बचन ॥ साहेब कहो जीव किमि आवा ॥ नरदेही कैसे के पावा ॥ सतगुरु बचन ॥ पवन जीव ब्रह्मांड

रहाई ।। ता पीछे नाभी चलि जाई ।। नयन नाशिका कीनी साखी ।। मूलहि कमल सुरति गहि राखी।।चक्षु ज्योति जहां ब्रह्म सँवारा ।। हिरदय कमल ब्रह्मांड मंझारा ।।

साखी।

बैठ जीव जहाँ जायके, दीयो छेत्र मंझार कहे कबीर धर्मदाससो, ऐसो कीन बिचार ।।

चौपाई।

शीस सँवारि बाहुँ निर्माई ॥ कंठ कमल मुख हृदय बनाई।।तापर छबि यक बरन सवाँरा ।। पवन जीवसो भया उजियारा।।कमल सब्ज और सेतहि राता। नाभि कीन्हा सकल पुनिगाता॥ ता पी

छे दो खम्भ बनाई ॥ रचि काया पुनि जीव समाई ॥ सत्त पवनहै पुरुषकी स्वासा ॥ सो कीना जीवन संग बासा ॥ ताका भेद सुनो धर्मदासा ॥ तैलिलेहु सत्ताविस मासा ॥ छिन छिन पल पल आवे जाई ॥ जीवको संधि लखे नहिं पाई ॥ प्रथम घडी ब्रह्माण्ड रहाई ॥ दूजे घडी नाभी चलि जाई॥जो रहे सबकर प्राण अधारा ॥ खेतगहै इस देह मँझारा ॥

साखी ।

तीजे घड़ीके बीते, फिर तहवाँ चलिजाई ॥ यहि विधि रहनी जीवकी, कहे कबीर समुझाई ॥

चौपाई ।

धर्मदासो बचन ॥ दयावंत प्रभु और बताई ॥ छुटे हंस कौन दिशिजाई ॥

तौन ठौर प्रभु देहु बताई ॥ तहां सुरति राखो ठहराई ॥

साखी ।

उत्तर दिशि होय निकसे, अधरहि बैठेजाय ॥ सो मारग बाकी रहा, सत गुरु देहु लखाय ॥

साखी ।

चार खुँट धरती अहै, आठ दिशी है पवन ॥ सतगुरु कहो बिचारिके, हंसाके दिशि कवन ॥ सतगुरु बचन ॥ पश्चिम सूर कीन रहि बासा ॥ पूरव चंद करे प्रकासा ॥ दक्षिण दिशा बाट नही पावे ॥ उत्तर दिशा लोक दिखलावे ॥

साखी ।

उत्तर घाटी उतरे, पांजि बैठे जाय ॥ तहवाँ सुरति लगाइके, पुरुषके परशे पाय ॥

साखी

धरति अकाशके बाहिरे, जहाँ शब्द निर्वान ॥ तहाँ जाय चढि बैठई, काल मरम नहिजान ॥

चौपाई।

प्रथम हंस सुख सागर जाई॥सुखसागरमें दर्शन पाई ॥ सुख सागरको यही संदेशा॥उडगन पाती लागे केशा॥ हंसा पैठि कीन्हा असनाना ॥ उगे लिलाट ज्यों षोडश भाना ॥ लगी डोर शब्दकी नेहा ॥ अस पांजी है अधर बिदेहा ॥ लागी सुरति शब्द की तारी ॥ चढे हंस पांजी उजियारी ॥ चढिके हंस अधरसे पेखा ॥ हंसा उलटि ठाढ होय देखा ॥ भलसाहेव कीन्हीं मोहि दाया ॥ छुटी सकल मोह अरु माया॥पुष्पमाँहि जस

गन्ध समाना ॥ हंस तिमि धरे पुरुषको ध्याना ॥ यहि विधि जीव अमर घर जाई ॥ धर्मदास सुनियो चित लाई ॥

धर्मदासो वचन ॥ सतगुरु भेद सत्यमैं जाना ॥ द्वीप खण्डका कहो ठिकाना ॥ काया खण्ड कहो मोहिभाषी ॥ जाते जीव अमर घर राखी ॥ पृथक पृथक दीजे समझाई । जाते सब संशय मिटि जाई ॥

सतगुरु वचन ॥ धर्मदास समझा भल बानी ॥ सत्य बचन तोहि कहों बखानी ॥ प्रथम शब्द खण्ड है भाई ॥ दूसर खंड निरति उठिधाई ॥ तीसर खंड सुरतिमें ठयऊ ॥ चौथाखंड प्रेम निर्मयऊ ॥ पांचवां खंड शील है भाई ॥ छठा खण्ड क्षमा निर्माई ॥सातवां खंड

संतोष दृढाई॥ आठमो खण्ड दया स
मझाई॥ नवमा खंण्ड भक्तिकहि दीनो॥
धर्मदास तुम निजकै चीनो॥ इन खण्ड
न मेंखेलै कोई॥ निश्चय हंसा लोक कहँ
होई॥ सुनो सातद्वीपन के नाऊँ॥ भिन्न
भिन्न मैं कहि समझाऊँ॥ वाय तत्व सुनु
धर्मनि वानी॥ पवन द्विपमें जाय समा
नी॥ तत्व अकाश कहा समझाइ॥ द्वी
प सागरमें जाय समाई॥ अग्नि तत्वकी
सुनियो वानी॥द्वीपअग्नि में जाय समा
नी॥ धर्ती तत्व आगम कछु होई॥ द्वीप
जल निधि जाय समोई॥ तत्व शून्य मैं
तुमको कहेऊ॥ छट्टे शून्य द्वीप लय
भयऊ॥ तेज तत्व मैं भाषि सुनाई॥
द्वीप शून्यमें जाय समाई॥जलका तत्व

कहूं बिसतारा ॥ तेहि सुखसागर द्वीप अपारा ॥ सुषुमनि तत्व कहों समझाई ॥ द्वीप अधरमें बैठे जाई ॥

साखी ।

सात द्वीप नव खण्ड है, इनमें रहो समाय ॥ कहे कबीर धर्मदाससो, निश्चय लोक समाय ॥

चौपाई ।

धर्मदासो वचन ॥ साहब भेद कहा हम जानी ॥ सात वार कहाँते आनी ॥ सतगुरु वचन ॥ धर्मदास बूझै भल नागर ॥ सत्य सुकृत तुम ज्ञान उजागर ॥ मैं तोहि कहूँ सुनो चित लाई ॥ चंद सूर दिन वार बताई ॥ पुरुष कमलमो साते वारा॥ताका भेद कहों टकसारा॥ सात पाँखुरि जब विगसाई॥ साते वार

तहाँ ते आई ॥ आये बार कमलमें र
हेऊ ॥ ताहि वारते सातो कियऊ ॥ सोर
ह कमलसे सातो वारा ॥ निशि वासर
का कहों विचारा ॥

साखी ।

मंजन कीन्हो कमलको, छोलन प
रगई पास ॥ ताते चंद सूरज भयो, पृथ्वी
को प्रकाश ॥

चौपाई ।

पहिले छोलन जल नहि परिया ॥
ताते सूरज तेज अनुसरिया ॥ सुनियो
चंदाकी शितलाई॥धर्मदास मै देऊँ बता
ई॥सिंच्यो अमी छोलन पुनि जबहीं॥शी
तल चंदा उपज्यो तबहीं ॥ छोलन चुनी
जो झरि झरि परहीं ॥ नक्षत्र चंद्रमाँ सं
गति करहीं ॥ यह सब रचना कूर्महिं दी

न्हा ॥ पाछे ध्यान अधरमें कीन्हा॥ रहे जाय कूरमके पेटा ॥ धरम राय सो घर नहि भेटा ॥ पुरुष दीना उत्पत्ति धर्म राई ॥ धायके लडा कुरुमसे जाई ॥

साखी।

छीने माथा नखनसो, हेरी सब विस्तार ॥ महा शून्य ले आयऊ, धरम राय बटपार ॥ कूर्म उदरसे नीकस्यो, ना कोई कीन्ह बिचार ॥ मूलबीज जव पायऊ, काल भया बरियार ॥

चौपाई।

निकसी खानि बेद रस बानी ॥ चंद्र सूर और उडगन जानी ॥ सब विस्तार निकरि जब आई ॥ धरम जला निधि राखु छिपाई॥ आज्ञा पुरुष दीन पठ वाई॥ आदि भवानी अमृत लाई ॥ अष्टांगी दे

खा धरम राई॥ताते रति संयोग बनाई॥ अदिके बिंद शीव मुरारी ॥ भये जला निधि हेरिनि झारी ॥ अष्टांगी ते भौ बिस्तारा ॥ सब रचना कर कीन्ह बिचारा ॥ बिनती कूर्म पुरुषसो लाई ॥ तुम सुत शीस हमार छिनाई ॥

साखी।

वचन तुह्मारे जानेऊ, शब्द शीसके कान ॥ नीर्जला निधि सोखिके, मेटत सब उत्पान ॥

चौपाई।

छूछ उदर अब भयो हमारा॥ अहो पुरुष कछु देउ अहारा ॥ वानी पुरुष अधर ते कीन्हा ॥ चाहो कूर्म मांगि तुम लीन्हा ॥

साखी ।

ना कछु भोजन चहौ, ना कछु करौं अहार ॥ चंद सूर जब पाइहों, तब लई हौं शिर भार ॥ चंद सूर चलि आइहैं, तबमैं करौं अहार॥ चंद्र सूर पहुँचे नहीं, लीलि लेउँ संसार ॥

चौपाई ।

पुरुष वचन तब कहें पुकारी ॥ भोज न सूर प्रहर लेउ चारी॥ शसि भोजनका कहों बिवेका ॥ घरी दोयका करो विशे का ॥ अमृत छीनि छीनि तुम लेहू ॥ पा छे संपूरण करि देहू ॥ चन्द सूर धरणी पै आनी ॥ सूर तेज जिमि बहुत बखानी॥ कूर्म पुरुष वचन नहि देखा ॥ घरी प्रहर का बाँधे लेखा ॥ क्षण और पलक दण्ड परमाना ॥ घडी पहर की कहों ठिका

ना ॥ चार वर्षको एक पल होई ॥ दोय पलका छन जानो सोई ॥ चार छनका दण्ड बखाना ॥ चार दण्डका घडी पर माना ॥ चार घडी एक प्रहर बिशेषा ॥ चार प्रहरका दीन यक लेखा॥ सात वार दूने तब आना॥यहि बिधि पाख भयो प रमाना ॥ दोय पाख यक मासबखानी॥ तीन चौकरी बर्ष यक जानी ॥ आगे देखो ताकर लेखा ॥ धरमदास अब क हूँ बिबेखा ॥ निशि वासर पुनि होये ज वहीं ॥ कूरम प्रहर सूर लेहि तबहीं ॥ नि शि चंदा पुनिकीन प्रकासा ॥ बासर सू र कीन रहि बासा ॥ अमी चंदके पेट र हाई ॥ ताका लेखा सब समझाई ॥ कूर म अहार चंद्र ईमि लीना॥घडी दोय घ

टती तब कीना ॥ पाख दिना लो होय प्रकासा ॥ पूरण चंद्रमा भयो निवासा॥ ब्रत अखण्डित पूनम होई ॥ यह चौका कूरमका सोई ॥ ताते ब्रत बंश कहि दीना ॥ अंश बचाय जीवको लीना ॥ यह सुनि कूरम हर्ष मन आई ॥ पुरुष बचन सब कहि समझाई ॥ धर्मदासो बचन ॥ साहब कहा भेद मै पेखा ॥ अब भाषो पवननका लेखा॥ पवन भेद मोहि कहो समझाई ॥ बचन तुह्मार हृदय जुडाई॥ कहाँ ते यह पवन उठावा ॥ दिशा भेद मोहि कहु समुझावा॥ताहि पवनको नामसुनाई ॥तवन भेद मोहि देहु बताई ॥ सुरति सह्मारि चरनो चित देऊ॥ साहब मोहि आपन करि लेऊ ॥ सतगुरुबच

न ॥ धरमदास सुनु पवन अरु पानी ॥ कूरमके मुखसे उतपानी ॥ चारो ओर पवन उठि धावा ॥ ताका भेद कोई नहि पावा ॥ कूरम माथा मैं कहा बखानी ॥ सज्जन संत कोई कोई जानी॥ आठ माथा पृथ्वी सो भीना ॥ आठ दिशा जाके भय चीना ॥ माथा तीन छीन लैगयऊ॥ धरमराय तिहिंआसन करेऊ ॥ ताका उदर भवन बनाई ॥ सोई रूप नरकेर सुभाई ॥ अधर पवनसो जीव उतपानी॥चले अधरसो उरध समानी ॥ताहि पवनका जाने नाऊ ॥ करम काटि करै मुकताऊ ॥ तेही पवनका पारस नामा ॥ होय संयोग उठे जब कामा ॥ बाहेर होयके देई जगाई ॥ उठे बिंद जब

चले मनराई ॥ ऋतुवंती त्रिया जादिन होई ॥ स्वाती पवन पड़े पुनि सोई ॥ धरमदान तोहि कहों बिचारा ॥शून्य सो परैभेद है न्यारा ॥ स्वाती पवन छुवन नाहिंपावे ॥ बिंदु अकेलो जो उठि धावे॥ ताते शून्य होय पुनि जाई॥ कहूं भेद चित्त राखु समाई ॥ तीन तत्वबिंदु गहे जोई॥ ताते बाँझ होय पुनि सोई ॥उत्पति पवन कहा मैं सोंई ॥ स्वाती पधन ले संपुट होई ॥ तीन नाम सुन हंसा पावे॥ कहै कबीर सो लोक सिधावे ॥ चलत बिंद तीनो मुख धाई ॥ अधर नाम ले अधर चाढ़ि जाई ॥ अढ़ाई अक्षरमें संसारा ॥ अधर नाम सो लोक हमारा ॥ तीन नाम है अधर निवासा ॥ काया ते बाहर प्रकाशा ॥

साखी।

धरनि अकाशके बाहरे, योजन आठ प्रमान॥ तहाँ क्षत्र तनि राखेऊ, हंस करे विश्राम॥

साखी।

साठ कोसके ऊपरे, अकहनाम निज सार॥ तहँवाँ ध्यान लगावहीं, हंसा उतरे पार॥

चौपाई।

सतगुरु मिले तो भेद बतावे॥ नातो योनी संकट आवे॥

साखी।

अंकुर नाम वह शब्द है, कीना सकल पसार॥ कहैं कबीर धरम दाससो, सुनो वचन टकसार॥

चौपाई।

राई भर जो वस्तु हमारी॥ अर्द्ध

राई अस्थूल संभारी॥लहर लहर सो दिलमे होई॥ पुरुष मूल निज जाने सोई॥ उनको सौंप दियो शिर भारा॥ तुम जीवनका करो उबारा॥ भाष्यो शब्द पृथ्वी राई॥फूट आकाश शब्द हो जाई॥ विषम भाव जो छुटे शरीरा॥आवे लोक अस कहे कबीरा॥ तत्व प्रमान औ अधर है धामा॥ तत्व अंश और अजर है नामा॥ तीन नाम हंस उड़ाई॥ छूटत पिंड काल नहि पाई॥

साखी।

पवन भेद मैं भाखेऊ, कहा भेद टकसार॥ पंचाशी पवनके भीतरे, उनमें काल पसार॥

साखी।

पंचाशी पवनके वाहिरे, अजर शब्द

निजसार॥धरमदास परतीति करि सु मिरो नाम हमार॥

चौपाई।

सुमरो नाम और हंस उबारो॥ नाम पान और सुरति समारो॥

साखी।

दीजे अपने बंसको, करे शब्द स म्हार॥ गुप्त नाम गहि राखिके, हंस उ तारे पार॥

चौपाई।

कहुं अधर तुम सुनो ठिकाना॥ जा हि अधरमें जीव समाना॥

साखी।

एक अधर होय आवई, एक अ धर होय जाय॥ एक अधर घट आ सना, अधरहि मांहि समाय॥

साखी।

अधरकरे घट आसना, पिंडमें रोके

नीर ॥ मैं अदली कदलीवसौं, दया क्ष
मा शरीर ॥

चौपाई।

धर्मदासोवचन॥कहेउ तत्व मेरे मन
माना ॥ अब प्रभु कहिये सुरति ठिका
ना॥ कहां सुरति की उत्पति भयऊ॥ क
हां सुरति दूसर निरमयऊ॥ कैसेके घट
आनि समानी ॥ सो समरथ मोहि कहो
बखानी ॥ सुरति निरति संगम किमि भ
यऊ॥ पशु पंछी कैसे निरमयऊ ॥ सत
गुरु बचन॥ मूल नाभिते शब्द उचारा॥
फूटी नाल भयो दुई धारा॥स्वाती पवन
अधरसो आई ॥ सुरति निरति संग लागे
धाई॥ ताका भेद कोइ नाहि पाई॥ पशु पं
छिनमें रहे समाई॥ पशु पंछी मोहित हो

गयऊ॥ सुरति बांधि शब्द नहि गहेऊ॥
सोई शब्दकाकरे पसारा॥ सुरति निरति
ले करे सह्मारा॥ गहे शब्द तब लोक
सिधाई॥ बिना शब्द पशु पंछी भाई॥
बिनाशब्द जिमि घटअँधियारा॥ छिन
छिन ताका काल अहारा॥ सुरति नि
रति शब्द एक ठौरा॥ तब मुख बचन
होय कछु थोरा॥ आगम तत्व तुम म
थो शरीरा॥ निरति नाम भये सत क
बीरा॥ निरति धरे शब्दकी आसा॥ सु
रति नाम तुम हो धर्मदासा॥ सुरति
निरति सो बाँधे नेहा॥ पावे नाम हंस
की देहा॥ कथ्यो ज्ञान भाष्यो टकसारा
॥ धर्म दा[illegible] करो विचारा॥ हम तु
[illegible] नमानत

मूढ गवाँरा ॥ मथुरा वैठिके शब्द सुनाई ॥ धर्मदास गह्यो दोनों पाई ॥

साखी।

वचन हमारा जानिके, सीख शब्द दे कान ॥ लज्जा निंदा शोक कूँ, मेटत सब उतपान ॥ इती श्री ग्रंथ वडा संतोप बोध ॥ संपूर्ण ॥ ॥ ॥

॥ सत्यकबीरो जयति ॥

श्री

अथ श्रीग्रंथमुक्तिमूल ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनीन्द्र करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, पंश्री धीरजनाम, उग्र नाम, दयानाम,–

वंश बयालिसकी दया।

चौपाई।

धरमदास यक बचन उचारा ॥ मुक्तिमूलका कहो बिचारा ॥ मुक्ति मूल काहे सो कहिये ॥ सुरति लगाय तहाँ सुख लहिये ॥ सत्यगुरु होय सो पूछे कहई ॥ शिष्य होय भेद सो लहई ॥ मुक्ति मूल गति मोहि लखावो ॥ मेरा मनसंदे

ह मिटावो ॥ सत्तगुरुरुवाच ॥ सुनु धर
मदास बुद्धिके आगर ॥ तुमसे भाषूँ ज्ञा
न उजागर ॥ मुक्ति मूलकी युक्ति बता
ऊँ॥ सार असार सकल समझाऊँ॥ जो
कछु पूछो सो सब कहिहौं ॥ बिन पूछे
मौन गहिं रहिहौं॥ इच्छा होय सो पूछो
भाई ॥ तुमको सब कुछ देव बताई ॥ मु
क्ति मूलका कहूं विचारा ॥ ताका तुम
अब करो संह्मारा॥मुक्ति मूल गति काहु
न जाना॥ ताका अब मैं करूँ बखाना॥
मुक्ति मूल अक्षर है एका ॥ धर्मदास ता
का गहु टेका ॥ अक्षर सो उतरो भव
पारा ॥ सो अक्षर अक्षर ते न्यारा ॥ ता
को नहि जाने संसारा ॥ अक्षर बिना न
उत्तरे पारा ॥ अक्षर अक्षय वृक्ष फल दू

रा ॥ पावेगा कोइ साधू पूरा ॥ सो अक्षर तुम चिन्हो भाई ॥ अक्षर माँहि रहो स माई ॥ अक्षर अक्षर माहीं भेदा ॥ ता का पार न पावे बेदा ॥ सो अक्षर लखि राखो पासा ॥ मूक्ति मूल हंस करे बासा ॥ मूक्ति मूलको येही बिचारा ॥ बिन अक्षर नहि पावे पारा ॥

साखी।

अक्षर आदि अनादि है, निःअक्षर ता पार ॥ यही भेद जाने विना, डूबा सब संसार ॥

चौपाई।

धर्मदास उवाच। धर्मदास कहे सुनो गोसाईं ॥ अक्षर भेद सुनाओ साईं ॥ जो कछु पूछों और सुनावो ॥ मेरे मनका संदेह मिटावो ॥ सतगुरुहोय

शिष संशय हरई ॥ शिष्य होय सतगु
रु पग धरई ॥ मैं पूछत हूं ज्ञान विज्ञा
ना ॥ भक्तिभाव सब कहो बखाना ॥

साखी।

भक्तिज्ञान विज्ञान पद, कहो मोहि
समझाय॥ फिरि कछू आगे पूछिहौं,
दया तुह्मारी पाय॥

चौपाई।

सतुगुरुबचन॥ धर्मदास सुनो बच
न हमारा॥तुमसूं सबही कहूं बिचारा॥
प्रथम सुनो ज्ञानकी वाणी॥ सुक्षम ग
ति सकल समानी॥ सब घट माहि रहा
समाई॥ ज्ञान स्वरूप लखो नहि जाई
॥ जिन आपनि गति आपहि जाना॥
सबही माही आप समाना॥ आतम रू
प लखे सो ज्ञाना॥ जग महँ सोई साधु

सुजाना ॥ जिन काहू आप आपकूँ ची न्हा ॥ सोई ज्ञानी सब सुख लीन्हा ॥

साखी ।

ज्ञान गति अति सुक्षम, जो लखि पावे कोय ॥ मूक्ति मुल कूँ पहुँचे, संशय सूल न होय ॥

चौपाई ।

धर्मदास सुनि लेहु विज्ञाना॥तुमसूँ भाषूँ भेद निधाना ॥ ज्ञान समेटि लगावे ध्याना ॥ उनमुनि पद जहाँ ज्ञान विज्ञाना ॥ लागे सुरति सुषमनकी डोरी ॥ राखे सुरति निरति सोजोरी॥विसरे ज्ञान सकल जग केरा ॥ जगमें सुरति न फेरे हेरा ॥ जैसे बालक कूँ सुधि नाहीं ॥ ऐसे रहे जगके माहीं ॥ सोई साधु लहै विज्ञाना ॥ मुक्ति मूल जिन ऐसे जाना ॥

समै।

कह्यो ज्ञान बिज्ञान पद, अब सुनि लेहु भक्ति बिचार॥ धर्मदास निजके कहूं, लेहू सुरति सह्मार॥

चौपाई।

धर्मदास सुनो चित लाई ॥ भक्ति भाव मैं देउँ लखाई॥ भक्ति भक्ति संसार बखाने ॥ भक्ति भेद कोई बिरला जाने॥भक्ति मांहि भेद बहु भारी ॥ सबही भक्ति करे नर नारी ॥ भक्ति करे मुक्ति की सेवा ॥ भक्ति करे अरु पूजे देवा ॥ करे भक्ति मुक्ति तब होई॥सार भक्ति बूझे नहि कोई ॥ भक्ति भक्तीकी बहुत बडाई॥ कहे मुक्ति होय नहिं भाई॥बिनु समझे भक्ति सब ठानी॥ताकी मुक्ति न होई प्रानी ॥ भक्ति न होई नाचे गा

ये ॥ भक्ति न होई ध्यान लगाये ॥ भक्ति न होय पाथर पूजा ॥ एक छांडि भ जत ये दूजा ॥ भक्ति न होई नाचे कूदे ॥ भक्ति न होइ आँखी मूँदे ॥ राटारंभ करे संसारा॥ भक्ति भेद सबहीते न्यारा ॥ भक्ति नहोई बिनु आतम ची न्हे ॥ भक्ति नहोई टोपी दीन्हे ॥ केतेक भक्ति करे बिनु जाने ॥ भक्ति हेतु बहु स्वांग बखाने ॥ भक्ति न होई माला डारे ॥ भक्ति न होई तिलक सवाँरे ॥ भक्ति न होई पोथी पाठा ॥ मन कठोर जैसे सूखी काठा ॥ भक्ति न होईसा खी सीखा ॥ भक्ति न होई देखी देखा ॥ भक्ति होई नहि तूरेताना ॥ भक्ति होय नहि गाये ज्ञाना ॥ कथनी कथे भक्ति

जो होई ॥ ऐसी भक्ति करै सबकोई ॥ साधे बिना साधु नाहि होई ॥ केतो ज्ञान कथे जो कोई ॥ भक्ति करे जो शिरको देवे ॥ शिरके साँटे जो कोई लेवे ॥

साखी।

भक्ति भेद समझाइके, कहौं मुक्तिको मूल ॥भक्ति भाव तब जानिये, होय न संशय शूल॥

चौपाई।

सुनो धर्मदास भक्ति पद ऊंचा ॥ तहां कोई संत बिरले पहुँचा ॥ दया गरीबी होय अधीना ॥ प्रेम भाव सुसाधु चीना ॥साधु संत सेवे दिन राती॥ परसे नाहीं जाति अजाती ॥ प्रीति सहित सुरति लौ लावे ॥ साधु मिले तो साधु कहावे॥मन निरमल करि साधु हिं सेवै ॥

भक्ति पदारथ सो जन लेवै॥ भक्त होना दुर्लभ है भाई ॥ शिर सांटे कोई लेइ ब नाई॥भक्ति मूक्ति मूलहै सारा॥तन मन धन भक्ति पर वारा ॥

समै ।

भक्ति भाव तोसूँ कह्यो, सुनु धर्म दास सुजान ॥ ऐसी भक्ती जो करै, पावै पद निरबान ॥

चौपाई ।

धर्मदासोवाच ॥ ज्ञान विज्ञान भक्ति पद भापा ॥ सो मैं अपनो चित गहि राखा ॥ मेरे मन है यह अबिलाषा ॥ ताकी मोहि बतावो साखा॥ योग वैराग कौन सो कहिये॥इनकी युक्ति कौन वि धि लहिये॥कौन वस्तु कहिये वैरागा॥ कौन वस्तुको कीजे त्यागा ॥ काहेसो

कहिये वैरागी ॥ काहे सो कहिये वड भागी ॥ सतगुरु होय सो पूछे कहै ॥ शिष्य होय भेद सो लहै ॥

सोरठा।

योग युक्ति वैराग पद, बीतराग की युक्ति ॥ कहो मोहि समझायके। होय मोर निज मुक्ति ॥

चौपाई।

सद्गुरुरुवाच ॥ सुनु धर्मदास कहूँ तोहि युक्ती ॥ जासो होय महा निज मुक्ती ॥ प्रथम योगका सुनों संदेसा ॥ तासे मीटि जाय सकल क्लेशा ॥ मुद्रापांचो अवस्था चारी ॥ चंद सूर घर करे सह्मारी ॥ आसन असीचार तुम जानो ॥ योग युक्ति याहि बिधि पहिचानो ॥ भिन्न भिन्न ताका करूं बखाना॥चक्र चक्र

होय करे पयाना ॥ चक्र चक्र से बांधे ता
रा ॥ इस विधि योगी योग बिचारा ॥ प्र
थमे मूल चक्र है भाई ॥ तहांदेव गणे
श रहाई ॥ पवन अपान की तहाँ बासा
॥ सुरति लगाई देख तमाशा ॥ दूसर च
क्र ता ऊपर होई ॥ इंद्री नाल तहँ पवन
समोई॥रजोगुण पवन बसे तेही जागा॥
मूल इंद्री का जोरे धागा ॥ तीसर चक्र
ता ऊपर होई ॥ पवनचालता तहाँ स
मोई ॥ तीनों चक्र मिलावे तारा ॥ चक्र
चक्र देखो उजियारा ॥चौथा चक्र जा
य समाना ॥ लागे तार प्रगट होय ज्ञा
ना ॥ पांचवाँ चक्र बायु उदाना ॥ कंठ
द्वार देखो करि ज्ञाना ॥ छठा चक्र त्रिकु
टीके तीरा॥ तहवाँ सुगंध पवन बसेरा॥

सातवाँ चक्र बसे असमाना ॥ इस विधि योगी लावे ध्याना ॥ पांच चक्रका तार लगावे ॥ मेरु दण्ड छेदि घर आवे ॥ खोले गाँठि पवनसो छेदे ॥ तबहीं योगी योगकूँ भेदे ॥ मकरतार होय त्रिकुटी आवै ॥ वहाँ बैठिके ध्यान लगावे ॥ देखै ऊपरका उजियारा ॥ योगी मगन रहे मतवारा ॥ काया चक्र भेद मैं भाखा ॥ अब सुनु अगम लखाऊँ शाखा ॥

साखी ।

चक्र सात और आठ लगि, यहि योगीका दौर ॥ धरमदास जनि भूलियो, वस्तू औरही ठौर ॥

चौपाई ।

सुनो धर्मदास तुम ज्ञानी ॥ मुद्रा पांच अब कहूँ बखानी ॥ चाचरी भूचरी

खेचरी साधे॥ अगोचरी उनमुनी अरा
धे ॥इनकी क्रिया तोहि सुनाऊँ॥ठौरठौ
र की युगति लखाऊँ॥ चाचरी मुद्रा नेत्र
के माहीं ॥ ज्योति झग मग बसे तेहि
ठाँई॥सुरति लगाय ध्यान तहँ करिये॥
ज्योति देखिके तारीधरिये॥पहिले दर्प
न मांजो भाई॥ बिनु मांजे दर्शन नाहि
पाई॥यहि बिधि चाचरि साधन करई॥
बाहर ध्यान अगरको धरई॥ नासिका
अग्र ज्योति ठहरावै ॥ सकल ज्योति
बाहेर लै लावे॥तब अपना मुख आपहिं
देखै॥यहि विधि योगी योग बिवेखे॥अ
ब दूजी मुद्राको करई ॥ त्रिकुटी बीच
ध्यान तहँ धरई॥सकल ज्योति त्रिकुटी
केमाहीं॥बिन्दु प्रकाश बसेतेहि ठाहीं॥

नेत्र चक्र ऊपर कूँ ताने ॥ यहि विधि ज्योति एक करि जाने ॥यहि विधि ध्यान धरे सो योगी ॥ मदन रूप त्रिकुटी संयोगी ॥ज्योतिहिंसे जागत है कामा॥ वश करि राखे अपने धामा ॥ सोई बिंदु बंदकरि राखे ॥ यहि विधि योगी अमृत चाखे ॥ अब सुनु मुद्रा तीजी भाई ॥ कला खेचरी काहु न पाई॥इनका साधन करे जो कोई ॥ निश्चय करी सिद्ध सो होई ॥ प्रथम साधन इस विधि करना ॥ मनकूँ दशवें द्वारमें धरना ॥ वहाँ लगाये राखि मन धोवै॥ द्वारासो उज्वल तव होवे ॥ उज्वल करे अंगूठा फेरे ॥ वज्र शिला जायके घेरे ॥ पाछे जिह्वा नित्त बढ़ावै ॥ जड़ काटे और उर्ध चढ़ावैं ॥

तासुको देखिलेइ विस्तारा ॥ तव ले रा
खे वाही द्वारा ॥ नित्यनेम धोवे घृत से
ती ॥ शीतल जल और मिरच समेती॥
खेचरी साधे तब सिधि होई॥दशवें द्वार कूँ
पावे सोई ॥मुद्रा तीन किये अनुसारा ॥
अब चौथीको सुनो विस्तारा।मुद्रा अगम
अगोचरी भाई ॥ सो तो रहे श्रवनके ठा
ई ॥ ताला लागिरहे जेहि जागा ॥ बिन
कूँची नहि लागे धागा ॥ कूची पावे खु
ले जब द्वारा ॥ त्रिकुटी माँहि लगावे ता
रा ॥ देखो अगम ज्योति उजियारा ॥
अगोचरी मुद्रा यही बिचारा ॥ उनमु
नी ओंकार झनकारा ॥ अना हत
वाजे अगम अपारा ॥ योगी मगन रहे
मन माई॥ मन और सुरति गर्क हो जा

ई ॥ करम योगको यही बिचारा॥योगी सिद्ध रहे संसारा ॥ अजपा जपे योग होय पूरा ॥ सोहं सोहं स्वास हजूरा ॥ यहि सुकृत सूँ साधो योगी ॥ चंद सूर स्वर रहे रस भोगी॥दिवसे चंदा रात्रीको सूरा॥यहि जाने सो योगी पूरा ॥ यहि साधन नित्यंप्रति करई ॥ योगी ध्यान त्रिकुटी में धरई ॥स्वाँसा चले त्रिकुटि के ताईं ॥ आगे काहूको गम नाईं ॥ धरम दास योग यह पूरा ॥ अनाहत बाजे त्रिकुटी तूरा ॥ कर्म योगका यही बिचारा ॥ काया राखे रहे संसारा ॥ नेती धोती नौली करमा॥इन बातन छूटे नहि भरमा॥

समै।

मुद्रा साधन योग गति, साधे तो

सिध होय॥काया अगम अगाधि गति, लखि नहि पावे कोय॥

समै।

कर्म योग जेहि बिधि करे, सो मैं कहा बिचार ॥ अब तुमसे मैं कहत हूँ, ज्ञान अवस्था चार॥

चौपाई।

धर्मदास सुनो ज्ञान बिचारा॥चारिअवस्था का निरवारा ॥ प्रथम जाग्रत सकल पसारा॥यही अवस्था है संसारा॥दूजी सुपन अवस्था भाई ॥ सोमैं तोको देउँ लखाई ॥ चित् चंचल सुपनाके राजा ॥ केतेउ कहत साज समाजा ॥ जाग्रत कूँ सपना करि जाना ॥ सो ज्ञानी निज ज्ञान समाना ॥ जाग्रत सुपन एक करि देखा ॥ सोज्ञानी है संत्त विवेखा ॥ अब

सुनि लेहु सुषुप्ती तीजी ॥ काया सकल समापति सीजी ॥ जड अवस्था काया माहीं ॥ ज्ञानी वासकरे ता ठाहीं ॥ सुषुप्ति माहिं दुखी नहि होई ॥ जाग्रत सुपन्न तहाँ नहि कोई ॥ चौथी तुरिया तत्व बखानूँ ॥ चारि अवस्था यही विधि जानूँ ॥ तुरिया ध्यान उनमुनि लागा॥चार पांच नव जोरे धागा ॥ नौ नारी करे एक सूता॥योगी ज्ञानी सोई अवधूता॥ नौ और नौ अठारह होई ॥ एक सूतमें राखे पोई ॥ योग ज्ञानका कहूं विचारा ॥ धरमदास कछु वार न पारा ॥ यहि विधि बूझि बूझि सब थाका॥अगम महल कोई नहिं ताका ॥

समै।

अगम महल की अगम गति, तहाँ

सत्त अस्थान॥ तहाँ काहुकी गम्य नही, कहाँ ज्ञान कहाँ ध्यान॥

चौपाई।

धरमदास तुम बडे सुभागा॥ अब सुनु बीत राग वैरागा॥ करत सबै वैराग बडाई॥ जो वैराग सो काहु न पाई॥ कहत सब हम हैं वैरागी॥ एको वस्तु न तनसे त्यागी॥ महा कठिन कहिये वैरागी॥ पूरन पद जहाँ सुरति न लागी॥ वहाँ नाम निरंजन भाई॥ स्वाँसा सुषुमना रहे समाई॥ शीतल दशा तेज तन नाहीं॥ सुरति निरति समता घर माहीं॥ अजपा ध्यान रहे मन लागी॥ निज मन मिले होय वैरागी॥ ज्ञान योगके लछन बतीसा॥ सब साधे कोई करे न खीसा॥

ताको नाम होय बैरागी।सुरति योग उन मुनि लागी॥ वैराग्य है नही आसाना॥ कोइ एक बिरले साधु जाना॥धरमदास यह दुरलभ ज्ञाना॥ जामे होय सोही परमाना॥ कहन सुननको है वैरागा॥ यह मन सत्तनाम नहि लागा॥

समै।

सत्त नामकी टेक धरी, जपे अजपा जाप॥ सो साँचा बैराग है, लखे आप को आप॥

चौपाई।

सोई वैराग राग नहि लेखा॥बीत राग ताकूं हम देखा॥राग द्वेष हिरदय नहिं आने॥ सो बीत राग मेरे मन माने॥ सब घट समता शीतल होई॥ बीत राग तुम जानो सोई॥ सुख दुख कूँ समता

करि जाने ॥ सब विधि त्यागे सत्त बखा ने॥बीत राग वैराग बखाना ॥पूछो और सुनाऊँ ज्ञाना ॥

समै।

कह्यो योग वैराग पद, वीतराग सुख सार ॥ जो पूछो सो फिर कहूँ, लेखा अगम अपार ॥

चौपाई।

धर्मदासो वचन ॥ अहो साहेब यह युगति बखान्यो॥सो मेरे मन सबही मा न्यो ॥ अब कछु और सुनाओ ज्ञाना ॥ जो पुछूँ सो करो बखाना ॥ येती विधि योगेश्वर पाई॥आगम ज्ञान कछु करो ल खाई ॥तत्व तत्व सब ठाठ उठावा॥ त्री गुनसूँ बंधा बंधावा॥सो सब मोहि कहो समझाई ॥ कैसे उपजे कहाँ समाई ॥

समै।

तत्व गुनन सो सब भयो, जहाँ लगि यह विस्तार॥ कहो मोहि समझाइ के, को मिश्रितको न्यार॥

चौपाई।

सतगुरुवचन॥ सुनो धरमदास यह जुगती॥ कहूं सार मूल निज मुकती॥तत्व आठ तामें त्रिय सारा॥ताको कोइ न पावे पारा॥ताकूं नाहि जाने संसारा॥ विन पाये होय नाहि न्यारा॥ प्रथम तत्व सत्तसो आया॥ शब्द निरति तासो निरमाया॥ शब्द रूप महा तत्व अकाशा॥ दूसर शब्द कीन्ह प्रकाशा॥ तीसर शून्य तत्व भयो भारी॥ महा शक्ति कीन्हा उजियारी॥ शून्य तत्व भयो ओंकारा॥ चौथा तत्व भया विस्तारा॥ पांच

वाँ तत्व पवन प्रचंडा ॥ ताको तेज स
कल ब्रम्हण्डा॥ वाहि तेजसो तेज निका
रा ॥ सकल रूप कीन्हा उजियारा ॥
सातवाँ जल तत्व उपजाया ॥ सत्य बी
ज सो जलहि समाया ॥ जलते जमीन
तत्त्व भयो भाई॥ आठवाँ तत्वकी करी
लखाई ॥ यही आठका सब विस्तारा ॥
गुप्त प्रगट सो भया पसारा ॥ इन आठ
नसो है जो न्यारा ॥ सोई गुरु है अगम
अपारा ॥ ताको कोइ नहि जानन हारा॥
धरमदास तुम करो बिचारा॥जीवत मरे
सोई निज पावे ॥ बिना मरे वह हाथ
न आवे ॥ याही ते मेरो घर न्यारा ॥ ता
हि ते नहिं माने संसारा ॥

समै।

आठ तत्वसूँ सब निर्माया, तीन

गुप्त तत्व जान ॥ पांच तत्व परगट अहै सबही करे बखान॥

चौपाई।

तीन गुण कहिये ओंकारा ॥ ओं कारहिं ते भया पसारा ॥ रजगुन तम गुन सत्वगुन भाई ॥ तीन गुनन से सृष्टि उपाई ॥ तीनगुन कहावतहै जोई॥ब्रम्हा विष्णु महादेव सोई॥ तीनगुन की त्रि विधि काया ॥ त्रिविधि काया त्रिविधि माया ॥ देवे जनम मानुष अवतारा ॥ तीनगुन सब रूप सवाँरा ॥

सखै।

तीन गुन और ओंकारा है, ओंकार त्री स्वरूप ॥ तासे सब जग ऊपजा, राव रंक अरु भूप ॥

चौपाई।

धर्मदास पूछत है युगती ॥ सत्तगुरु कह्यो मूल निज मुक्ती ॥ सो सब अपने मनमे जाना ॥ अब कछु और सुनाओ ज्ञाना ॥ षट दर्शन की पूछौं बाता ॥ सो मोहि कहिय सतगुरु दाता ॥ कहो कौन दर्शन संसारा॥ ताका सब मोहि कहो विचारा ॥

साखी।

षट दर्शन की महिमा, मोहि कहो समझाय॥ अपनी अपनी सबकहैं, बातें बहुत बनाय ॥

सतगुरु बचन।

सुनो धर्मदास आदिका दर्शन ॥ ताको सुनि होय मन परसन ॥ पानी पवन ज़मीं अकाशा ॥ चन्द्र सूर घट किया

प्रकाशा ॥ यहि षट दर्शन घट मों कहि
ये ॥ भेदी होय भेद सो लहिये ॥ यही द
र्शन आदि कहावे ॥ भेदी होय भेद सो
पावे ॥ विरले साधु भेद को पावे ॥ घट
भीतर की युक्ति लखावे ॥ बाहर का द
र्शन सुनि लेहू॥ समझि बूझि तजहु सं
देहू ॥ ब्राह्मण योगी जैनी यंगम ॥
तीरथ मेला होय सब संगम ॥ से
वड़ा और संन्यासी कहिये ॥ दुर्वेश
दरशन षट लहिये॥ इन दरर्शनको है अ
भिमाना ॥ विनु सतगुरु नाहि पावे ज्ञा
ना ॥इनकी मुक्ति होय नाहि भाई ॥ बू
ड़े हैं सब मान बड़ाई ॥ अपनी अपनी
सबहीं गावैं ॥ इन बातन सत्य भेद नाहिं
पावैं ॥ साधु मिले तो साधू होई ॥ नाहि

तो दरशन जाय बिगोई॥ धरमदास समुझिके रहना॥ भली बुरी काहू नहिं कहना॥

समै।

षट दर्शन की सब कही, मुक्ति भेद नहि चीन्ह ॥ अपने अपने मनमे, होय रहे लौलीन॥

चौपाई।

धर्मदासबचन ॥ धर्मदास बिन्ती अनुसारा॥ मुक्ति मूल का कहो बिचारा॥ यहसब भेद दिया निवारी ॥ मुक्तिमूल काकहो बिचारी॥ कहो पुरुष गति प्रभु मोंहीं॥ प्रेम प्रीति से सेऊँ तोही ॥कहिये हंस और परम हंसा॥पाऊं भेद मिटे सब संसा ॥ सुख सागर मुक्ति गतिमूला॥ ताहि मिले जाय सब सूला ॥ सतगुरु होय

सो पुछे कहै ॥ शिष्य होय भेद सो लहै॥

समै।

जो जो पुछों सो कहो, तुम सत गुरु हो मोर॥ सोई युक्ति बताइये,॥ लागे प्रेमकी डोर॥

चौपाई।

धरमदास तुम सत्य सुजाना॥सकल भेद मैं कहब बखाना॥ तुमही हंस औ र परम हंसा॥ उतपन भये पुरुषके अं सा॥ पुरुष अगम अपार अपारा ॥यही भेद तुम सुनो निनारा ॥पुरुष पारस अ गम घर माहीं॥आपे आप दूसरा नाहीं॥ ताकी गति काहू नहि जानी॥ सोईस न्धि हम तुम पै आनी ॥ तुमसे खोलि कहूंगा युगती॥ तासो होय मूल निज मुकती॥पुरुष अरश अधर पर अहई॥ता

का भेद न कोऊ लहई ॥ महा सुक्षम गति है जाकी॥कैसे डोर गहे कोइ ताकी ॥ मन गति सुरति निरति नहि जाई॥कैसे बीधि कोई तहाँ रहाई ॥ अमृत अमिको कूप यक सारा ॥संपुट खुली भयो उजियारा॥ता माहीं तार तत्वसारा॥ ताको कोई न पावैपारा॥ तासे उपजा अक्षर एका॥ता अक्षरका करो विवेका॥सो आक्षर अक्षरते न्यारा ॥ ताको नाहिं जाने संसारा॥सोई है मुकतीकी मूला ॥ ताको लखो मिटै सब शूला॥ अक्षरमें है एक तारा॥अमी अक्षरमें रुप सवाँरा॥ सोई तार निरक्षर भाई ॥ बीनु सतगुरु कोई नहि पाई ॥ जाको सतगुरु होय सहाई॥ सो यही पदको पावे भाई॥ तासो

उपजे हैं परमहंसा ॥ ताको अंश भया एक हंसा ॥ वहां से फैलगया फैलावा ॥ आप आपकूँ काहु न पावा ॥ पुरुष नाम पावे जो हंसा ॥ मुक्ति मूल का नहिं कछु संसा ॥ यही भेद आहि निजसारा ॥ का पूछो अब बहुत विस्तारा ॥

साखी।

यही भेद निज सार है, समझि लखो धर्मदास ॥ कहे कबीर यह मूल है, सुरति निरति ता पास ॥ इतिश्रीग्रंथ मुक्तिमूलसंपूर्णम् ॥

॥ सत्य कबीरो जयति ॥

न्यासी ॥ गृह माया तजि भये उदासी॥ प्रेम ज्योति सबहिन ठहरावा ॥ दूर ध्यान सबहीं लौ लावा ॥ अजपा जाप जपे सब ज्ञानी॥सत सरूप न काहू जानी ॥ वेद गरवते पंडित भूला ॥ कला हिंडोले अधो मुख झूला ॥ सत सरूप उनहू नहिं जाना॥धोखे यमके हाथ विकाना॥ संशय काल कठिन रे भाई ॥ संशय करि करि गये नसाई ॥ कहा हमार किनहू नहिं माना ॥ धरि धरि पाखंड भये दिवाना॥ कहे कबीर सुनु गोरख योगी॥ कर्ता चीन्हो सब रस भोगी ॥ जोग किया पर युगति न जानो ॥ यम राजाके हाथ बिकानो ॥

सखी।

प्रगट ब्रह्म घटमें बसे, ताको मरम

श्री

अथ श्रीग्रंथगोरखगुष्टि॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाम,–

साहब,

बंश बयालीसकी दया।

अथ ग्रन्थ गोरख गुष्टि प्रारम्भः॥

चौपाई।

सतगुरुवचन॥ सुभ बचन सुरस कहे बानी॥तत्व चिन्हावे सो गुरु ज्ञानी॥ सत्त सत्त सबन गोहरावा॥ सत स्वरूप कोउ विरले पावा॥ योगी यती तपी सं

न्यासी ॥ गृह माया तजि भये उदासी॥ प्रेम ज्योति सबहिन ठहरावा ॥ दूर ध्या न सबहीं लौ लावा ॥ अजपा जाप जपे सब ज्ञानी॥सत सरूप न काहू जानी ॥ वेद गरवते पंडित भूला ॥ कला हिंडो ले अधो मुख झूला ॥ सत सरूप उनहू नहिं जाना॥धोखे यमकेहाथविकाना॥ संशय काल कठिन रे भाई ॥ संशय करि करि गये नसाई ॥ कहा हमार कि नहू नहिं माना ॥ धरि धरि पाखंड भये दिवाना॥ कहे कबीर सुनु गोरख योगी॥ कर्ता चीन्हो सब रस भोगी ॥ जोग कि या पर युगति न जानो ॥ यम राजाके हाथ बिकानो ॥

समै।

प्रगट ब्रह्म घटमें बसे, ताको मरम

नहि जान ॥ सुर नर मुनि सब जग, झूठे भरम भुलान ॥

चौपाई।

गोरखउवाच ॥ गोरख कहे सुनो हो स्वामी ॥ पार ब्रह्म है अंतरयामी ॥ योग विना सो हाथ न आवे ॥ माया सापिनि सब भरमावे ॥ कनक कामिनी यमकी फाँसी ॥ इनके संग परे चौरासी ॥ पाँच तत्व प्रकृति पचीसा ॥ इनको जीत रहे सुख ईसा ॥ साँपिनिकाया सकल सवाँरा ॥ काम क्रोध बस होय संसारा ॥ जौ लगि मन मायामें फूला ॥ तौ लगि मिलै न सुखके मूला ॥

समै।

तेतीसो तन सोधिके, निष्कंटक करे राज ॥ इनमें कोइ मुंड उठवे, तो सिधि होय न काज ॥

चौपाई।

कबीरउवाच॥ सुनु हो गोरख योगी सिद्धा॥तुम कबहू न तज धोखा धंधा॥ इन्द्री जीति कहा तुम जैहो॥ कौन ठौर जहँ जाय समैहो॥ को हैं सकल दृष्टि को स्वामी॥ कहाँ बसे सो अंतर जामी॥ कनक कामिनी किन निमाँई॥ बिन संभोग कहाँते आई॥ पार ब्रह्म कहाँते होजाई॥ उनके इंद्री है के नाही॥ मनमथ कर्म कहाँते आया॥पांचो तत्व कौने निर्माया॥ कहाँते है प्रकृति पचीसा॥ गुन तीनों कौने परदीसा॥

समै।

यह रचना है कौन की, स्त्री पुरुष संभोग॥ फूल फले सो कौन है, कौन करे रस भोग॥

साखी।

एके साधे सब सधे, सब साधे सब जाय ॥ उलटी सींचे मूलकूँ, फूले फले अघाय ॥

चौपाई।

गोरख उवाच ॥ सुनो कबीर परम गुरु ज्ञानी ॥ निर्गुनकी गति विरले जानी ॥ निर्गुन परम ज्योति उजियारा ॥ कर्ता सदा कर्मसे न्यारा ॥ उनके रूप न उन के रेखा॥ निराकार हरि आप अलेखा॥ अविगति नाथ निरंजन देवा ॥ उनका खेल अजब है भेवा ॥ अगम अथाह अखंडित रूपा ॥ परम पुरुष है ज्योति स्वरूपा॥ उनके पिंड न उनके प्राना ॥ उनके नेत्र न उनके काना ॥ उनके त त्व न उनके माया ॥ उनके धरम न उन

के दाया ॥ वहाँ न बेद वहाँ नहि बानी॥ वहाँ नहिं पवन वहाँ नहिं पानी ॥ वहाँ न धर्ती अगिन अकाशा ॥ पांच तत्व स भिन्न प्रकाशा ॥ भवन चतुर्दश ते है न्या रा॥ ज्योति स्वरूप सदा उजियारा ॥ व हाँ न ब्रह्मा विष्णु महेशा ॥ वहाँ न शा रदा गौरि गनेशा॥वहाँ नहिं गंगा जमुना संगम ॥ वहाँ न योगी वहाँ न जंगम ॥ वहाँ न शेख सेवरा संन्यासी ॥ षटदरश न सिद्ध नहिं चौरासी ॥

सर्मे।

वाके हुकुम चलै सब, वह है सबसे भि न्न ॥ वाकी आशा सब करे, वह काहू न आधीन ॥

चौपाई।

कबीरउवाच॥जहाँ अगम तहाँ का ग

म लहिये ॥ सोई अथाह जहाँ थाह न प
इये॥जिनके पिंड न जिनके माना॥सो
कर्ता कैसे पहिचाना ॥ जिनके नयन
न जिनके काना॥बिना नजर कैसे सच
माना ॥ मुख बिनु बचन उचारे कैसे ॥
समझिके कहो निशा होय जैसे॥श्रवण
बिनु बचन का गहिये ॥ कहे सुने बिनु
का सुख लहिये ॥ जिनके धर्म्म न जिन
के दाया ॥ बिना दया बेपीर कहाया ॥
कासो कहिये गुनके कर्मा ॥ दया धरम
बिन सकल अधर्मा ॥ जहां नाहिं बेद ज
हाँ नहिं बानी ॥ कैसी लखी ताहि सहि
दानी ॥ जहाँ न पानी जहाँ न पवना ॥
बिना तत्व कैसे कारि रचना॥जहाँ न धर
ती अगिन अकासा ॥ वहि कर्ताकी कौन

निवासा॥पांच तत्व जहाँ नहिं भाई॥पर घट तहाँ कौन ठकुराई ॥ शून्य विन से तव आप नशाई ॥ देखा योगी ज्ञान निकाई॥तुम निर्गुन यहि सबै बतावा ॥ गुन तीन ये कहाँ ते आवा ॥ तुमतो ज्योति स्वरूप विचारा ॥ तत्व बिना को करे उजारा ॥ तुम कर्ता कहो सबसे न्यारा ॥ कहाँसे भया काम अनुसारा ॥ रूप रेख बिनु तुम ठहरावा ॥ रूप बिना कैसे नजर वह आवा ॥ तुम अविगति नाथ निरंजन कहिया॥गति अंजन कहो कैसे लहिया ॥ सबते दूर अलग जो रहिया ॥ तुम उनकी गति कैसे लहिया ॥ देखा गोरख योग तुह्मारा ॥ धोखे नाथ जाओ यमद्वारा ॥ जाकी गति ब्रह्मा न

हिं पाई ॥ शीव समाधि रहे उरझाई ॥ विष्णु जाका अंत न पावे ॥ अलख निरंजन नहि लखिपावे ॥ हरि हर ब्रह्मा गम नहि पाई ॥ सिद्ध साधुकी कौन चलाई॥ योगी योग गर्वते करई ॥ धोखे पाप नर कर्मे परई ॥

समै।

जिहि पैडे पडिंत गये, ताहि गई बहीर ॥ ऊँची घाँटी नामकी, जहाँ चढ़ि रहै कवीर ॥

चौपाई।

जहाँ न ब्रह्मा विष्णु महेशा ॥ तहाँ न शारदा गौरि गनेशा ॥ इनकी आदि कहाँ ते आई॥ काके सुत हैं तीनो भाई॥ शारद गौरि गनेश किमि भयऊ ॥ बिना काम बीज किमि निर्मयऊ ॥ कहाँते

गंगा जमुना संगम ॥ कहाँते आयो योगी जंगम ॥ कहाँतें सिद्ध सेवरा संन्यासी ॥ विनु समझे परे कालकी फाँसी ॥ षट दर्शन कौने मत ठयऊ ॥ घर चीन्हे बिनु मम घर गयऊ ॥ नौ नाथ चौरासी सिद्धा॥का गहि बिनु समझे बिनु अंधा॥

समै।

कौने हुकम चलावा, कहत हौ कर्म ते भिन्न ॥ कर्ता तोहि हजूर है, मोहि नकाहू चीन्ह ॥ धोखे गोरख तुम भये, मुद्रा पहिरे कान॥ कहाँ मिलोगे अलखसो, जब पिंड तजोगे प्रान ॥ बीज अंकुर जहाँ नहीं, नहीं तत्व संभोग ॥ तहाँ जाय कह लेउगे,छोडो झूठा योग॥ अपना बचन आपे लखो, कहत हो पिंड न प्रान ॥ रुप रेख जाके नहीं, कहाँ

तजोगे जान ॥ घटमें बोलता ब्रह्म है, ताको मरम न जान ॥ कर्ता आपे सोइ है, दूर कथे नर ज्ञान ॥

चौपाई।

गोरखउवाच॥सुनिके गोरख चकित भयऊ॥धन्य कबीरजी भल मत ठयऊ। गोरख कहे सुनो गुरु ज्ञानी ॥ बडे बडे सिद्धन योग बखानी ॥ बडे बडे ऋषि मुनि भयऊ ॥ योग ध्यान सब मिलि कहेऊ ॥ निसि दिन बेद बिमल पद गावे ॥ हरि निरगुन सुमति गोहरावे ॥ शीव समान शून्य लौ लावे ॥ अलख पुरुषका दरशन पावे ॥ अवघड़ नाथ महा मुनि योगी ॥ भस्म किया जिन काम बियोगी ॥

समै।

आदि नाथको नाथ मछिंदर, उनको मैं पूत ॥ गोरख मेरो नाम है, मारग है अवधूत ॥

चौपाई।

सुषमनि सापिनि मैं बस कीना ॥ बंकनाल गहि मारग लीना ॥ सहस्र पाँखुरी कमल अनूपा ॥ बसे निरंजन ज्योति सरूपा ॥ यही ध्यान युग युग चलि आवा ॥ तुम यह कौने मती उठावा ॥

समै

काम लोभ दुनियां पडा, योग मता है सार ॥ मैं जागूँ याजगतसो, सोवे नाम हमार ॥

चौपाई।

कबीरौउवाच ॥ सुनु योगी तैं मुक्ति न जानी ॥ झूठी आशा सो मन मानी॥ इ

न बातन बनवे की नाहीं ॥ धोके पडे भ
य लागत माँही ॥ कहो तो भोग कहाँते
आवा ॥ कौन योग ध्यान निर्मावा ॥
रा अक्षर कहाँ ते आवा ॥ मा अक्षर
तहँ कौन मिलावा ॥ छोडो हाट सुनो
कहा हमारा ॥ योगी यती गये यम
द्वारा ॥ शंकर ध्यान थाह नहि पाई ॥
खोजत ब्रह्मा जनम गवाँई ॥ अनेक प्र
कार करे नट बाजी ॥ साच लखे विनु
राज विराजी॥अवधू समझ राखु मन
घेरा ॥भरम भरम कहाँ भटकेरा॥ ज्यो
तिमें तरुवर पेड पुराना॥ ताहिमें गि
रिवर सुमेरु समाना॥ ताहिमें रविशसि
ताहिमें तारा ॥ ताहिमें सात समुद्र
मँझारा ॥ताहिमें देवता ताहिमें देवा॥

बोलन हारा ताहिमें सेवा॥सत्त कर पात्र क्षमा कर झोरी ॥ शील आसन करि दृढ मति मोरी॥रीद्धि सिद्धि के कारन धावो॥पूजो भैरव भूत मनावो॥ इस विधि मुक्ति होय नाहिभाई॥जौ लगि कर्ता नही लखिपाई ॥ कहें कबीर याकूं यम जाने ॥ दूसर कोइ नहीं मन माने ॥

समै ।

अब नहिं भूलो गोरखा,मानो वचन हमार॥ यम बंधन धोखा तजो, तब भल होय तुह्मार ॥

चौपाई ।

गोरखोवाच॥ अब तुम मोहि भली बतावा ॥ तुम यह ज्ञान कहाँते लावा॥ अष्टांगी योग और पांचो मुद्रा ॥ यह गुरु मोहि दीन मछिंद्रा॥ अब तुह्मारा

मता सत करि माना ॥ मैं अवधूत(गोरख)सब जग जाना॥निश्चल पदको मोहि लखावो ॥ मम कर्ता मोहि चिन्हावो ॥ परम ज्योति कहतें हैं ताही ॥ सो साँची पुनि है कि नाही ॥ शिव शुकदेव कौन कूं ध्यावे ॥ बेद अस्तुति कौनकी गावे ॥ अनंत कला कहत है काकी ॥ मोहि बतावो रचना व्हाँकी ॥ अब यह वात मोहि जो लागी ॥ दूसरे दौड़ मीले तुम आगी ॥

समै ।

सो निज बात बतावो, अब तुम होइ दयाल ॥ अस्थिर पद कस पाइये, जहँ नहि काल जंजाल ॥

चौपाई ।

सतगुरु कबीरोवाच ॥ कहे कबीर सु

नु गोरख योगी ॥ कर्ता चीन्हो सब रस भोगी ॥ जहां तत्व तहँ बीज अँकूरा ॥ त्रिगुण सहित है सोइ हजूरा॥पूरन ब्रह्म सकल घट माहीं ॥ बोलनहारा ते दूसर नाहीं ॥ एक अनेक आप हो आवे ॥ ए को चिन्ह कोइ बिरला पावे॥ब्रह्मा चारो वेद प्रकाशा॥ उनहू रोपी दूसर आशा ॥ कर्ता कहिये विष्णु स्थाना ॥ दूसर धोखा उनहू माना ॥ आप आपने सवन सम्हाँरा ॥ उनहूं दूसर भोग पसारा ॥ सुर नर मुनि गन गंधर्व देवा ॥ दूसर सव क र ठाने भेवा॥दूसर धोखा सवन कूँमारे ॥ अध्यातम ज्ञान कोइ विरला धारे ॥ किनहू तीरथ वरत ठहरावा ॥ कोई भोग ध्यान मन लावा ॥

समै।

गोरख आप सह्वारहू, लखो आपमें आप॥ अस्थिर होहुगे आपमें, तजो दूसरा पाप॥ दूसर आसा छाडिके, अविचल राखु शरीर॥ अनंत कला है आपमें, सोहं सत्त कबीर॥ सुनि गोरख सच मानिया, हरषि गहे परतीति॥ अविचल सत्त कबीरहै, जानि परी सब रीति॥ नौ नाथ सिद्ध चौराशी, इनको अनाहत ज्ञान॥ अस्थिर घर कबीरका, यह बिरले पहिचान॥ टोपी कोपीन कूबरी, झोरीझंडा साथ॥ दया करी कबीरने, चढ़ाई गोरख नाथ॥

इतिश्रीग्रंथकबीरगोरखसंवादसंपूर्णम्॥

॥ सत्यकबीरो जयति॥

श्री

अथ श्रीग्रंथभेदसार ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूड़ामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाम,–

साहब,

वंश बयालीसकी दया।

अथ ग्रन्थ भेदसार प्रारम्भः ॥

सोरठा।

सतगुरुवचन ॥ सत नाम है सार, बुझो संत विवेक करि॥ उतरो भवजल पार, सतगुरु के उपदेशते ॥ सतगुरु दीन दयाल, सुमरो मन चित एक करि ॥

छेरि सके नहि काल, अगम शब्द परमान है ॥ बंदो गुरु पद कंज, बंदी छोर दयाल प्रभु ॥ तुव चरनन मन रंज, देत सार जो मुक्ति फल ॥

चौपाई।

सतगुरु वचन॥धरमदास तुम संत सुजाना ॥ तुमसे भाषूँ मूलक ज्ञाना ॥ पानी पवन है ज्ञान हमारा ॥ ताका मैं अब कहूं विचारा ॥ पवन सवही मैं कहूं वखानी ॥ जाकी आदि अंत नहि जानी ॥ सो ग्रंथमैं भाषि सुनाई॥ काहू विरले साधू पाई ॥ पुरुष अंगसे उतपति भयऊ ॥ भिन्नभिन्नमैं ग्रंथन कहेऊ ॥

समै।

पानी पवनकी रचना, जड चैत

न विस्तार ॥ जो कोई चीन्हे भेदको॥ उतरे भवजल पार ॥

चौपाई।

अब पानीका कहूँ विचारा ॥ पवन भेद ले उतरे पारा ॥ राग छतीसो भये हैं जलके ॥ एक बुंद सबही में ढरके ॥ वाहि बुंदते उतपाति भयऊ॥ अमी बुंद काहू नहि लयऊ॥ अमी बुंदका अगम विचारा ॥ ताको नहि पावे संसारा ॥ अमी बुंदको जाने जो कोई ॥ पवन भेद पावेगा सोई ॥ पानी ब्रह्मा विष्णु महेशा ॥ पानी कृष्ण शक्ति और शेशा॥ पानी पांचो तत्व उपजाया ॥ तीन लोकमें जाकी छाया ॥ ये सबही मनकी

१ इसी चरणको अन्य ग्रन्थों में ऐसा लिखाहै॥पानी में निगुणमर्म्म समाया॥

उतपानी॥सो कोइ पावे बिरला ज्ञानी॥

समै।

पानी पवनकी माडहै,तीन लोक बिस्तार॥ ज्ञानी होयसो पावई, इन सो पुरुष है न्यार॥

चौपाई।

मूल सुरति पुरुषसो आई॥तासो सब बाज़ी फैलाई॥बाज़ी कीन्हा अनंत अपारा॥कहां लौं गिनो वार नहि पारा॥ कर्ता काल किये विस्तारा॥ लख चौरासी रूप सवाँरा॥चार मुक़ाम गुप्त पुनि कियऊ॥ताका मरम न काहू लहेऊ॥ सुरति संग सुषमना स्वांसा॥आप हि लीन गगनमें बासा॥ योगी यती कहत सब कोई॥गुपतप्रगट पावत नहिं सोई॥जो निज मूल सुरति कूं पावे॥पर

म पुरुष सोई दरसावे॥मूल सुरति लखे जो कोई ॥ सत्त लोक पहुँचेगा सोई ॥ सुरति सार जब कोइ पावे ॥ भवसागर को भरम मिटावे ॥

समै।

सार शब्द है शिखर पर, मूल ठिकाना सोय ॥ सतगुरु बिना न पावई, लाख कथे जो कोय ॥

चौपाई।

जो काहू पर दाया करों ॥ निमिष माहिं पार लेधरों ॥ पढे गुने कोई भेद न पावे ॥ सत्तगुरु मिले तो अलख लखावे ॥ निअक्षर नाम निज सारा ॥ सुरति सनेही पावे पारा ॥ नाभि कमलसो सुरति लौ लावे ॥ गगन शिखरमें जाय समावे॥निः अक्षर निज स्वांसा कहिये ॥

सुरतिमें धसि निज पद लहिये ॥ बानी चौदा अरब मैं भाखी ॥ सार वस्तु निज न्यारी राखी ॥ काहु काहु मैं दीन चिन्हाई ॥ बिनु बूझे सब गये नसाई॥ पानी भेद में सकल पसारा ॥ उतपति परलय सिर्जनहारा ॥ पानी छाड़ि पवनको गहई ॥ सोई साधु सियाना अहई ॥ आदि पुरुषको चीनो भाई॥ बिन इच्छासे मता उठाई ॥ पानी पवनकी रचना ठानी ॥ ताकेआगे पद निरबानी॥सुनु धरमदास युगती करहू ॥समझि बूझि न्यारा हो रहहू ॥ पवन ज्ञान योग सो लागा ॥ बस्तु न पाये भये अभागा॥पवन ज्ञानसो काया साधी ॥ त्रिकुटी मध्ये करे समाधी॥ तहवां काल पुरुष अस्थाना॥नित्यंप्रति

धरे निरंजन ध्याना॥यही आश योगेश्वर भूला ॥ कैसे गहे सार निज मूला ॥ अब सुनो ज्ञान बीज सो भाखों ॥ पानी ज्ञान प्रगट करि राखों ॥ उतपति सब पानी से होई ॥ पानी रंग लखे नहिं कोई ॥ जो रंग सेती पानी भयऊ ॥ ता रंग काहु खोज ना लहेऊ ॥ बस्तु अरंग रंग सो न्यारा॥अपरंपार पारके पारा॥पानी ज्ञान लगे कंडिहारा ॥ औघट परे बज्रकी धारा ॥ बिना भेद पावे नहिं कोई ॥ सतगुरु बिना न दर्शन होई ॥ मनके ख्याल लगे संसारा ॥ कैसे पावे अपरं पारा ॥ मन योगी मनही अवधूता ॥ यहि मन लाख भूतके भूता ॥ सुर नर मुनि और गन्धर्व देवा ॥ सब लागे यहि मनकी

सेवा ॥ सिद्ध साधक और योगी यती ॥ आगे खोज न पावे रती ॥ पीर पैगंबर कुतुब औलिया ॥ ये मन काल सबको छलिया ॥ कहाँ लगि कहूं जगतकी बाजी ॥ तीन लोक में मनसाहि बिराजी॥ मनकी राह चले सब कोई ॥ निःअक्षर बिनु गये बिगोई ॥ तासो पवन सकल चलि आई ॥ ताकी गम काहू नहिं पाई ॥ पानी भेदमें सकल पसारा ॥ उतपति परले सिरजन हारा ॥ पानी छांडे पवनको गहई ॥ सोई साधु सयाना अहई ॥ आदि पुरुषको चिन्हो भाई॥ तासो पवन सकल चलि आई॥ आदि पानीका करो विचारा ॥ भाँति भाँतिका घाट सवाँरा ॥ पानी तजि अनेक युग गयऊ ॥

सार नाम भेद तुम लहेऊ॥ कहै कबीर सुनो धर्मदासा ॥ मूल भेद मैं कीन प्रकासा ॥ ताकर भेद काहू नहिं चीन्हा ॥ गुप्त नाम तुमसों कहि दीन्ह॥यही नाम तुम राखो गोई ॥ ताकर भेद न पावे कोई ॥ सार नाम पावे निज सोई ॥ जाका सत गुरु पूरा होई ॥ आगम नाम सबहीं ते न्यारा ॥ धरमदास ले पहुँचो पारा ॥ जो कोई हंस नाम निज पावे ॥सोई हंस लोकको जावे ॥ नाम बिना मुक्ति नहिं भाई ॥ सो मैं तुमको दिया चिन्हाइ ॥ यहि नाम चीन्ह जो पावे ॥आवा गमन रहित होई जावे ॥ बार बार मैं कहूं चिताई ॥बिना नाम सब यम पुर जाई॥ नाम कहूं यहप्रगट नाही॥यह निजभेद ह

मारे माहीं॥मरे जिवे के काजमैं कही॥ सत्त प्रतीति यही है सही ॥ धरमदास यह सार बिचारा ॥ भवसागरसे उतरे पारा ॥

समै।

निःअक्षर निज गुप्तहै, कहूं भेद तो इ सार ॥ जो पावे सो बांचिहैं, नाहिं सब काल पसार ॥

चौपाई।

शब्द शब्द सब सृष्टि बखाने ॥ शब्द भेद कोई नहि जाने॥ज्ञानी गुनी कवेश्वर पंडित ॥सबही कहे शब्दका मंडित ॥ शब्द सुरति आये संसारा ॥ आपहि समरत्थ रहे निनारा ॥ शब्द अगम गम कोउ पावे नाहीं ॥ भूलि रहा सब भरम के माहीं॥पांचो शब्द जो पुरुष उचारा॥

मूल भेदहै सबसेन्यारा॥पांचो शब्द पुरु
षसो भयऊ॥जासो भय सो खोज न लय
ऊ॥प्रथम शब्द जो सोहं कीन॥सब घट
माही ताकर चीन्हा ॥ दूसर शब्द
ररंकार उचारी॥ ब्रह्मा विष्णु जपे त्रिपु
रारी॥ तीसर ओंकार शब्द जो भयऊ॥
तिन सबही रचना करि लयऊ॥ शब्द
स्वरूपी निरंजन जाना॥जिन यह किया
सकल वंधाना॥ शब्द स्वरूपी शक्ति सो
बोले॥ पुरुष अडोल कबहूं नहिं डोले॥
पांचो शब्द शक्ति उपजाया ॥ न्यारा
भेद न काहू पाया॥ पांचो शब्द ब्रह्मके
रूपा॥इनके आगे नाम अनूपा॥ पांच
शब्द अटके तब चूरी॥ तब पावेगा शब्द
हजूरी॥ सोहं सोहं जपे वड ज्ञानी॥निः

अक्षरकी खबर न जानी॥सत्त नाम निः अक्षर सारा ॥ सो सबसे है अगम अपारा ॥ ताकर भेद न जाने कोई ॥ बडे बडे सब गये बिगोई ॥पांच ब्रह्मका कह्यो ठिकाना॥सो कोइ बीरले साधू जाना ॥यह पांचो कायामें जाना ॥ ताके आगे पद निरबाना ॥ सबके ऊपर सत्त बिराजे ॥ निःअक्षर ता ऊपर गाजे॥ भँवर गुफा ढिग सोहं सारा ॥ ररंकार है दशवें द्वारा ॥ ओंकार है त्रिकुटी भूपा॥ नयनन माहिं निरंजन रूपा॥इनके आगे भेद हमारा ॥ ताका लहै न कोई पारा ॥ अब निज भेद तोहिं मैं दीन्हा ॥ सत्त सत्त सत्त तुम चीन्हा ॥ ब्रह्मांड को है खेल अपारा ॥ सार नाम ताहूसे पारा ॥

अनंत कोटि तहँ बाजा बाजे ॥ सहज
सिंहाँसन पुरुष बिराजे ॥ पांच शब्द त
हँ चौकी देवे ॥ एक टक ध्यान पुरुषको
सेवे ॥ अपनी अपनी बोले बानी ॥ जो
जिव आसा लागे ज्ञानी ॥ सबी बोलता
ब्रह्म कहावे॥सत्त बोलता कोइ न पावे॥
ते पांचो ऊपर कहि आया॥ ये सब सत्त
पुरुषकी माया ॥ सिद्ध साधक मुनिवर
ज्ञानी ॥ इनकी सेवा सबने ठानी ॥ आ
गम भेद न पावे कोई ॥ फिरि फिरि वा
हि में धाइ समोई॥अगम ज्ञान यहि भेद
अभेदा॥ताकी जुगति न पावे वेदा ॥ अब
एक युक्ति बताऊँ भाई ॥ बूझि लेहू मन
की चतुराई॥मुद्रा पांच अवस्था चारी॥
अपने दिलमें लेउ बिचारी ॥ यह कार

न मनइ ते होई ॥ इनके पार संत है सो
ई ॥ इनको भेद निज कहो बुझाई ॥ को
इक ज्ञानी यह गम पाई ॥ इनमें अट
कि रहे सब कोई॥तीन लोक जो उपजे
सोई ॥ अटकि रहा घाट नहिं सूझे ॥ अ
गम पंथ कैसे करि बूझे ॥ प्रथम मुद्रा
की युक्ति बताऊँ॥ पांच चारिते अलग
लखाऊँ॥ मुद्रा पांच अवस्था चारी ॥
नाम युक्तिहै सबसे न्यारी ॥ चाचरी मु
द्रा नेत्र के माहीं ॥ महा तेज दीसे तेहि
ठाहीं॥ भूचरी बसे त्रिकुटी तीरा॥तहवाँ
चंद सूर दोउ बीरा ॥ खेचरी जिभ्या द
शवें द्वारा ॥ अगोचरी श्रवण माहिं वि
चारा ॥ उनमुनि बसे अकासके माँहीं॥
भोगी वास करे तेहि ठाहीं ॥ पांचो मुद्रा

पांचो ध्याना॥ताके आगे पद निर्वाना॥
चारि अवस्था कहूँ विचारी॥ भिन्न भि
न्न सो न्यारी न्यारी॥ जाग्रतका अबक
हूँ विचारा॥ ज्ञान दृष्टि करि नयन उघा
रा॥सुपन अवस्था देखु सहचारी॥जाग्रत
सुपन ज्ञान विचारी॥ सुषुप्ति भेद दोउन
समावे॥ तुरिया भेद अलगहि ध्यावे॥
पान सोइ पावनं ॥१२०॥ कोटी करोती अश्वमेध यज्ञं ॥ कोटी कल्प सो ध्यानियं॥दशमात्रानां भेद तस्यं ॥ वृथा जीव वृथा नरं ॥ १२१॥ लक्ष सत वेद वाणी॥ कोटी सत्य ज्ञान जुक्तियो॥ कोटी ज्ञान पठंते नित्यं ॥ दशमात्रा ना भुलंते॥ ॥१२२॥नौत्म ज्ञान विचार तस्य॥ दश मात्रा सत्त शब्दयो ॥ एता भेदं न जानंते॥लक्ष लक्ष सो भ्रमते ॥ १२३ ॥

सुक्तिोवाक्य ॥ किं प्रोक्तं नाम सिद्ध ॥ किं प्रोक्तं सार शब्दयो ॥ किं प्रोक्तं दशमात्रा ॥ किं प्रोक्तं सत ध्यानीयं ॥१२४॥ किं प्रोक्तं समह्लांत जग्यं ॥किं प्रोक्तं सत समागमः ॥ किं प्रोक्तं शिव शक्ती॥ किं प्रोक्तं घट स्थीरयं॥१२५॥

श्रीसत्यसिधोवाक्यं ॥ आबोल प्रोक्तं नाम सिद्ध ॥ निरख प्रोक्तं सार शब्दयं ॥ द्रिष्ट प्रोक्तं दशमात्रा सहज प्रोक्तं सत ध्यानियं ॥ १२६ ॥ विधि प्रोक्तं सन्हातु जग्यं ॥ भोग प्रोक्तं सत समागम्यं ॥ जुक्त प्रोक्तं शिवशक्ति॥ प्रेम प्रोक्तं घट स्थीरयं ॥१२७॥एता भेद जेता प्राणी॥सत्य वाक्य सो अस्थीरं ॥सर्व दुःख भवे नास्ती॥प्रासेच सत सागरं॥१२८॥ मूल सिध्यं पढते नित्यं॥ उग्रग्यान सो धारणं ॥ प्रजंत बुद्धी सदा काया॥ सर्व दुःख निवारणं ॥ १२९ ॥ प्रातःकाले पठंते सिद्धी ॥ मध्यान काले सुखे जहजं ॥ संध्या काले पठंते मुक्ती ॥ सम द्रिष्टी सो सतगुरु॥१३०॥ अस्तुति ना

म न जानंते ॥ गंम्या अगम्यां तु वंधा रणं ॥ अक्षेर्वाक्यं तोयं सुक्रितं ॥ सत्य चरण सुवंदिते ॥ १३१ ॥ सुकृतं श्रोता मुनी समझाये ॥ त्रेतायुग आयोध्या धामं ॥ उत्तर दिशा मघर अस्थानं ॥ प्रथम राम औतारकं ॥ १३२ ॥

इतिश्री ग्रन्थ ॥ दशमात्रा आद
स्तोत्रं माहा मंत्रं ॥ उग्रग्या
न मूल सिद्धांत सुमरण
ध्यानं॥१३३॥संपूर्ण॥
सत्तनामः ॥

॥ सत्यकबीरो जयति॥

श्री

अथ श्रीग्रंथआदभेद॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूड़ामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाम,–

साहब,

वंश वयालीसकी दया।

अथ श्रीग्रन्थआदिभेदग्यान विवरन॥

साखी।

धर्मदास कर जोरिके, बहु विधि कीन प्रनाम॥ उतपत्ति निर्णय भेद सब, सतगुरु कहो बखान॥ कहे कबीर धर्म दाससे, तुम सुनहू चित लाय॥ आदि अन्त की निर्णय, सो सब कहुं समझा

य ॥ प्रथम पुरुष उतपन किये, पंच अ
मी अस्थूल ॥ षोडस सुत निर्माइया,सु
रति शब्द गहि मूल॥ प्रथम पुरुष के
त्रिकुट सो, सहज अंकूर उतपन भयो॥
बीज बुंद ताको दियो, सब रचना
प्रवान ॥ सुनो धर्मदास ॥ प्रथम पुरुष
के मुखसो, सहज सुरति भई ॥ ताको
बीज बुंद दियो, तासो सर्व रचना आ
ई ॥ तासो सात करी भई ॥ करीके ना
म सुनो ॥ पोहोपकरी १ ॥ मूलकरी
२ ॥ अमोलकरी ३ ॥ सुगरकरी ४ ॥सु
ख सागरकरी ५ ॥ पंगज करी ६ ॥ मं
जुलकरी ७ ॥ दूसरे सम्रथके नेत्रसो ॥
इच्छा सुरति भई ॥ ताको जावन बुंद
दियो, तासो पांच अन्ड भये॥ तीसरे स

म्रथके श्रवनसे॥ मूल सुरति भई, ता
को अबोल बुँद दियो ॥ तासो पांच अ
न्ड पोखे॥ तिन सो पांच अंस भये॥सो
एकएक अंस॥एकएक अंडमो आयो॥
चौथे समथके नासकासो॥ सोहँ सूरति
भई॥ ताको औहँ बुँद दियो॥ तासो पां
च अंड फोरे ॥ तासो आठ अंस भये॥
अंसनके नाम सुनो॥ जेठे अचिंत १ ॥
दूसरे जोहँग २ ॥ तिसरे अकह ३॥ चौ
थे सुकृत ४॥ पांचवे हिरंबर ५॥ छट्ठे अ
क्षर ६ ॥ सातवें योग माया ७ ॥
आठवें निरंजन ८ ॥ सूनो धर्मदास॥
प्रथम तेज अंड ॥ अचिंतको दियो॥
अंडको प्रवान पालंग बारह १२॥ ति
नके वंस नौ ९ ॥ वंसनके नाम प्रथम

प्रमाया १ ॥ दूसरे कूर्म २॥ तीसरे अ
दल अष्ट ३ ॥ चौथे निरंजन ॥ ४ पांच
वे नभ ५॥ छठये समीर ६ ॥ सातवें ते
ज ७॥ आठवें नीर ८॥ नौमी पृथ्वी
९॥ दूसरे जोहंग अंस, ॥ तिनको बैठ
क धीरज अंड दियो ॥ अंडको प्रमाण॥
पालंग पचीस २५ ॥ तिनके वंस सोल
ह ॥ वंसनके नाम ॥ प्रथम अजर म
नि १ ॥ अगम मनी २ ॥ हंस मनी ३॥
चंद्रमनी ४ ॥ छत्रमनी ५ ॥ आपमनी
६ ॥ पेखमनी ७॥ अलीतज मनी ८॥
शीतल मनी ९ ॥ भृंग मनी १०॥ कं
ठ मनी११ ॥ केलीक मनी१२॥ गंग म
नी१३ ॥ बीहंग मनी १४॥ सोम मनी
१४ जलरंग गोसाईं १६ ॥ तीनको रा

ज धीरज अंड दियो ॥ चौकी पाताल पांजी॥ तीसरे अकह अंस॥ तिनको बैठक क्षमा अंड दियो ॥ अंडको प्रवान ॥ पालंग व्यालीस ॥ इनके बंस सत्तावीस २७ ॥ बंसनके नाम ॥ प्रेम १ ॥ हुलास २ ॥ आनंद ३ ॥ बीसू ४ ॥ हेतू ५ ॥ प्रीति ६ ॥ निरख ७ ॥ बिबेक ८ ॥ सत्त ९ ॥ क्षमा १०॥ धीरज ११॥ अनंद १२॥ शील १३ ॥ संतोष १४ ॥ सुमति १५ ॥ बुद्धि १६ भाव १७॥ भक्ति १८ ॥ दया १९ ॥ ज्ञान २० ॥ क्रिया २१ ॥ बिचार २२ ॥कपनी २३॥ लेसूर २४ ॥ लयभेद २५ ॥ मोक्ष २६॥ सुमति २७ ॥ तिनको राज क्षमा अंड दियो॥ ॥ पुरुषके हजूरी ॥ चौथे सु

कृत अंश॥तिनको बैठकसत्त अंड दियो॥ अंडको प्रवान ॥ पालंग बहत्तर ७२॥तिनके बंस ब्यालीस ४२ ॥ बंसनके नाम ॥ चुरामनि नाम १॥ सुदर्शनाम २॥ कुलपति नाम ३ ॥ प्रमोदगुरु नाम ४॥ केवल नाम ५॥ अमोल नाम ६॥ सुरति सनेही नाम ७॥ हक्कनाम ८ ॥ पाक नाम ९ ॥ प्रगट नाम १० ॥ धीरजनाम ११ ॥ उग्र नाम १२ ॥ दया नाम १३ ॥ ग्रीधमनि नाम १४॥ प्रकाश नाम १५ ॥ उदितमनि नाम १६ ॥ मुकुंद मनी नाम १७॥ आध नाम १८ ॥ उदय नाम १९ ॥ ज्ञान नाम २०॥ हंसमनि नाम ॥ २१ ॥ सुकृत नाम २२ ॥ अग्रमनि नाम २३ ॥ रस नाम २४ ॥ गुंग

मनि नाम२५॥ पारस नाम२६ ॥ जाग्र
त नाम२७॥ श्रींगमनि नाम२८॥ अ
कह नाम २९ ॥ कंठमनि नाम ३० ॥सं
तोषमनि नाम३१॥ चात्रिक नाम३२॥
दधी नाम ३३ ॥ नेह नाम ३४ ॥ आदि
नाम ३५॥ महा नाम ३६ ॥ निज ना
म ३७॥ साहेबदास नाम ३८ ॥ उधव
दास नाम ३९ ॥ करुणा नाम ४० ॥ उ
र्द्ध नाम ४१ ॥ दीर्घ नाम ४२॥ महाम
नि नाम ४३ ॥ तिनको राज सत् अंड
मो दियो ॥ चौकी लोक पांजी ॥ पांचवे
हिरंबर हंस ॥ तिनको बैठक सुमति अं
डमो दियो॥ अंडको प्रमान पालंग चौ
सठ ६४ ॥ तिनके वंस सात ७॥ बंसन
के नाम ॥ प्रथमे पारस १ ॥ दुसरा स्वा

तिसनेही २ ॥ तीसरा भ्रींग सनेही ३ ॥ चौथा लहरसींधुर ४ ॥ पांचवा दीपक जोति ५॥ छठा जल भाव ६ ॥ सातवां मलयागिरि ७॥ तिनको राज सुमति अंडमों दियो ॥ पुरुषके हजूरी॥ ये पांच अंसके एकोत्तर वंस॥ सोलह सुतके नाम सुनो ॥ प्रथम सहज अंस १ सूजन अंस २ ॥ भ्रींगमनि अंस ३ ॥ पक्षपालन अंस ४ ॥ श्रवन लीला अंस ५ ॥ सवींग सुरति अंस ६ ॥ भाव नाम अंस ७॥ सुरति सुभाव अंस ८ ॥ संतोष सुजान अंस९॥अक्षर सुभाव अंस१०॥ कदल ब्रह्म अंस ११ ॥ दया पालन अंस १२॥ प्रेम अंस १३॥ कूर्म अंस १४ ॥ जलरंग अंस १५ ॥ अष्टांगी अं

स १६ ॥ ये सोलह अंस पुरुष सो भ
ये ॥ सुनो धर्मदास जिनके नाम लो
कमे जोहंग अंस है सो भवसागरमें
गुरु चतुर्भुज गोसाँई कहें ॥ तिनके वंस
सोलह १६ ॥ दक्षिन दिसा सामवेद प
लक्ष द्वीप दरभंगा शहर ॥ तहां प्रगट
भये ॥ तिनको मूल ज्ञान बखानी ता
बानी पथ चलावे, ब्राह्मन कुल प्रगट भ
ये ॥ सोरह वंस गुरुवाई करे, भवसागर
सो हंस उबारे ॥ दूसरे नाम लोकमें अक
ह अंस कहिये, भवसागरमें गुरुराय बं
केज गोसाँई ॥ तिनके वंस सत्तावीस
२७ ॥ पूरब दिसा यजुर्वेद ॥ कुसद्वीप
कर्नाटक शहर है तहां प्रगट भये काय
स्थ कुल ॥ तिनको टकसार ज्ञान बा

नी ॥ ता बानीले पंथ चलावे ॥ सत्ताबी
स वंस गुरुवाई करे ॥ भवसागरसो हंस
उबारे ॥ तीसरे नाम लोकमे सुकृत अं
स कहाये ॥ भवसागमे गुरु धर्मदास
गोसाइँ कहाये ॥ तिनके वंस ब्याली
स उत्तर दिसा जंबूद्वीप ॥ भारत
खंड ऋगवेद ॥ गढ बांधो शहर तहां
प्रगट भये ॥ तिनको कोटि ज्ञान बा
नी ॥ ता बानी पंथ चलावे ॥ वैश्यकु
ल प्रगट भये ॥ वंस ब्यालीस गुरुवाई
करे ॥ भवसागरसो जीव उबारे ॥ चौथे
नाम लोकमें हिरंवर अंस कहाये ॥ भ
वसागर गुरु सतेजी गोसाईं ॥ तिनके
वंस सात ७ ॥ पश्चिम दिसा अथरवन
वेद ॥ सिलमिली द्वीप मानिक पूर श

हर तहां प्रगट भये ॥ तिनको बीजक ज्ञान बानी ॥ ता बानी ले पंथ चलावे ॥ क्षत्री कुल प्रगट भये ॥ सात बंस गुरु वाई करे ॥ भवसागर सो हँस उबारे ॥ सुनो धर्मदास पुरुष सोहँसो ॥ दस सोहँ भये ॥ प्रथम पुरुष सोहँ १ दुसरे सहज सोहँ२तीसरे इच्छा सोहँ३॥चौथे मूल सोहँ४॥पाचवे ओहँ सोहँ ५॥छट्ठे अचिंत सोहँ६॥सातवे अक्षर सोहँ ७॥ आठयें निरंजन सोहँ८॥ नवेंमाया त्रिदेव सोहँ ९ ॥ दसवें जीव सोहँ १० ॥

चौपाई।

ये दश सोहँ काया वासी॥गुरु गम शब्द करो प्रकाशी॥ धर्मदास मैं कहूँ बुझाई॥ सात सुरति को भेद बताई ॥ प्रथम सहज सुरति उतपाने १ ॥ दुसरी इच्छा

सुरति बखाने २॥तीजी मूल सुरति जो भयऊ ३ ॥ चौथे सोहँ सुरति निर्मय ऊ ४ ॥ पांचवे सुरति अचिंत उपजाई ॥ ५ ॥ अक्षर सुरति छठे निर्माई ६ ॥ सातवें सुरति निरंजन भाखी ७ ॥ आठवें सुकित सुरति जो राखी ८ ॥ नौमें सुरति नवतम प्रगटाई ९ ॥ पुरुष अंश मुक्तामनि आई ॥ नवतम सुरति को भेद अपारा॥धर्मदास तुम करो विचारा ॥ नवतम मुक्ति सनेही आई ॥ भवसागर सो जीव मुक्ताई॥सुनो धर्मदास पुरुषके त्रिकुटीसो॥ अंकूर उतपन्न भया पुरुषके नेत्र सो ॥ इच्छा सुरति भई ॥ पुरुषकी नासिका सोसोहँ सुरति भई ॥पुरुषके श्रवनसो मूल बखानी ॥ मुख सो अ

चिंत निर्माई ॥ अचिंत अंस प्रेम सुरति तेज अंड पायो ॥ जोहँ अंस सोहँ सुरति ॥ धीरज अंड पायो ॥ अंकूर अंश मूल सुरति ॥ क्षमा अंड पायो ॥ सुकृत अंस इच्छा सुरति॥सत् अंड पायो ॥ हिरंबर अंस अंकूर सुरति ॥ सुमति अंड पायो ॥ इति उत्पत्ति कथा ॥

चौपाई।

धर्मदासो बचन ॥ धर्मदास बिंती अनुसारी ॥ जीवन मुक्ति प्रभु कहो विचारी ॥ करनी रहनी हँसकी कहिये ॥ गहनी चाल सबे निर्वहिये ॥

कबीरोवाच ॥ जीवन मुक्ति कहूँ प्रकासा ॥ प्रथम दिन बन्दा भक्ति समाई ॥ नौधा भक्ति करे चितलाई ॥ प्रथम करे गुरु भक्ति अमाना ॥

दूजे भक्ति संत सन माना ॥ तीजे ना
म सनेही रहाई ॥ चौथे जीव दया नि
दआई ॥ पांचवें माया बिरक्त रहाई ॥
छठयें ज्ञान विवेक समाई ॥ सातयें गहे
शब्द सत्त वक्ता ॥ आठयें सर्व मह आत
म समता॥नौवें शील सनेह रहाई॥काम
क्रोध मद लोभ बिहाई ॥ सुनो धर्मदास
भक्ति प्रमानी॥काया करके सेवा ठानी॥
माया करके सेवा करई॥मनसो सुमरन
हिरदे धरई ॥ मुखसो अस्तुति करे बखा
नी ॥पावे मोक्ष भक्ति सहि दानी ॥ यहि
विधि मुक्ति होय जिव केरा ॥ धर्मदास
मैं कहा निवेरा ॥

बार्तिक ॥ मुक्तिको प्रवाना ॥ वैराग
करके, जोग करके, ज्ञान, करके विज्ञान

करके, भक्ति करके, मोक्ष ग्रामी हो य ॥ जीव दया करे, तन करके कोई कूं ना दुखावे ॥ मन करके कोई कूं ना दुखावे ॥ बचन करके कोई कूं ना दु खावे ॥ ये तीन हिंसा जीते तब मोक्ष ग्रामी होय ॥ आतम पूजाकरे, परमा र्थ करे, सम दृष्टि होय, सबकी सेवा क रे, तब मोक्ष ग्रामी होय ॥ साधु सेवा करे चार प्रकारसो, तनसो मनसो धन सो बचनसो ॥ संत समाज जोरे, सबके चरन पखारे, चरनामृत लेवे, सबको भोजन देवे, सबको सीत प्रसाद लेवे ॥ गुरु सेवा करे चार प्रकार सो ॥ तनसो मनसो धनसों बचनसो गुरुको चरना मृत लेय॥ महा प्रसाद लेये ॥ गुरुको

अमी उगाल लेवे ॥ आज्ञा कारी रहे ॥ नामभक्ति करे चारप्रकारसो ॥ तनसो, मनसो,धनसो वचनसो नामको सुमरन करे ॥ नामकी स्तुति करे,नामसो स्नेह करे ॥ जैसे चंद और चकोर ॥ जैसे स्वाती और सीप ॥ जैसे जल और मीन ॥ ऐसी प्रीति करे ॥ बिरहकी अग्निमें जरे ॥ तासो नाम सनेही क हिये॥ये पंच सनेही करे तब॥ मोक्ष ग्रामी होय ॥

चौपाई।

धर्मदास मैं कहा बिचारी ॥ छै स्नेह सो हंस उबारी ॥ (वार्तिक) प्रथम भक्ति सो स्नेह करे ॥ दूसरे पानसो स्नेह करे॥ तीसरे पांजीसो स्नेह करे ॥ चौथे ज्ञान सो स्नेह करे ॥ पांचवे अन्न सो स्नेह करे॥

छुट्टे नामसो स्नेह करे॥ ताको जीवन मोक्ष होय ॥

चौपाई।

धर्मदास मैं कहा बिचारा ॥ सतगुरु मिले तो पावे पारा ॥ जो गुरु मिले तो संशय टूटे॥ ताको कबहूं यम नहिं लूटे॥ जो यह रहनी गहे समारी ॥ कहाँ पुरुष कहाँ है नारी॥ गहे प्रीति सो नाम लौ लावे॥ भव सागरको भय मिटिजावे॥ गुरु प्रतापे तार पहिचानी ॥ और सकल मिथ्या भरम जानी ॥ गहे एक तार सब्द टकसारा॥ सुरति निरति गुरु गम बिस्तारा॥ बिनु रसनाको जापस माई ॥ कहे कबीर सो सत्त कहाई ॥

साखी।

जब लग नहीं बिवेक मन, तब लग लगे

ना तीर ॥ भवसागरके भीतरे, असक थि कहे कबीर ॥ साधु संगे के गुरु संगे, अंत समयको नाम ॥ कहे कबीर यहि जीवको, तीन ठौर बिश्राम ॥

चौपाई।

कहे कबीर हंस पति राई ॥ धर्मदास सुनियो चित लाई ॥ चार मुक्ति जो बेद बखाना ॥ चार मुकाम कहूँ परवाना ॥

छंद।

मान सरोवर सुमेरु नीचे, सालोक मुक्ति बखानिये ॥ हंस दिया तहँ वास कीनो बाम मारग जानिये ॥ सामीप मुक्ति बैकुंठ है, जहाँ तीन देव बिराज हीं ॥ निर्बान मारग पंथ गहि, ऋषि देव मिलि सुख छाजहीं ॥ बैकुंठआगे कैलाश सुंन्नहै, सारूप मुक्ति कहावही ॥

आद्योमारग पंथ गहि, तब ज्ञोति समा वहीं ॥ सुन्यते सायुज्य मुक्ति है, जहां अक्षर धाम है ॥ अनुभव कथे आतम बिचारे, पहूँचे तेहि ठामहै ॥

सोरठा।

चार मुक्तिके पार, पहुँचे सतगुरु धाम हो ॥ हंस सुरति आधार, पहुँचे सुख सिंधु है ॥ गो गोचर गोतीत, शब्द रूप सबमें वसे ॥ गुनातीत गोतीत, सतगुरु पद पंकज रुचिर ॥

छंद।

अमर लोकते सहज सूरति, असंख एक दश लाख है ॥सहजते अंकुर सुरति, असंख दोय बिस्तार है ॥ अंकुरते असंख चारि, मूल सुरति वीराजिहै ॥ मूलते सोहं सुरति, असंख पांच निवास है ॥

सोहंते असंख तीन, अचिंत सुरति रहे जहाँ हो ॥ अचिंत ते अक्षर सुरति ॥ असंख एक कही तहाँ हो ॥ सुरति अक्षर ते निरंजन एक पालंग जानि ये ॥ सुन्नते वैकुंठहै, दश अष्ट कोटिबखानिये॥

सोरठा।

मान सरोवर जान, चौविस सहस्र नीचे रहे॥ दिया अंस बखान ॥ मीन चौसठ निरतही ॥ सोल असंखके पार, जहँ वह पुरुष बिराजहीं ॥ लहे सोही दीदार, सार शब्द गहि हंस जो ॥ मुकाम अव्वल सुनाहूं॥धर्मनी ईसमना सुतका मूसा तहँ पैगंबरा, पढते कुरान तौ हेतिका ॥ दोयम मुकाम मलकूतहै, ईसा जग पैगम्बरा ॥ इञ्जील नाम कुरान है, लेदस्त पढते आखिरा ॥ दाउत बैठे पै

गंबरा॥ तुरुत दर्शत कुरानदेखी॥ सुनो धर्मनीनागर॥ चौथा मुकाम लाहुतहै, जहांमूसा पैगंबरा॥ फुरकाम ईस मुकामहै॥ कही कहत आलाहा जाहांताहां॥

सोरठा।

अचिंत आहुत मुकाम है, बहुत सोहंग घामहै॥ साउद मूलके धाम है, राहुत इच्छा सुर्त है॥

सोरठा।

आहूत सहेज धाम है, जाहूत लोक आमरा॥ पुरीहंस पुरुषके ध्यानघरे, पीवही अमी अघायके॥

चौपाई।

तहँ वह जाय बहुर नहिं आवहि॥सत पुरुष के सुर्त समावहि॥ अमृत भोजन करे अहारा॥ अंबर चीर बहुविधि बि

स्तारा॥ है सतलोक हिरंवर काया॥एक हि रुप सबे निर्माया ॥ षोडस भान हंस उजियारा ॥ सतपुरुष अग्रान अहारा ॥ सोही मुक्त सतधुंड लेई ॥ अजर अमर खसु बिलसे तेई ॥

साखी।

सत्राखंडके ऊपरें, सोला असंखके पार ॥ चार मुक्तसो भिन्नहै, अँवर लोक बिस्तार ॥इतिश्री ग्रंथ आदभेदसंपूर्ण ॥

श्री

अथ श्रीग्रन्थ कायापांजी ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूणामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाम,–
साहब,
वंश बयालीसकीदया।

अथ श्रीग्रन्थ कायापांजी प्रारम्भः ॥

चौपाई।

धर्मदासो बचन॥धर्मदास इक बिनती कीना॥काया पांजीपुछके लीना॥ काया पांजीका कहो विचारा ॥तामे सुर्त करूं पैठारा॥ काया पांजीका भाखो लेखा॥ मैं अपने घट करूं बिबेखा ॥ करि विवे

क तहँ सुर्त लगाऊं॥ जो पांजो घट द्वार कूं पाऊं॥ पाऊँ घाट सुरतके द्वारा॥ तब शब्दमें करूं पैठारा॥ सुरतहि गहि राखों ताहांवाहां॥ सार शब्द मूलनिज जहां वहां॥ घाटबिना कित जाऊं भाई॥ बिन जाने कहँ जाउँ समाई॥ कैसे पाऊँ शब्दके घाटा॥ बिन जाने कहां पाऊं बाटा॥ शब्दके अग्र अगम है भाई॥ बिन पाये सबगये हराई॥ पाऊं द्वार शब्द को टीका॥ और सकल मोहि लागे फीका॥ पाऊं मूल जहँ होय उचारा॥ सो पाऊं चढ कौने द्वारा॥ भाखहुँ द्वार सुमेर वखानी॥काहां वाहांते सुमेर पुनिजानी॥ कहां वहांते आकास करलेखा॥ सो मोहिं ग्यानी कहो विवेखा॥

साखी।

धर्मदास बिनती करै, साहेब कहो समुझाय॥ जाहांमें सुर्त लगाऊं, शब्दमें रहूं समाय॥

चौपाई।

सतगुरु कबीरो वचन॥ धर्मदास मैं द्वार चिनाऊं॥ शब्द सुर्तको भेद बताउं॥ चन्द्र लगनका कहूं बिचारा॥ ताहां होइ सुर्त करो पैठारा॥ चन्द्र द्वार होइ आवहु जाई॥ एकहि घाट रहा ठैराई॥ दोउ सुर आन करो एक घाटा॥ चन्द्र द्वार होइ पावो बाटा॥

धर्मदासो वचन॥ कौन घाटमें चन्द्र रहाई॥ कौन घाटमें सुर तहाँ पाई॥

चौपाई।

संतगुरुवचन॥बांये घाट चन्द्रकोवा

सा ॥ दहिने सूर करै प्रकासा ॥ दोउ सुर साध करै जब भाई ॥ वामें सुर होय सुर्त चढाई ॥ तब डोर शब्द सुर्तको पावे ॥ अगम पंथ चढ बैठे आवे ॥ अगम पंथ बामें सुरजाई ॥ धर्मदास तुम गहो ब नाई ॥ गहो डोर काटो जम फासी ॥ पहुँचो लोक मिटै चौराशी ॥ बामे सुर होय करो पयाना ॥ सोहँगम सुर्त होइ अगवाना ॥

साखी।

कहे कबीर धर्मदाससो, ऐसा साधो ध्यान ॥ आगे गमन बताऊं, देखो पुरुष पुरान ॥

चौपाई।

सतगुरु बचन ॥ धर्मदासमैं भेद बताऊं ॥ ठीकाठीक सकल अर्थाऊं ॥ भाखूं

सार शब्दको बासा ॥ धर्मदासमैं कहूँ प्रकासा॥गहो तत् तहाँ करो तुम बासा ॥ मथो तत् तुम हो धर्मदासा ॥ तत्त मथो तुम तत्त सो भाई ॥ पुनि आगेकी राह चलाई ॥ तत्त मथो तुम हँस हमारा ॥ ताते उतरो भव जल पारा ॥ मथो तत्त तुम गहो बनाई ॥ यही भेद कोइ बिरले पाई ॥

धर्मदासो बचन ॥ ग्यानी मोहिं कहो समझाई ॥ यही अर्ज मैं करूं गोसांई ॥ कहाँ वहाँ है ततको बासा ॥ ग्यानी मोहिं करो प्रकाशा ॥

सतगुरु बचन ॥ बामेंसुर साध चढै आकाशा ॥ त्रिकुटीमध्ये तत्तको बासा॥ त्रिकुटीमध्ये तत्त रहाई ॥ तहाँ सुर्त सो

देखो जाई ॥ त्रिकूटीमध्ये तत्तको स्थाना ॥ तेहि मध्य आगे देहु पियाना ॥ सुर्त नाल चले बल भारी ॥ मत्तके तत्त कपाट उघारी ॥ तेहि आगे सुमेर बखाना ॥ वरनो द्वार सुई प्रवाना॥ओही द्वार को सुर्त चढावो ॥ अगम पंथ भेद पुनि पावो ॥ त्रिकुटी आगे मेरु बखाना ॥ तेहि ऊपर आकाश निधाना ॥ अँगुल चार अकाश प्रवाना॥ धर्मदास तुम निज के जाना ॥

धर्मदासो वचन॥अब अकाशका भाखो राहा॥हम अजान कह जानेथाहा॥

सतगुरु बचन ॥ अब अकाशका भाखूं लेखा॥ तहँ वहँ सुर्त कँवल निज देखा ॥ वहाँ धर्मराय अस्थाना ॥

बामें सुर होय करो पयाना ॥ सुर्त कँवल सुमेरु इक आगे ॥ बिहंगम डोर तहांती लागे॥सुरत कँवलको रूप बखानो॥एक चंद्र आभा उनमानो ॥ वही कँवलमें झलके चंदा ॥ सुर्त चढाय तुम करहु अनंदा ॥ तहां वह डोर शब्दकी पाई ॥ सुर्त संजोगसे देखो चढाई ॥ सुर्त नाल है वड बलियारा ॥ शब्दहीन कैसे होय पारा ॥ मध्य लिलाट धर्म बटपारा ॥ शब्दै काहे न करो बिचारा ॥ बामें सुर्त कँवलको पावो॥ तेहि आगे पुनि ध्यान लगावो ॥ तेहि ठिकानें सुर्त कँवल को लेखा ॥ सुर्त संतायन तहांसो पेखा ॥ ताका भेद मैं देहुं बताई ॥ सोई प्रमान द्वार निरमाई ॥ धर्मदास मैं कहूं

विचारी ॥ तिल प्रमान तहां लगी किं वारी ॥ तेहि किंवार मूंदो है घाटा ॥ चढै सुर्त तब पावै बाटा ॥ सोहँग सुर्त ले चले सँभारी ॥ तिल प्रमान जहां खुलै किंवारी ॥ नाशिका नाल होइ सुर्त जेहि धावे ॥ खुलै किंवार पुनि बाहर आवे ॥

साखी।

सतगुरु भेद बतावहीं, सो पावे वो हो द्वार ॥ कहे कबीर धर्मदाससे, उतरो बहुजलपार ॥

चौपाई।

धर्मदासो वचन ॥ धर्मदास चरनों चितलाई ॥ अगमग्यान तुम मोहि सुनाई ॥ अब मैं गहूं हो सुर्त बनाई ॥ ऐतो ठिकान चीन हम पावा ॥ तुम प्रताप गमसबही आवा ॥अब आगेका क

हो बखाना॥मूल शब्द जहाँ पाऊँ ध्या
ना॥जेहि ते शब्दमें जाउँ समाई॥ तवन
हि गम मोहि देहुबताई॥भाखो मूलजा
हुँबलिहारी॥ मूलशब्दमैं गहूं समारी॥
सुर्त कँवल लो गम तुम भाखो॥ सुर्त स
मार अपने चितराखो ॥ अब आगेकी
भाखौं राहा॥ हम अजान का जाने था
हा॥ तुमरे कहे हम जाना भाई॥ तुम
जानो सो कहो बनाई॥

साखी।

तुम करलीजे मुक्त,मैं करु सुर्त समा
र॥ सकल पसारा त्यागके, छांडो काल
पसार॥सतगुरुकी दया भई,पाये पदनि
र्बान ॥ आगेगम बतावो, सतगुरु बच
न प्रमान ॥

चौपाई।

सतगुरु उवाच॥ सुर्त कँवल सो आगे भाखूं॥तुमसे गोय कछू नहिं राखूँ॥ सुर्त कँवलसो निकसे भाई॥ विहंगम डोर चढे चितलाई ॥ विहंगम डोर वायें दिसजाई॥तुम सूं कहूं भेद अर्थाई ॥सुर्त कँवल जो करै ठिकाना॥ आगे सो जाने परमाना ॥ अछय वृच्छ तहँ लागा भाई ॥ तहां दवना मरवा रहा छिपाई॥

साखी।

दवना मरवा गुलाव है, गुलाव चंबेली वास ॥ तहां वहां आछे वृच्छ है,वरनो वास सुवास ॥

चौपाई।

अछय वृक्ष है कवने रंगा॥ स्वेत स्वरूप रूप परसंगा ॥ स्वेत स्वरूप त

हां देखो भाई ॥ आगे भेद अमीतेहि ठाई ॥ ऐसा अलख लखे जो कोई ॥ जरा मरन रहित सो होई ॥ डोर विहंग म तहां ते आई ॥ अकह कँवलमें रहे स माई ॥ श्रवन ऊपरै कहूं ठिकाना ॥ तहां वहां (झिंगुर) शब्द करै घमसा ना ॥ बामें सुर्त कँवलके ठाई ॥ इतना तुम कूं देहुँ चिन्हाई ॥ अर्ध कँवल उर्धमुख जोरा॥ताहां वाहां मूल(शब्द) करे घनघोरा ॥ धर्मदास तुम करो स मारा ॥ अकह कँवल तें शब्द उचारा॥ ताकी सुर्त धर्मनी तुम धरऊ॥ हो धर्म नी तुम शब्द गहेऊ॥ तवन शब्दमें दि या बताई ॥ ओही डोर ले आगे जाई॥ सबी दिसा लागीहै ताही ॥ यही डोर

गहि मिलिये वाहीं ॥ बिहंगम डोर स
ब्दमे लागी ॥ झिंगुर सब्द उठे घनगा
जी ॥ अकह कँवलहै श्वेत सरूपा ॥ ताहे
जोतका कहूँ निरोपा ॥ अकह कँवल
का भाखूं लेखा ॥ छतीस पांखुरी ताक
र लेखा॥मोती झलके बरनि न जाई ॥
चहुंदिस जोति चमक्के आई ॥ छतीस
पाँखुरी का विस्तारा॥आपआप मुखरा
ग उचारा ॥ तेहि भीतरका भाखूं ना
ला ॥ अजपा उठे चमक तहाँ लाला ॥
वांहि उजयार दीपककी रीती ॥ देखो
जाय सुरतके प्रीती ॥ आभाव उठे सो
बरनि न जाई ॥ तुमको दीनो अलख
लखाई ॥ भीतर कँवल होय उचारा ॥
मूल सब्द जहँ करै झनकारा ॥ उपजै

लाल ताहां मोती हीरा ॥ तहां बसै पु
नि हमहि कबीरा ॥ मोतीकी झालर उ
पछाजे ॥ भीतर शब्द जो मूल बिरा
जे ॥ अकह कँवल तेहि केर ठिकाना ॥
ताहां गुज कँवल होय बंधाना ॥ ताक
र अभाव बरनिन जाई ॥ कोटिन भा
नकी जोति छिपाई॥ अस उजियार कँ
वलमें होई ॥ ताकर मरम न जाने को
ई ॥ ऐसा टीका भेद भी न्यारा ॥ देखो
जाय सकल उजियारा ॥ ओही ठिकान
सुर्त करध्याना ॥ तामें गुप्त होय जाय
समानां ॥ राई प्रमान जो बैठेजाई ॥
हो धर्मनि मैं दीन्ह लखाई ॥ अकह कँव
ल तहां वहां प्रकासा॥तामे निह अच्छर
को वासा॥ दोय कँवल मुखही मुख जो

रा॥बहु गुंजार शब्द घनघोरा॥गुप्त नाम जहां करे गुंजारा॥ सूलशब्दका होय झंनकारा ॥ गुप्त नाम झनकार तहां देखा ॥ मूल शब्दके झर तहां पेखा ॥ ओही गुंजार अकह में आवे ॥ मूल शब्द झनकारकरावे॥ तेहिमें तीन बरन उजियारा ॥ फोई गीरे अग्रकी धारा॥ फूटे अग्र धार तहँ भाई॥सबी बिलोकहु कहुं समुझाई॥ सुर्त संजोगी पीवे अघा ई॥ जाते तत्त दूर हो जाई॥ अकह कँव लमें करै झनकारा॥ सहज पिवे अग्रके धारा॥ झलके अग्र तहां निज मूला ॥ उन समान कोउ और न तूला॥ ओही निज जपो अजपा जापू॥ पोहोचे लो कमिटे संतापू ॥ निरखो तहां अग्रकी

धारा ॥ सुर्त संजोगी करे अहारा ॥ जीव तही ताहां रहो समाई ॥ येही निज दीनो अलख लखाई ॥

साखी।

कहे कबीर धर्मदाससो, सुर्त करो समार ॥ ओही वस्त निज चीनहू, उतरो वहु जल पार ॥

॥ इति श्रीग्रंथ कायापांजी संपूर्ण ॥

श्री

अथ

श्रीग्रंथ कबीर साहेबका ग्यानसरोदा॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंथ्री उग्र नाम, दयानाम,–

साहब,

वंश बयालीसकी दया।

चौपाई।

(सुनोधर्मदास–)निसबासरका कहूं विचारा॥(जाप)एकविसहजार छैसो धारा॥यहीका भेद रहो लौलाई॥ सतगुरु मिलै तो देइ बताई॥ पांच तत आवे जाई॥ घटका भेद कहूं समुझाई॥ तत्त ततका भेद है न्यारा॥ चंद्र सूर ताके

सँग दोइ धारा ॥ तासो मुनि सातों विस्तारा ॥ तिनसे संतोंका भेद है न्यारा॥ पांच तत्का भेद गहि लीजे ॥ देहेअनुमान नाही कीजे ॥ सात लहेरा समुद्र स्नेहा ॥ तब सुखपावे या जुग देहा ॥ मेहनत करी रहे लौलीना ॥ तत् स्नेही होय झीना ॥ पांच तत्का ध्यान करही ॥ प्रान आत्म धोखा नहिं परही ॥ पांच तत् सब अंग समाना ॥ गुण अवगुन सब कहत बखाना ॥

साखी।

पांच तत्व विचारिये, आद अंत टक सार ॥ कहे कबीर सो वाचिये, भवजल मेक निहार ॥

चौपाई।

सुनो धर्मदास चितलाय ॥ यह बच

न ब्रह्मग्यानको ॥ मानो मन हितलाय॥

साखी।

ओंग सू काया भई, सोहंगते मन होय ॥ निह अक्षरते स्वासा भई,सत कबीर समुझाय ॥ मनवा ताहां राखके, निह अच्छरमें देख ॥ दिलकी दुब्धा डारदे, जब दर्शै एकहि एक ॥ संत मता अगाध है, भेद सरोदाको जो लेय ॥ सुमरे स्वांस उसासकूं॥ बुरी भली तामे जोय॥ पवन सुरमन ताहा राख, सतगुरु मोपे दया करी ॥ दियो सरोदा ग्यान, इंगला पिंगला सुषुमना ॥ नाडी तीनो बिचार, दहिने बांये सुर चलै॥ लखे घर निधान, पिंगला दहिने अंग है ॥ इंगला सो बांये होय, सुषुमना उनके बीचमें ॥ जब सुर चलही दोय, जब सुर चले पिंग

ला, मध्य सूरजको बास॥इंगला सो बांये अंग है, चंद्र करै प्रकाश ॥ कृष्णपक्ष जबही लगै, जाहि मिलै ताहां भान॥ शुक्ल पक्ष चंदाका, येही निश्चै करजान ॥ मंगल और आदितवार, और सनिश्चर लीन ॥ सुभ कारजको मिलतहै, सूरजको दिन तीन ॥ सोमवार शुक्र भलो, बुध बृहस्पति देख ॥ चंद्र जोगमें सुख देत है,कहे कबीर बिवेक ॥ तिथि अरु वार बिचारकर, दहिने बायें अंग ॥रन जीतें मित्रसो मिले, थिर कारज प्रसंग॥कृष्ण पक्षके आदहै,तीन दिना लोमान ॥ फिरचंदा फिरभानहै,फिरचंदा फिर भान ॥ सुक्लपक्षके आदहै, तीन दिना लोचंद ॥ फेरभान फिरचंदहै, फेरभान

फिरचंद ॥ सूरजके तिथिमे चलै, जो सूरजको राज ॥ सुखदेतेहैं देहिको, होय लाभ उलास ॥ सुक्लपक्ष चंदा चले, सोई लियो निहार॥फलआन्द मंगलकरे, देही को सुखसार ॥ सूरजके तिथिमे चले, जो पडवाकूँचंद ॥ शोक क्लेश पीडा करै, हानि तापके दन्ड ॥ सुक्लपक्ष तिथिमें पडवाको, जो चले सुरज तो क्लेश ॥ पीडा कछु होय दुःख के हान, उपर वायसो मनहै ॥ स्वासा बाय के संग, जो पूछे स्वासा जोगमें ॥ तो नीको प्रसंग, नीछे पीछे धाईने ॥ चले सूर जो राज, जो कोइ पूछे आयके ॥ तो समजो सुभ काज॥पूछे सनमुख वामही, चंदकरे प्रकाश, जो कोई पूछे आयकर ॥ तोपावे

सुखसार, दहिनो सूरज जबचले ॥ ता
पीछे बाये अंग, सुक्रपक्ष नहिं बारहै ॥
तो निरफल प्रसंग, जो कोइ पूछे आय
के॥बैठे दहिने हात, लगन बार और
तिथिमिले ॥ तो सुभ कारज होइ जा
य, जो चन्दामे सुरजानहै ॥ बाये पूछे
आय, तिथि और बार आछय मीले॥
तो सुभकारज होइ जाय, सात पांच नौ
तीन गिने, पंधरे और पचीस॥कारज ब
चन गिनतीगिने, भान जोगके बीस ॥च
र और आठद्वा दसगिने, चौदेसोले भीत
र देख॥चंद जोगके यह संगहे, कहे कबी
र विवेख ॥ कर्क मेष तुला मक्र है, चारु
एकही रास ॥सूरज सों चारूं मिलै, चर
कारज प्रकास ॥ मीन मिथुन कहे, और

है चवथा धन॥नष्ट कारज को सुषुमना, मुरली सुर्त रनझीन ॥ वृषभ सिंह वृश्चीक कुँभ ॥ पुनि बांये सूरके संग ॥ चंद जोग कूं मिलतहै ॥ थिरकारज प्रसंग ॥ चित्त आपनो थिरकरो,नासा आगे नयन ॥ स्वासा देखे द्रिष्टिसू, तब पावे सुखचैन ॥ पांच घडी पांचू चलै,अपने अपने द्वार ॥ पांच तत बीचीमिले, सूर बिच लेहि निहार॥धर्ती और अकास है,और तीसरो पवन॥पानी पावक पांचनो, करै स्वासमो गवन॥ धर्ती तो सोहंग चले, और पीरो रंग है देख ॥ बारा अंगुल स्वासमें, सुर्त करी गवन ॥ ऊपर कूं पावक चले, लालरंगहै देख ॥ चार अंगुल स्वासामे, कहे कबीर बिशेख॥

नीचेको पानी चले,सफेत रंगहै तास ॥ सोला अंगुल स्वासामें, कह कबीर बारो मास ॥ हरोरंगहै बायको, तिरीछो चल तहै चाल ॥ आठ अंगुल स्वासमें, कहे कबीर जतन करिराख ॥ सुरपूरन दोनौ चले, बाहर नहीं प्रकास ॥ श्याम रंगहै तासका, सोही तत् अकास ॥ जलपृथ्वीके जोगमें, जो कोई पूछे बात ॥ सशि प्रहर स्वासा चले, कहो कारजहोइ जात ॥ पावक और अकासहै, पुनिचाराके बिचदेख ॥ जो कोई पूछे आयके, कहो कार ना होय ॥ जल पृथवी थिर काजको चर कारजको नाहिं, अग्नि वायु चर काजकूं ॥ दाहिने सुरके माहि ॥ जो कोइ रोगी पूछे आयकर,बैठ चंदके

ओर॥ घतीं वायु स्वास चले, मरै नहिं विधि कौल ॥ रोगीको प्रसंग यह, वांये पूछै आयके॥ चंद्रबंद सूरजचले जीवै नहीं मरिजाय ॥ चलते सुरमें आयकर, जो कोई पूछै प्रसंग ॥ ओही बखत सुं न होयजाय, तब ऐसा जानिये ॥ तो रोगी नाहि ठैराय, सुनो धर्मदास ॥ अब बरस एकका फल कहूं, तत मता जाने सोय ॥ काल समें सोही लखै, जग में गुरुभल होय ॥

चौपाई।

मेष सक्रांत लगे जबही, लगन घडी न्यारो तबही ॥ सोदिन चैत्रसुद पडवा होई ॥ प्राथक दिना जोवे भाई ॥ बायुसूर प्रिथवी होई॥ तो नीको तत कहावे सोई ॥ देस पृथवी और समा बतावे॥ प्रजा

सुखी मेघ बरसावे॥ चारो बहुत होवे
जीवको॥नरदेहीको आनँद पावे॥ प्रिथ
वी तत् सोही कहावे॥ जल चले बांये सु
रमाईं॥ तो धर्तीपर मेघ बसाईं॥ आनंद
मंगल सो जग होई॥ आप तत् कहावे
सोई॥ जल प्रिथवी दोनो सुभ हैभाई॥
सत् कबीर यह जुक्ति बताई॥ अब ती
न ततका कहूं बिचारा॥ चलै कौन सु
रमो सो कहूं वीचारा॥ वाका भेद कहूं
समुझाई॥ अग्नी तत् सुरमे चले॥ रोग
दुखने परजा परे॥ काल परे जल थोडो
बरसे॥ देश भंग जो पावक दर्शे॥ कहे
कबीर सुनो नरनारी॥ अग्नी तत् लेहो
बिचारी॥ बाय तत् चले सुर संगा॥ ज
गमें अर्धकाल जल थोडो बरसे॥ जो बा

युसुर ततमे दर्से॥ तत् अकास चलेसुर दोई॥ मेघ ना वरसे तृण ना होई॥ काल पडे अन्न ना होई॥ तत् अकास जानो पुनि सोई॥

दोहा।

चैत्र महीना प्रथम मासे, जवही पडवा होय॥ शुक्ल पक्ष ता दिन लगे, प्रथक दिना में जोय॥

सोरठा।

जो पृथवी होय अस्तान,समय होय प्रजा सुखी॥ राजा सुखी निधान, नीर चले जो चंदमें॥यही समाको नीत, मेघ वर्से प्रजा सुखी॥ समजो तत् नीको मीत॥ प्रिथवी पानी समावही, जो होवे चंद अस्तान॥ दहिने सुरमे जव चले, जव समान सम दम जान॥वहोरही

मना चले, नवे राज होय उतपान॥देख नहारा बिनसहीं, और काल परिजात॥

साखी।

नवे राज होय उतपान पुनि, पडे काल बिसवास॥ मेह नहिं परजा दुःखी होय अंतको नास॥ स्वासामे पावक चले, पडे काल जब जान॥ रोग होय प्रजा दुःखी, घटै राजको मान॥ स्वासा में जब बायु चले, जब होय भै क्लेश॥ देश बिग्रह पुनि होय॥ पडै काल प्रजा दुखी, चले वाय तत सोय॥

साखी।

मेष संक्रांत बैठे तबी, ताका भेद बताव॥जगत काज अब कहतहूं,चंद सुरजको न्याव॥ जोगी जोग अभ्यास कीजे नीत॥ ओखत वाडी कीजे प्रीत॥ दि

क्षा मंत्र बनीजे वियाजा ॥ चंद जोग थिर बैठे राजा ॥ अस्थिर जोग सबही पचाना ॥ करो हवेली छप्पर छावो ॥ वागबगीचा गुफा बनावो॥हाकम जाय कोटमें उतरे॥ चंद्र जोगमे अस्थिर पग धरे ॥ सतकबीर ये खोज बतावा ॥ चंद्र जोग थिर कारज कहावा ॥

साखी।

बायें सुरका काज येहै, सोमै देउं बताय ॥ दहिने सुर का कहतहूँ, ग्यान सरोदा मांहिं ॥

चौपाई।

जो खांडा कर लियो चहाय ॥ जाय करै बैरी पर ध्याय ॥ युद्ध करनमें जीते सोई ॥ सूरज घरमे चले जो कोई॥ भोजन करै करै असनाना ॥ मिथुन क

कै भान प्रधाना ॥ बैल रथ कीजे वेव्हा
रा ॥ गज घोडा करे वेव्हारा ॥ बनिज
विद्या पढन जो सीखे ॥ मंत्र शिद्ध ध्या
न अराधे॥बैरी भवन गवन तत कीजे॥
और कहूँ तोय जात न गाजे ॥ और
कहूँ जो तुम मांगो ॥ बीख भूत उतर
ने लागो ॥ सत्कबीर कहे बिचारी ॥
ये चार करमभानकी न्यारी ॥

साखी।

चर कारजको भानहै, थिर कार
ज को चंद ॥ सुषुमना चलत न चा
लिये, तहाँ हान होय कछु दंड ॥ गाम
परगना खेतपुनि, इदर उधर घर हो
य ॥ सुषमना चलत न चालिये ॥ ब
रज रहो जीत ना होय ॥ छिनबायें
छिन दाहिनें॥ सोई सुषमना जान ॥ के

वैरी वाकूं मिलैं करे कारजकी हान॥ हो
य क्लेश पीडा कछू॥ जो कोई देखे जाय॥
सुषमन चलत न चालिये॥ दोनो दिया
बताय॥ जोगकरै सुषमना चले॥ के आ
त्माको ध्यान॥और काज कछु ना करो॥
तो कछु ना आवे हान ॥ पूरव उत्तर म
तचलो॥ बायें सुरप्रकास ॥ हानहोय
वहुरे नहीं ॥ आवनकी नहिं श्रास ॥
दहिने चलत न चालिये॥ पश्चिम दक्षन
देश ॥ जीव जावे वहुर नहिं आवे ॥
यही भेद कहा समुजाई ॥ दहिने सु
रमें जो जाय ॥ पूरव उत्तर देश ॥ सु
खपती आनंदकरे ॥ समान होय सब
काज ॥ बाये सुरमें जो जाय॥ दक्षन
पश्चम देश॥ सुखपती श्रानंदकरे ॥जो

जाय परदेस ॥ दहिनेसेती आयकर ॥ बामे पूछै आय॥बांये सुरबंद होय॥ तो सुफल काज न होय ॥बांयेसेती आयक र ॥ दहिने पूछे आय ॥ भान बंद चंद्र चले ॥ तबही कारज नसाय ॥ जो दहि नासुर बहतहै ॥ कारज पूछे कोय॥तेज बचन वाकूं कहो ॥ मनसा सुफल होय॥ जब सूरज बाहर को चले ॥ जब कोइ पूछे आय ॥ वाको ऐसा भाखिये ॥ न हिं कारज शिघ होय ॥ चंद चलावे दिवसकूं ॥ रात चलावे सूर ॥ नितसाध न ऐसे करे ॥ तो उंमर होय भरपूर ॥ पांचघडी पांचूंचले ॥ ता पीछे दहिनो होय ॥ दस स्वासा सुषमनाचले॥ ताही बिचारी लेय ॥आठप्रहर दहिनो चले॥

बदले नाही सुर ॥ तीन बरस काया र
हे ॥फिर जीवका गवन॥ सोला प्रहर च
ले स्वासा॥जो पिंगलामाही ॥ जुगल ब
रस काया रहै ॥ पीछे रहा न जाय॥पां
च रात और पांच दिना ॥ चले दाहि
ना सूर॥ छेमछर काया रहे ॥ पीछे र
हा न जाय ॥ रातदिना चले स्वासा ॥
भानुस्वासकी ठोर ॥ आइसु जान षट
मासके॥ फेर जाय तन छांड॥ बीस दि
ना औौर रयन दिन॥ रवि चलै एक सा
र॥ तीन बरस काया रहै ॥ फीर लिये
जम मार ॥ एक मास जो रैन दिन ॥
भानु दाहिनो होय ॥ सत्त कवीर ऐसे
कहै॥ नर जीवे दिन दोय ॥ नाड़ी जो
सुषमन चलै॥पांच घडी ठैराय॥ पांच

घडी सुषमना चलेतो॥तवही नरमरिजा
य ॥नहिं चंदा नहिं सूर है॥नहिं सुषमना
चाल॥मुखसे स्वासा चलत है॥तो घड़ी
चारमें काल॥चार दिनाको आठ दिन ॥
बारा दिनके बीस ॥ ऐसा जो चंदा च
लै आयुष जान बड हीत ॥ प्रती राती
दिना औरतीन दिना॥ चले तत् आका
श॥एक बरस काया रहे॥फेर काल प्रवा
स॥दिनको तो चंदा चले॥ चले रात्रिको
सूर॥यहै निश्चय कर जानिये॥ प्रान गव
न वड दूर॥रातको चलेजो चंद्रमा॥दिन
को सूरज बहाय॥ एक महीना ऐसे च
ले॥ तो छठे महीने काल॥जब साधू ऐसे
लखे॥ छठे महीने काल॥आगे ते साधन
करे ॥ बैठ गुफा तत्काल ॥ जो राखा

चाहे आपकूं॥तो प्रान अपान मिलाय॥
उत्तम करे समाधी॥ताको काल न खा
य॥पवन पिवे ज्वाला पचे॥नावतले
कर रहाय ॥ मेरुदंड कूं फोडकर॥बसे
अमरपुर जाय॥जहां काल पहुँचै नहीं॥
वहां नहीं जमराय॥गगन मंडल जाय
के॥कर उनमुनिमे बास॥जहां काल
नहिं जानहीं॥छूटे सकल संताप॥होय
उनमनी लीन मन॥तहां विराजे आ
प॥तीन बंद लगायके॥पांचो वाय कूं
साद॥सुषमन मारग होयकर॥चल देख
अलखको गाम ॥ सुर्त जाय सब्दसो
मिली॥जहां होय मन लीन॥ खेचरी
बंद लगायके॥जहां पुरुष आप परवी
न॥आसन पद्म लगायके॥मूल कँवल कूं
बंद॥मेरुडंडसुधारके॥सुर्त गगनकूँ बांध

चंद सुरज दोनो समकरे॥त्रिकुटी पेडल गाय ॥ षटचक्र कूं छेदके॥सुंन सिखर कूं जाय॥इंगला पिंगला साधकर ॥करे सुष मना बास ॥परम जोति जाहां झिल मिले ॥ पूजो मन बिस्वास ॥ जिन साधन आगे करी॥तासूं सब कुछ होय ॥जबलग चाहे तब लग जीवे॥काल बचावे सोय ॥ रतन अवस्था जोगीकी ॥ बैठरहे मन जीत ॥साध बचावे कालसो॥अंत मरै न हिंजीत॥ सदाआनंदमें लीनरहै॥करिक रि जोग अभ्यास॥आवत देखाकालकूं॥ गगन मंडलमें करे वास ॥ सुंन अभ्यास सदा करें॥ अखै प्रान चढाय॥ पूरा जो गीसो जानिये ॥ ताको काल न खाय ॥ पहिले साधन ना कियो ॥ गगन मंडल

को जान ॥ आवत देखा काल कूँ ॥ जब
क्या करै अग्यान ॥ जोग साधन नहिं
कियो ॥ जवान अवस्ता मीत ॥ आते
देखा कालकूँ ॥ जब कैसे सके वे जीत ॥
कालजीत हँसा मिले ॥ सुंन मंडल अ
स्थान ॥ आगे जिन साधन करी ॥ रतन
अवस्था जान ॥ काल अवधि बीते तबै॥
भिन्न भिन्न समुजाय ॥ जोगी प्रान उ
तारिये ॥ लीजे समाधि जगाय ॥ काल
जीते जगमें रहे ॥ मृत्यु न आवे ताय ॥
दिसा दुपार कूं फेरी करे॥ जब चाहे त
व जाय ॥ सूरज मंडल चीर करे॥ जोगी
त्यागे प्रान ॥ सत् शब्द सोई लिये ॥ पा
वे पद निर्वान॥कृष्ण पक्षके आदियह॥द
क्षिन होय जो भान ॥ जोगी काया न

छांडिये ॥ इजा होय पुनि हान ॥ रा
ज पाय सत्नाम भजे ॥ पूरबले पैछा
न ॥ जोग जुक्तिसो पाइये ॥ दुसरी मु
क्ति निधान ॥ उत्तरायन सोई लखो ॥
सुक्कपक्षके माहिं ॥ जोगी काया त्यागि
ये ॥ यामें संसै नाय॥ मुक्ति होय बहुर
नहिं आवे ॥ जीव खोज मिट जाय ॥
बुंद समानी समुद्रमे ॥ दुतिया नहिं ठै
राय ॥ दक्षिन मे सूरजरहे॥रहे पट मास
जान ॥ फेर उत्तरायन पखकरे ॥ रहे षट
मास जान॥दोनो सुर कूं साधकर ॥ स्वा
सामे मनराख॥भेद सरोदाको पाय करै॥
तब काहूको कहा भाख ॥जो रण ऊपर
जाइये॥दहिने सुर प्रकास॥जीतहोयहा
रै नहिं॥करै शत्रुको नाश॥दुर्जनको सुर

दहिनो ॥ तेरो दहिनो होय ॥ जो कोई पहिले चलै॥छत्र जीते सोय॥ जल वायु पृथ्वी चले ॥ जाय वैठे कोई भूप॥ आ प वैठे दल पेखिये ॥ वात कहतहूं गुप्त ॥ जल पृथ्वी सुरमे चलै ॥ सुनो कानदे सीस ॥ सुफल कारज दोनों करै ॥ के धर्तीके नीर॥पावक और अकासहै॥तत वायु जो होय ॥ कछु कारज ना कीजि ये॥इनमें वर्जूं तोय ॥ दहिनो सुर जबही चले॥तादिन कहूं जो तोय ॥ तीन पांव आगे धरै॥ सूरजके दिन होय ॥ वामां सुरमे चलतही ॥ पहिले बायां पगधरै॥ होय चंदके चार ॥ गर्भवतीके गर्भकी॥ जो कोइ पूछे वात ॥ वालक होय जी वै की मरिजाय ॥ दहिना सुर चलत

ही॥ जो कोई पूछे आय ॥ वाको बामो
सुर चले बालक होय मरिजाय ॥ दहि
नो सुर जब चलतहै जो कोइ पूछे आ
य ॥ वाहीको दहिनो चले॥ तो बालक
होय सुखपाय॥बामो सुर जबही चले॥
जो कोइ पूछे आय ॥ बाहीको दहिनो
चले॥ बेटी होय मरिजाय ॥ बामासुर
जबही चलै॥जो कोइ पूछै आय ॥ वाही
कों बामो चलै॥ तो बेटी होय सुखपा
य॥तत् अकास जबही चलै ॥जो कोइ
पूछै आय॥ छाया होय बेटी नहीं॥पेटमा
हि समाय॥जो कोइ पूछे आयके॥वाका
गर्भको नाव॥ दहिनो वाको सुर चलै॥
सुद्ध स्वासके ठांव॥ बंद और जो आय
कर ॥ग्रहीपुछे जो आयके॥बंधनते नि

भेय होय ॥वहीते सूर ना होय॥ इंगला
पिंगला सुषमना ॥नाडी कहेतीन॥चंद्र
सुरज विचारकर॥रहे स्वास लौलीन॥स
व कुछ समेटकर॥आपमे आप समाय॥
जैसे ग्यान स्वासामे ॥ रहे सुर्त लौलीन॥
सव कुछ समेटक ॥ आपमे आप समा
य ॥ जैसे ग्यान स्वासामे रहे सुर्त लौला
य ॥ स्वासा वानी करारकी ॥ येही जाने
नर लोय ॥ वीति जाय स्वासा सवै ॥
तवही मृत्यु होय ॥ एकवीस हजार छै
सो चलै ॥ रात दिन ले स्वास ॥ वीसा
सो जीवे वरस ॥होय प्रानको नास ॥ अ
काल मृत्युको मारे जो करें भूमी भूप॥
वीति जाय॥स्वासा सब तव आवे जम
दूत ॥ चौदा जम सायके॥ स्वासा जुक्ति

चलाय ॥अकाल मृत्युआवे नहीं॥जीवे पूरी उमर भरपाय ॥ सुक्षम भोजन करे रहे नाम लौलाय ॥ जलथोडा पीजे॥बहुत बोल मत खोय ॥ मोक्ष मुक्ती जो चहाइये॥तो तजो कामना काम ॥ मनकी इच्छा मेटि के॥ भजो सत् निज नाम॥देहअभ्यास सबमेटके॥ पांचो के तज करम ॥ आपमें आप समावही तब छुटे देहिको भरम ॥ जो होती सो धर्मदास सब हम तुमसे कही ॥ पार ब्रह्म परमात्मा ॥ सतकबीर भल जोइ ॥ देह मरै तू अमर है पारब्रह्म है सोय ॥ अग्यानी भटकत फिरै लखे सो ग्यानी होय ॥ देह नहिं यह ब्रह्म है ॥ अबिनासी है सोय॥ नित्य न्यारा

देहसे देह मरम करजान॥ डोलना बो
लना सोवना॥ भोजन करम अहंकार॥
सुख दुःख मध्ये रोग सब॥ गरमी सीत
निहार॥जनम मरन देहको॥सुर्त मूर्त है
नाम॥ उपजे विन देह सो॥ पांच तत्
का गाम॥ पावक पानी वायुहै॥ धर्ती
और अकास॥पांच पचीस देहमें॥गुन
तीन प्रकास॥ घटउपाधि जानिये॥कर
त रहत उपाय॥कामक्रोध हंकार॥
मोह लोभ ललचाय॥सुनो धर्मदास
जिभ्या इंद्री जलकी॥ अकाश इंद्रिय
कानकी॥ नासा इंद्री धरनकी॥कर वि
चार पैछान॥ त्वचा इंद्रिबायकी॥पावक
इंद्री नयनकी॥ इनका सोध साधसो
पाइये॥ पावे पद जब सुख चयन॥

निद्रासमानी आळसमें ॥ भूक प्यास जिव होय ॥ सतकबीर पांचों कहे ॥ अग्नी तत्वकी सोय ॥ रक्तपित्त कफ सो तीसरो ॥ बूंद परे सो जान॥पानी पैदा भये ॥ कर बिचार पैछान ॥ चाम हाड नव नाडिका ॥ रोमावलि और मास ॥ पृथ्वीके पांचूकहे ॥ अंत सर्बकूं नास ॥ बलकरन और धावन ॥ पसरन सँको च न चलन ॥ देह पडे सो जानिये ॥ बाय ततके पांच ॥झूंठ साँच मोहो लोभ हंकार ॥ देहिमें रहे अनुराग ॥ तत आकासकी प्रकृती येह ॥ नित्य न्यारा इन सूं तूं जाग ॥ पांच पचीस और तीन है ॥ इनमें सब जग भुलान ॥ निराकार पारि ब्रह्म है ॥ आप आपमें समान ॥ निरालं

भ निर्लेप तू ॥ देह जान आकार॥ अपु
ने देही मनमथे ॥येही ग्यान ततसार॥
शस्त्र छेद सके नहीं॥ पावक सके नहिं
जार ॥ मरै मिटे सो तूं नहीं ॥ गुरुमुख
तत्त विचार॥ जल काढेका वाय है ॥
वहनिमिटे फिर होय ॥ जिव अविना
सी नित्य है ॥ जाने विरला कोय ॥
आंखी जिभ्या नाशिका॥त्वचा औरहै
कान ॥पांच इंद्रिय है ग्यानकी ॥ जा
ने जान सुजान ॥ गुदा लिंग मुख ती
सरो॥हात पांव लखलेहु॥पांच इंद्रिय है
करमकी॥तो सूं कहि मैं दीन॥ पृथ्वि ना
भि अस्तान है, गुदा जानिये द्वार ॥
पीरा रंग तहां पैचान ॥ पीना खाना अ
हार॥ लाल रंगहै आग्निको॥ मोहो लोभ

अहंकार॥ जल का बासा अस्थूलहै॥ लिंग जानिये द्वार॥ मिथुन कर्म अहार है॥ सुभक नासका द्वार॥ हारो रंगहै बाय को॥ गंध सुगंध (जान) आहार॥ अकास सीस में बास है॥ तेहि सम को पैचान॥सब्द को शब्द अहार है॥ द्वार श्रवनको जान॥कारन सुक्षम लिंग है॥और अस्थूलहि प्रान॥ चित्त बुधीमन हंकार है॥ चारो अंत:करनको जान॥कारन ग्यान बिचार है॥ सो बिग्यान से जानिये॥ करके नित न्यारा रहै॥ (शब्द) स्पर्श रूप रस गंधये॥ देहे कर मात्रा कहे॥ तूं होता नेहरूप॥ निराकार है आद तूं॥ अचल निरबासी तू जीव॥ निरालंब निरबैर सुंन॥ अज्ञ अबि॥शी जीव॥ बामा कोठा अगि

नको ॥ दक्षन जल प्रकाश ॥ मन हि
रदे अस्तान है ॥ पवन नाभिमें वास ॥
मूल कँवल दल चारको ॥ लाल पांखरी
रंग ॥ गौरीसुत तहँ वास किये ॥ छे सो
जाप वा संग ॥ कँमल षटदल पीरो ॥
नाभीतले संभार ॥ षट सहस्र जाप ता
हां जपे ॥ ब्रह्मा सावित्री नाल॥ अष्ट पां
खरीको कमल है ॥ नील बरन सो निहा
र ॥ विष्णु लक्ष्मी बास कीना ॥ तहां
जाप षट सहस्र जान ॥ अनहद मे द्वा
दश बसे ॥ सफेद रंग तासको जान ॥
षट सहस्र जाप तहां जपे ॥ शिव शक्ति
तहां निहार ॥ खोडस दल कँमलहै ॥ कँ
ठ वासना रूप ॥ जाप सहस्र तहां ज
पे ॥ भेद कहूँ अति गुप्त ॥ अनहद चक्र

दो दल कँवलहै ॥त्रिकुटी धाम अनूप ॥ जाप सहस्र तहां जपे ॥ भेद कहूँ अति गुप्त ॥ बैठे जोति स्वरूप जहां ॥ सहस्र पांखुरी का कँवलहै॥ गगन मंडलको बास ॥ जाप सहस्र तहां जपे ॥ तेज होय प्रकास ॥ जोग जुक्ति कर खोजले ॥ सुर्त निर्त कर निधान ॥ दसमें द्वार अनहद बजे ॥ होय जहां किलोल ॥ तीन बंद नौ नाडिका ॥ दसो बायकूं जान॥ प्रान अपान समानही ॥ और कहत है उदान ॥ बयान और करकरा ॥ कुंभक बायु रनजीत ॥ दसो द्वार कूं बंद कर ॥ उतमनाडी तीनआदोत ॥ इंगला पिंगला सुषमना ॥किरडा करे परबीन ॥ करत परायन नाम का॥कोई एक तरंग

ये पतीत ॥ अनेक नर नारी तहां॥आन न्द धुनीके बीच॥देखा ख्याल अपार त हँ॥पुरक करे कुंभक भरे॥रेचक पवन उ तार॥ ऐसेपरायन नामका॥ करे सूक्ष म अहार॥ धर्ती बंध लगाय कर॥ दसो द्वारकूँ संभाल॥मस्तक पवन चढायके॥ करो अम्बर पुरसो भोग॥जो नर रातकूं जाग जाने॥पांचो मुद्रा साधकर॥ पावे घटका भेद॥ नाडिसक्त चढायके॥ षट चक्रकूं छेद॥जोग जुक्ति सो कीजिये॥क र अजपाध्यान॥ आप आपको विचार को॥मरमतत्व ध्यान॥शूद्र वैस शरीरहै॥ व्राह्मन और रजपूत॥ बूढा बालक आ त्मा नहिं॥धर्मदास लखो सोउपूत॥ का या माया जानिये॥जीव ब्रह्म है नीत॥

काया छूटे सो चितमिले ॥ तूपरमात्मा
नीत ॥पापपुन्य आसा तजो॥तजो मन
अस्तान ॥ काया मोहो बे करार तजो॥
जपो सो अजपाजाप ॥ आप भुलाने
आपमें ॥ बांधे आपहि आप ॥ जाकू तु
म ढूंढत फिरतहो ॥ सोतो आपे आप ॥
इच्छा देखो बिचार कर ॥ काया को न
बास ॥ तू तो जीवन मुक्त है ॥ तजो मु
क्तिकी आस॥पावक भया वाहि सूं॥अ
ग्नि पावक सो होय ॥ पावक सो पानी
भया॥पानी धर्ती सोय॥धर्ती मीठा स्वा
दहै ॥खारो स्वादहै नीर ॥ अग्निचरपरो
स्वादहै॥खाटोस्वादहै पवन ॥ खाटो मी
ठो चरपरो ॥ खारो परनेहहै ॥ जवही त
त विचारये॥स्वाद नहीं अरु रंग ॥ऋौर

बताई चाल॥ पांच तत्की साखा॥ सा
धपावे तत्काल॥ त्रीकोना पावक च
ले॥ धर्ती तो चौकोन॥ सुंन सुभाव
अकाश है॥ पानी लंबा गोल॥ आ
गन तत गुन तामसी॥ कहूं रजोगुन
वाहि॥ पृथ्वी नीरसंतोष गुन॥ नामहै
स्तीर॥ नीर चले जब स्वासमें॥रनऊपर
चढे मीत॥ बैरीको सिरकाटके॥ घर
आवे रनजीत॥ पृथ्वीके प्रकासमें॥ जु
द्ध करे जो कोय॥दो दल हारे बरोबर॥
हारवायुमें होय॥ पृथ्वीततमें जन्मे
बालका॥ होवे भूपसो नीर॥धनवंतसो
जानिये॥ सुंदर होय शरीर॥ आसन
पद्मासाधकर॥ द्रिष्टी स्वासाके माय॥त
तभेद जो पावहीं॥ बीसाद कछुनाय॥

आसन पद्मलगायके ॥ एक बरनी सा
द ॥बैठे डोले सोवही॥स्वासां हिरदे सा
द ॥ नाभी नाशिका माहे ॥ सत सोहं
ग जाप ॥ सोही अजपा जाप है ॥ छु
टे सकल संताप ॥ भेद सरोदाको कह
तहूं ॥ सुक्षम कहि ना जान ॥ ताहि स
माधीको॥ अपने मनचित आन ॥ ध
र्ती टरे गिरिवरटरे ॥ सिंधु टरे सुनमीत ॥
वचन सरोदाको नाटरे ॥ सो निश्चयकरि
चीत ॥ सतकबीर दयाकरी ॥ दिये सरो
देग्यान ॥ धर्मदास अस्तितभये ॥ आ
वा गवन मिटिजान ॥ इति श्री कबीर
साहेव का ग्यान सरोदा संपूर्ण ॥

श्री

अथ श्रीग्रंथ भवतारन ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाम,–
साहब,
वंश बयालीसकी दया।

अथ श्रीग्रंथ भवतारन प्रारम्भः ॥

धर्म दासो वचन ॥ धर्म दास विनवे कर जोरी ॥ सतगुरु सुनियो विनती मोरी ॥ भव सागर कौने विधि छूटे ॥ जम बंधन कौने विधि टूटे ॥ भव दर्याव वार नहिं पारा ॥तामें अटके सकल संसारा॥

सो दर्याव कौन विधि थाऊं॥ परम पुरुष कौने विधि पाऊं॥करूं भक्तिकै जोग कमाऊं॥ देऊं दानके तीरथ न्हाऊं ॥करूं जोगके इंद्रिय साधूं ॥ ब्रत करूंके हरि आराधूं॥ करूं अचारके साधना साधूं॥ वोही फिरके मनकूं बाधूं॥जो तुम कहो सोई मैंकरऊं॥ बचन तुमार हृदयमें धरऊं॥भो सागर दुःख मेटो मोरा॥छूटे जनम मरनको दोरा॥संसे रहित मोहि करहुं स्वामी॥तुम सब घटके अंतरयामी॥

सतगुरुबचन॥ धर्मदास मैं सत्य बताऊं॥ भवसागरको भरम मिटाऊं॥ संसे रहित सदा तुम होऊ॥ तुमरी राह न पकरै कोऊ॥ करो भक्ति भव बंधन काटो॥जनम मरनकी संसे फाटो॥ भा

व भक्ति करियो चितलाई॥ सेवो साध त जि मान वडाई॥सुनो धर्मदास साधु पद ऊँचा ॥ इनसीढी कोई नहिं पहुंचा ॥ जोगी जोग साधना करही॥ भवसागरते ऊ नहिं तरही॥दान देवे सोई फलपावे॥ भवसागर भुक्तन कूं आवे॥तीरथ न्हाये जो कछु होई ॥ सो मैं भाखि सुनाऊं तो ही ॥ जन्म ले उज्वल तन पावे ॥ धन्य होय पुनि जगमें आवे॥ऊँचे घर सो लेइ अवतारा ॥ ब्राह्मन क्षत्रीके भेवारा ॥ इं द्रिय साधनहै तपनीका ॥ विना भक्ति जानो सवफीका इन्द्रिय साधनहै तप भारी॥ तामस तेज क्रोध हंकारी ॥ क्रोध किये गति मुक्ति न होई ॥ भक्ति महात म हात न आई॥व्रत एकभक्तिका पूरा॥

और बर्त सब कीजे दूरा ॥ और बर्त स
ब जमकी फांसी ॥ भक्ति बर्त मिले अ
बिनाशी ॥ हर अराधन कथा सुनाऊं ॥
कहूं भेद सुन तुम चित देऊं ॥हर हर नाम
सदाशिव केरा॥तासों मिटे ना भव का
फेरा ॥ बहुत प्रीतसो शिवकू ध्यावे ॥ रि
द्धि सिद्धि द्रव्य बहुपावे॥मन चित नेह
चे के करहीं ॥ गिरि कैलासमें बासा कर
हीं ॥ फिरके काल झपेटे वाही ॥ फिरडा
र देहि भवसागर माहीं ॥ ताते संसै छूटे
नाहीं भवसागर जिव भरमें जाई ॥ शि
वसाधनकी येही गती॥निर्भय पद पावे
नहिंरती ॥ जाकू सुमरे जोगी जती ॥
चौरासी भरमे उतपती ॥ हर हर की ये
कथा सुनाई॥ आगे और सुनाऊं भाई॥

साखी।

शिव साधनकी यह गती, शिव है भव के रूप ॥ बिन समुझे जगत सब, परे भरमके कूप ॥ नरक वासमे मुनि पडे, ऐसी शिवकी मौज॥कहे कबीर बिचारके, मिटै न जमकी फौज ॥

चौपाई।

हरि हरि नांव बिष्णुका होई॥ बिष्णु बिष्णु भाखे सब कोई॥बिष्णु कूं करता बतलावे ॥ कहो जीव कैसे फल पावे, सब घट मांही बिष्णु बिराजे ॥ खान पानमे बिष्णुहि गाजे॥ सकल भोग बिष्णु ही लेही॥भोगकरे जगको भरमाई॥हरि हरि नाम बिष्णुका भाखा॥ सुभ असुभ करम दोउ राखा ॥इनमें करे किलोल सदाही ॥ करै भोग जीवन भरमाई ॥

बहुत प्रीतसों बिष्णु कूं धावे ॥ सो जिव विष्णु पुरीमें जावे॥बिष्णु पुरीमें निर्भय नांहीं ॥ फिरके डार देहि भव माहीं ॥ हरि हरि नाम विष्णु का भाखा॥अब हरि का और सुनाऊं साखा॥

साखी।

हरी नाम विष्णुका, जिसने जीव किया सब जेर ॥ चौराशी भरमें सदा, मिटे न भवको फेर ॥

चौपाई।

सुनो धर्म दास तुम साधू ॥ इनको कबहूं मत आराधू ॥ हरि हर बिधि ब्रह्माकेनाऊं ॥ रजो गुण व्यापक रहे सब ठाऊं॥जगत कहे ब्रह्माहै कर्ता॥ब्रह्मा माही सब भये मरता ॥ ब्रह्माको पूजे संसारा॥सो जिव होय न भवते न्यारा॥पढ

पढ विद्या जग भरमावे ॥ भक्ति पदा रथ कैसे पावे ॥ पोथी पाठ पढे दिन राती ॥ ये सब भरमकी उतपाती ॥ आप भरम ते निरभय नाहीं॥ बहाजात भरमके माहीं॥औरन को सिखावन देई ॥ तासो मिले ना पर्म सनेही ॥पाप पुन्य को लेखा करही ॥ भक्ति बिना चौराशी परही ॥ ये है ब्रह्माकी करतूती॥ब्राह्मन पूजे होय न मुक्ती ॥

साखी ।

त्रिगुन भक्ति है जक्तकी, निरगुन लखे न कोय॥सरगुन निरगुन दोऊ मिटे, तब भक्तरहित घर होय॥ यह त्रिगुनके भक्तिमे, जिन भूलो धर्मदास ॥ इनके ऊपर निरगुन है ॥ तहँ जोगीका वास॥

चौपाई।

धर्मदास तुम संत सुजाना ॥ निरगुनसो अब कहूं बखाना॥ निरगुन नाम निरंजनभाई ॥ तिन सब यह उतपन्न बनाई ॥ निरगुनसों भयाओंकारा ॥ तासो तीनगुन बिस्तारा ॥ निरगुनसो मनभया प्रचंडा॥ ताको बास सकल ब्रह्मंडा ॥ अहंकार मन आप निरंजन ॥ नाना बिधिके कीये बिंजन ॥ भांतभांतके घाटसँवारा ॥ कहां लग गिनों वार नहिं पारा ॥ ताको अँस सकल अवतारा ॥ राम कृष्ण तामें सिरदारा ॥ पूरण आप निरंजन होई ॥ इनमें फेरफार नहिं कोई ॥ सरगुन निरगुनकी करसेवा ॥ भक्ति करे अरु पूजे देवा ॥ करेअचार बिचार न जाने ॥ सो मेरे मन कबहु न माने ॥

मन बोधे मनमाहिं समावे ॥ निज प
दको कोई नाहिं पावे ॥ मन को बोधकरे
जो कोई ॥ मन पौंचावे पहुंचे सोई ॥
जाय निरंजन माहिं समाई ॥ आगे
गमनका करै उपाई ॥ ऐसे तीन लोक
सब अटके ॥ खरे शहाने ते सब भट
के ॥ ऋषि मुनि गंधर्व देवा ॥ सब मिल
करै निरंजन सेवा ॥ सिध साधिक साध
जो भयऊ ॥ इनके आगे कोइ ना ग
यऊ ॥ बहुत प्रीतसों भक्ति विचारी ॥
निरंजनकी सेवा चितधारी॥ जाय निरं
जन सो होय भेटा ॥ कालरूपधर करै
समेटा ॥ यही है निरंजन केर पसारा ॥
तामें अटके सब संसारा ॥ जहां तहां
राखे बिलमाई ॥ रचना अनंत अपार

बनाई ॥ धर्मदास तुम भक्त सनेही ॥ इनमें जिन अटका वो देही ॥ जन्म धरे छूटै नहिं भाई ॥ ताते आय कहूं गोहरा ई ॥ भक्ति गुप्त जाने नहिं कोई ॥ सुर्त सनेही पावे सोई ॥

साखी।

इनते भक्ती गुप्त है, सुनो धर्मदास सुजान ॥ भक्ति करै भरमैं नहीं ॥ सोई भक्ति परमान ॥

चौपाई।

धर्मदासो बचन ॥ हेस्वामी मैं कछु नहिं जानी ॥ गुप्त भक्ति मोहि कहो ब खानी॥तुम ये भक्ति कहांते आनी ॥ सो मोहि बात कहोबखानी ॥ तुमरी भक्ति कौन बिधि पावे ॥ कौन बातकी भक्ति कहावे ॥ भक्ति कही जे कौन प्रकारा॥

ताको स्वामी कहो विचारा॥ भक्त भक्त सब जगत बखाने ॥ भक्त भेद किसी विधजाने ॥ सो निश्चय मोहि कहो बखानी ॥ केहिविध छूटे भवकीखानी ॥

साखी।

भव बानी भ्रम दुख बडो, सुखकर सतगुरुदेव॥भक्ति करूं निह कपटहोय, सदा तुमारी सेवा ॥

चौपाई।

सतगुरुबचन ॥ कहे कबीर सुनो म म बानी ॥ भक्ति सारमे कहूँ बखानी ॥ आगे भक्तभये बहु भाई॥ करी भक्ति ये जुगति न पाई ॥ आदि भक्ति शिव जोगी केरी ॥ राखेगुप्तनजगतमें फेरी ॥ जोग करे अरु भक्ति कमावे ॥ अक्षर एकनाम धुनि लावे॥ सो अक्षर है ररंका

रा ॥ तासूं उपजा सकलसंसारा ॥ अधर रहे ब्रह्मांडके माही ॥ शिव जानत कोइ जानत नाहीं ॥ तासो मेरीभक्ति है न्यारी ॥ जाको क्या जाने संसारी ॥ ताको जोगेश्वरनहिं पावे॥और जिवनकीकोन चलावे ॥ शिवसनकादी कोइन जाने ॥ ऐसी बात छान बिन छाने॥ सोउ शिव आगेको नहिं आवे ॥ तीन लोक प्रभुता उठजावे ॥ ठौर हमारा कैसे कर पावे ॥ वहांके गये बहुर नहिं आवे ॥ सुनो धर्मदास सब बरन अबरना ॥ ब्रह्म पुत्र सेवे तेही चरना ॥ सनक सनन्दन सनत् कुमारा ॥ सनकादिक चारो अवतारा॥ पांच बरस काया नित रहई॥ब्रह्मलीन कोउ पार न लेई॥केतक ब्रह्मा होय होय

गयऊ ॥ सनकादिकसो निछेल रहेऊ ॥ ध्यान करै निरंजन माहीं ॥ निरंजन सो न्यारा नाहीं॥ मेरा भेद निरंजन पारा॥ जाको हँस अंस अवतारा ॥ यहां तहां कोई विरला जाने॥ आगे कहो कौन बिधि माने ॥ इनकी भक्ति करै नर नारी ॥ हमरी भक्ति न जाने कोई ॥भक्त अनेक भये जग माहीं ॥ निर्भय घरकूं पावत नाहीं ॥ भक्ति करी तब भक्त कहावे ॥ भगसो रहित न कोई पावे ॥ भग भुक्ते फिर फिर भग आवे ॥ भगते बचे न कोऊ पावे ॥ चौदा लोक बसे भगमाहीं ॥ भगते न्यारा कोऊ नाहीं ॥ न्यारी जुक्ति मैं तुमैं दिखाई ॥ तहाँ सुर्ते रहे साध कहाई ॥ भग भुक्ते और भ

क कहाई॥ फिर फिर जोनी संकट
आवे॥मेरी भक्तिकी जुक्तिको न जाने॥
ताको आवागमन नसाने॥ भक्ती करे
मुक्ति तब होई॥ना तो बाना जाय बिगो
ई॥ भक्ति भेद कहतहूं भाई॥ निरमल
भक्तनका उपाई॥ तुम जो बूझो भक्ति
प्रकारा॥ ताका भेद सुनो अब न्यारा॥
भक्त होय नहिं नाचे गावे॥ भक्त होय
नहिं घंट बजावे॥ भक्त होय नहिं मूर
ति पूजा॥ पाहन सेवे कहा तोहे सूजा॥
बिमल बिमल गावे अरु रोवे॥ छिन य
क प्रेम जनमको खोवे॥ ऐसा साहेब मा
नत नाहीं॥ ए सब काल रूपके छाहीं॥
मनही गावे मनही रोवे॥ मनही जागे
मनही सोवे॥ जबलग भीतर लगन न

लागे ॥ तबलग सुर्त ना कबहू जागे ॥ स
त्त नामकी खबरि न पाई॥ काकर भक्ति
करो रे भाई ॥ ठौर ठिकाना जानत ना
ही ॥ झूठे मगन रहे मन माही ॥ कहन
सुननको भक्त कहावे ॥ भक्त भेद कित
हू नहि पावे॥ लगन प्रेम बिन भक्त न
होई ॥ सत् संगत पावे नहिं कोई ॥
अपने साहेबको नहिं जाना ॥ बिना दे
ख का करो बखाना ॥ ऐसे भूल परे सं
सारा ॥ कैसे उतरे भवजल पारा ॥ सत्
भक्तको जब लग नहि लागा ॥ऐसे है
सब जीव अभागा॥ धर्मदास तुम हो
बुधवंता ॥ करैं भक्त तब सत पावे संता॥
एक पुरुष है अगम अपारा ॥ सब घट
व्यापक सबसे न्यारा ॥ ताको नहिं जा

ने संसारा ॥ ताकी भक्त महा निजसारा ॥ भक्ति करे भव उतरे पारा ॥ सुर्त निर्तसे सेवे सारा ॥ यहि बिधि भक्त पदारथ पावे ॥ मुक्त होय भव बहुर न आवे॥ भव सागर सों उतरे पारा॥ फिरके जग न लेहि अवतारा ॥ ऐसी भक्ति मुक्तिके दाता ॥ जाकी गति नहिं लखे बिधाता भक्तहि भक्त भेद है भारी ॥ यहि भक्ति जक्तसो न्यारी ॥

साखी।

मुक्त पदारथ अगम फल, चार मुक्त सो न्यार ॥ पावे पूरन पुरषको, जग न लेहि अवतार ॥

चौपाई।

धर्मदासोवचन ॥ धर्मदास कह सुनो गुसांई ॥ पूरन पुरुष बसेकेहि ठांई ॥ कैसे

चरन कँवल चितदीजे कौन वात साधो सो भक्ती॥ सत मोहे सो वतावो जुक्ती॥

सतगुरुबचन ॥ पहिले प्रेम अंगमे आवे ॥ साधु देख सनमुख सो धावे ॥ चरन धोय चरनाम्रत लेवे ॥ प्रेम सहित साधु कुं सेवे॥ अंतर छांडकरै सेवकाई ॥ यही विध भवको दुःख मिटाई ॥ जो साधु परम गति जाने॥ सो साधूकी सेवाठाने॥ परम पुरुषकी भक्ति दृढावे॥सुर्त निर्त कर तहां पहुँचावे ॥तासो प्रीतकरै चितलाई ॥ छांडे दुरमत और चतुराई ॥ तवही परम पुरुषको पावे ॥ भवतरके जगमे वहुर न आवे॥ भवतारन संसै नाहिं तोही ॥ दोछन होय तो लागे मोही॥ कोई बातकी फिकर न करना ॥ यही भक्ति निहचेके तरना॥

धर्मदासबचन ॥ धर्मदास पूछे चितलाई॥सकल भेद मोहि देहु बताई॥निर्गुन रहित तुमारा नाऊं ॥ कैसी भक्ति करै तेहि ठाऊं ॥ अहो स्वामि यह अचरज बाता॥भक्त करनको दावन छाता॥ सरगुन भक्ति करै संसारा॥निर्गुन जोगेश्वर आधारा॥ इन दोनोंके पार बतावा॥ तुमकिस बिध तहां मनलावा ॥ सत्य बात मोहि कहो गुसांई॥केहि बिधि सुर्त लगाऊं ताही ॥ सरगुन निरगुन पार न कोई॥मेरे मन बड संसै होई ॥ सतगुरु संसै देहु निवारी ॥ मैं जाऊं तुम्हरी बलिहारी॥सरगुन निरगुनका भेद बताओ॥ तिनसेन्यारा मोहि लखाओ ॥ मेरे मन मति आवत नाही ॥ बहुत फिकर की

ना मन माही॥ हो सतगुरु तुम समरथ सांहीं॥ दृढ करके पकरो मोरि बाहीं॥ सबे जुगत बतलावो मोही॥अंतर कछु ना राखो गोई॥तुम सत्य सत्य तुमारी बाता॥मैं याचक तुम समरथ दाता॥देउ मोहि मैं मांगौं सोई॥ सो घर लखावो मिटे दिल होई॥

साखी।

सत्य सत्य समरथ धनी,तत सत करो प्रकाश॥ सत्त लोक पहुँचावहू॥ छूटै जम बहु त्रास॥

चौपाई।

सतगुरु वचन॥सुनो धर्मनि सब कहूँ सँदेसा॥तुमसों कहूँ भक्का लेसा॥॥ भवतारनहै समरथ न्यारा॥ताको नहिं जाने संसारा॥ जोगेश्वर यह गति न

हिं पाई ॥ सिद्ध साधकी कौन चलाई ॥ भक्ती दोय जगतमें भारी ॥ ध्रुव प्रल्हाद सदा अधिकारी॥भक्ति माहिं इन सम नहिं कोई॥रामकृष्ण प्रगट नाहिं गोई ॥ दोऊ जने दोउ वर्त अराधू ॥ एकहि एक इष्ट आराधू ॥ सतजुग भक्ति करी ध्रुव राजा॥पांच वरस समदेह समाजा॥ निकसे ग्रह बाहरको गयऊ॥नारदके उपदेसी भयऊ॥ छठे मास प्रगट हरि आयउ ॥ राज दिये वैकुंठ वतायउ ॥साठ हजार वरस दिये राजू॥ कुटुम्बसहित वैकुंठ विराजू॥ एकदिवस तो परले जाई ॥ तासो फिर दइ देह गिराई ॥ सानिप मुक्ति पठंतर दीना ॥ परम पुरुष गति तेहु नहिं चीना॥ काल पुरुष राखे

सब घेरी॥ सत् पुरुष गति जाय न हेरी॥ ऐसे भक्त भये जग माहीं॥ परम पुरुष गत पावत नाहीं॥ सरगुन भक्त करै यहि पावे॥ निर्गुन मांहीं नाहिं समावे॥जो सायुज्य होय गत पूरी॥ देव निरंजन जाय हजूरी॥ जाति सरूपी ताकर नाऊं॥ चारो मुक्त बसे तेहि ठाऊं॥सा लोक्य सानीप कहाई॥सारोपी सायुज्य लहाई॥चारों मुक्त जाके घर होई॥ताको पार न पावे कोई॥ताके परै मोर अस्ताना॥ऐसी भक्ति कहा कहुँ ज्ञाना॥

साखी।

ध्रुवकी तुमसे गति कही, सुनु धर्मदास सुजान, अपरम पार न पावहीं, पूरन पद निरवान॥

चौपाई।

सुनो धर्मनी यह कथा न्यारी ॥ बडी भक्ति प्रहलाद विचारी ॥ हिरनाकुसदानव बलकारा ॥ ताके घरलीना अवतारा ॥ तपस्या करन गये बनमाहीं ॥ कोऊ बातकी संसैनाहीं ॥ प्रथम कथा ऐसी भइ रही ॥ गर्भवती होती तेहि नारी ॥ इंद्र अवाज सुनी अधिकारी ॥ नभ वानीतें भई अवाजा ॥ इंद्रासनको लेही राजा ॥ हिरनाकुस घर जन्म धराई ॥ सो इंद्रासनको लेई भाई ॥ इंद्राहि संसे उपज्यो भाई ॥ गर्भवास सो देहूं डारी ॥ यह छल इंद्र कियो अधिकाई ॥ अपने देस लेगये नारी ॥ तेही समैं नारद आयो तहां॥ इंद्र कूं समजावे जहां ॥ इनका गर्भ मत चीरो भाई॥

भक्त होय सबको सुख दाई ॥ गर्भ माहि ग्यान तिन दीना ॥ नारद एक कामबडकीना ॥ दृढ कीना तेही गर्भ के माहीं ॥ बर्स हजार रहे ले ठाहीं॥ फिर नारी अपने पुरआई ॥ इंद्रजीत हिरना कुसलाई ॥ तहां जन्मलीनो प्रहलादा ॥ राम रटन रसना ले स्वादा॥ऐसी रटन लगाई ताई॥तासम भक्तकोऊ नहि भाई ॥ केते कष्ट सहे सरीर अपने ॥ तबहु न दुःख व्यापे सपने ॥हिरनाकुसके मनमें आई॥तेरोराम मोहि देहु बताई ॥ खंब फोरलीना अवतारा ॥ नरसिंह रूप तबही धारा ॥ हिरना कुस नख उद्र बिडारा॥ अपनो जन प्रहलाद उबारा ॥ फिरके इंद्रासन पहुँचाया ॥ सरगुन भ

चौपाई।

सुनो धर्मनी यह कथा न्यारी ॥ बडी भक्ति प्रहलाद बिचारी ॥ हिरनाकुसदानव बलकारा ॥ ताके घरलीना अवतारा ॥ तपस्या करन गये बनमाहीं ॥ कोऊ बातकी संसैनाहीं ॥ प्रथम कथा ऐसी भइ रही ॥ गर्भवती होती तेहि नारी ॥ इंद्र अवाज सुनी अधिकारी ॥ नभ वानीतें भई अवाजा ॥ इंद्रासनको लेही राजा ॥ हिरनाकुस घर जन्म धराई ॥ सो इंद्रासनको लेई भाई ॥ इंद्राहि संसै उपज्यो भाई ॥ गर्भवास सो देहूं डारी ॥ यह छल इंद्र कियो अधिकाई ॥ अपने देस लेगये नारी ॥ तेही समैं नारद आयो तहां॥ इंद्र कूं समजावे जहां ॥ इनका गर्भ मत चीरो भाई॥

भक्त होय सबको सुख दाई ॥ गर्भ
माहि ग्यान तिन दीना ॥ नारद एक
कामबडकीना ॥ दृढ कीना तेही गर्भ
के माहीं ॥ वर्स हजार रहे ते ठाहीं॥ फि
र नारी अपने पुरआई ॥ इंद्रजीत हिर
ना कुसलाई ॥ तहां जन्मलीनो प्रहला
दा ॥ राम रटन रसना ले स्वादा॥ऐसी र
टन लगाई ताई॥तासम भक्तकोऊ नहि
भाई ॥ केते कष्ट सहे सरीर अपने ॥ त
बहु न दुःख व्यापे सपने ॥हिरनाकुसके
मनमें आई॥तेरोराम मोहि देहु बताई ॥
खंब फोरलीना अवतारा ॥ नरसिंह रू
प तबही धारा ॥ हिरना कुस नख उद्र
विडारा॥ अपनो जन प्रहलाद उबारा ॥
फिरके इंद्रासन पहुँचाया ॥ सरगुन भ

क्त जानो सबमाया॥ऐसी दृढ राम भक्त गहैया॥ तेउ इंद्रासन सुखलहिया ॥ ऐसे भक्त होवे नहि भाई ॥ ताकी गम तुमको समजाई ॥ इंद्रासनको राज सुनाऊं॥ महा भोग बडो सुख पाऊं॥सत्तर दोय चौकरी भुक्ते ॥ बंधन भवकी होय नहिं मुक्ते॥ बडे भक्तकी कथा सुनाई॥ पूछो और सुनाऊं भाई ॥

साखी।

इंद्रराज सुख भोगके, फिर भवसागर माय ॥ यह सरगुन की भक्ति है, कबहू निरभय नाय ॥

चौपाई।

धर्मदासो वचन ॥ धर्मदास पूछै चितलाई ॥ सतगुरु संसै देहु मिटाई॥ सरगुन भक्त मुक्त ना होई॥ निरगुन है एक

का दोई॥यह संदेह मेटो अब मोरा॥तुम सतगुरु हो बंदी छोरा॥ को सरगुन को निरगुन कैहे॥ भिन्न भिन्न भेद सो कैहे॥ सकल सृष्ट कहांसे भयऊ॥ येहि निज जुक्ति न कबहू कहेऊ॥जो मो ऊपर दया तुमारी॥ सब बिध कैहे जुक्ति विचारी॥ यह संसार कहांसे आया॥ को है ब्रह्म कोन है माया॥ अंतर छांड निरंतर भाखो॥ मोसों अंतर कछू न राखो॥ भक्त भेद कहो मोहिस्वामी॥ तुम सब घटके अंतरजामी॥ जीवकाज आहे जगमांही॥अब मोको कछु संसै नाही॥ सतगुरु मैं आधीन तुमारा ॥ तुम भवसागर तारनहारा ॥

साखी।

निर संसै पद काहहै, सो मोहे कहो

समुझाय ॥ फिर भवमें भरमें नहीं, तहां रहूं लौ लाय ॥ कहे सुने सुख ऊपजे, जग में आवै नाय ॥ सो घर मोहि लखाइये, काल रहै सिरनाय ॥

चौपाई।

सतगुरु वचन ॥ कहे कबीर सुनो धर्मदासा ॥ अब निज भेद करों प्रकासा ॥ सुर्त लगाइ सुनो मम बानी ॥ छान लेहु जो जाने छानी ॥ सुक्षम गति अति भारी झीनी॥ सो गति काहू बिरलै चीनी ॥ आद न अंत न होती माया॥उतपति परलै हती नहि काया॥ सुंन शिखरपर तत न मूला ॥ कारन सुक्षम नहि अस्थूला ॥ आद ब्रम्ह नहीं ओंकारा ॥ नहीं निरंजन नहिं अवतारा ॥ नौ अवतार नहिं चौविस रूपा ॥ तब नहिं होता जोति सरू

पा ॥ पुन्य पाप काहू नहिं थापा ॥ सो वे ब्रम्ह नहिं सोहँग जापा ॥ नहिं तव सुंन सुमरन भारा ॥ कुरम शेष नहि धरे अव तारा ॥ अच्छर एक न ररंकारा ॥ त्रिगु न रूप नहीं बिस्तारा॥सक्त ना जुक्त ना आद भवानी ॥ एक ना दोय न ग्यान अग्यानी ॥ शब्द स्वाल कछू ना होई॥ यह बूझ करै बिरला कोई ॥ आद कथा बिप्रीत बखानी ॥ सुन धर्मदास कहै मुखग्यानी ॥ नहिं तहँ बीज नहीं अं कूरा ॥ आद अमी नहिं चन्दन सूरा ॥ धर्मदास समुझके रहिना ॥ कहा कहूँ मैं कछु नहीं कैना ॥

धर्मदासो बचन ॥ धर्मदास कह सु नो गुसाईं ॥ यह तो बात बनवेकी ना हीं ॥ कियेउ संसै किये यक डोरी॥ तुम

होते कि हुते कोई औरी ॥ सत्य सत्य सत मोहे काहिये ॥ संसै रहीत सो पद लहिये ॥ आतुर वँतको पूछो सांई ॥ साध संत तुम आप गुसाई ॥

सतगुरु वचन ॥ कहै कबीर सुनो धर्मदासा ॥ सकल भेदमें कीन्ह प्रकासा॥ जो प्रतीत होय जिवमें तोरा ॥ भौको मेट सरन रहो मोरा ॥ धर्मदास छांडो सब माया ॥ अस्थिर अम्बर अखण्डित काया॥भक्तिमुक्ति उपजीहै जासो॥प्रेम लगन लगाऊं तासो॥अब मैं तोहि लखाऊं जागा॥ छूटे जनम मरनको धागा ॥ जन्म मरण है अति दुःख भारी ॥तासो तुमको लेहु उबारी ॥ मैं आपाको थापत नाहीं॥ देख लेउ तुम भायर माही ॥

साखी।

अब मैं तोही भेद बताऊं, निरमल ठौर निनार ॥ सबके परे सबके ऊपर, तहां है एक आकार ॥

चौपाई।

पुरुष कहूं तो पुरुषहि नाहीं ॥ पुरुष भया आया भवमाहीं ॥शब्द कहूँ तो शब्दहि नाहीं॥शब्द होत मायाके छाहीं ॥ दो बिन अधर न होय अवाजा॥कहा कहुँ मैं काज अकाजा ॥अमृत सागर वार नहिं पारा ॥ ना जानो केतिक बिस्तारा॥ तामें अधर भवन एक जागा ॥ अछय नाम अक्षर एक लागा॥नाम कहूँ तो नाम न जाका॥नाम धरा काल है ताका ॥ है अनाम अक्षरके मांही ॥ निह अक्षर कोइ जानत नाहीं ॥ धर्मदास तहां वा

स हमारा ॥ काल अकाल नहिं पावे पा रा ॥ ताकी भक्ति करै जो कोई ॥ भव ते छुटै जनम ना होई ॥

साखी।

भौसागर भरमें नहीं, यहै प्रताप हमार ॥ नेहचे करिके मानिहो, तुरत उतारूं पार ॥

चौपाई।

धर्मदासो बचन ॥ हे स्वामी यह अकथ कहानी ॥ आगे सुनी न काहू जानी ॥ जोगेश्वर नहिं पावे पारा ॥ मैं का जानूं जीव बिचारा ॥ अचरज गति तुम आय सुनाई ॥ ताकी गति नां काहू पाई ॥ ताकी भक्ति करै केहि भांती ॥ रूप अरूप न पूजा पाती ॥ कौन जुक्तिसे भक्ति करीजे ॥ अगम ठौर कैसे करलीजे॥

जो तुम जानो मोकुं ले चलो ॥ तनमन छोड देहु सुखपलो ॥ अब कछु मोसों होवत नाहीं ॥ सुर्त समाय गई तुम मांहीं ॥ यहां वहां तुम समरथ दाता ॥ मोकों जान परी ये वाता ॥ नाम कवीर धरे सो काहे ॥ केहे कारन तुम देहे धरि आये ॥ सत् कवीर नाम मैं जाना ॥ सो भवकूं क्यौं किया पयाना ॥ ऐसे संत जन्म क्यूं धारा ॥ केहे कारन लीनो अवतारा ॥ सत् कहो वंधनमें नाहीं ॥ निरवंधन कैसे जगमांही ॥ देह धरे सबहिन दुःख पाया ॥ तुमको काहे न व्यापी माया ॥ ढीठ होय पूंछत हूं गुरु वाता॥ रीस न करहू संम्रथ दाता ॥

साखी।

मैं पूंछत हित आपने, जीव मुक्तके

काज ॥ साध संत तुम खसमहो, अब नहिं मोको लाज ॥

चौपाई।

धर्मदास कही तुम सांची ॥ मिथ्या नाहिं सत्मुख कहो बांची ॥ तुम हो हंस अंसपति राजा ॥ तुमरो मोहे करनको काजा ॥ आद अनाद सनिप हो मोरा ॥ अब मैं काज करूंगा तोरा ॥ वहांसो तुमको दीन पठाई ॥ यहां आयके लागी काई ॥ कालपुरुष दीना भरमाई॥ जिन सब सृष्टि बनायके खाई ॥ जग जीवन सो तुमहो न्यारा ॥ तुमरे काज लीनो अवतारा॥ और काज मोकों कछु नाहीं॥ रहो निरंतर जगके माहीं॥ मोहि न व्यापे जगकी माया ॥ कहन सुननको है ये काया॥ देह नहीं अरु दर्से देही ॥ रहूं स

दा जहां पुरुष बिदेही॥ ये गत मेरी जन जाने कोई॥ धर्मदास तुम राखो गोई॥ आद पुरुष निह अक्षर जाना॥देही धर मैं प्रगट्यो आना॥ गुप्त रहे नाहीं लखपावे॥ सोमैं जगमें आन चिता वे॥ जुगन जुगन लीना अवतारा॥ र हूं निरंतर प्रगट पसारा॥ सतजुग सत सुकृतमेंटेरा॥त्रेता नाम मुनिंद्र है मेरा॥ द्वापरमें करु नाम कहाई॥ कलजुग ना म कबीर धराई॥ चारों जुगके चारा नाऊं॥ माया रहित रहे तेहि ठाऊं॥सो जागा पौंचे नहिं कोई॥ सुरनर नाग र हे मुखगोई॥सब सो कहूं पुकार पुका री॥ कोई न मानै नर अरु नारी॥ उ नका दोस कछू ना भाई॥ धर्मराय रा

खे अटकाई ॥ गुप्त पसारा है अति भारी ॥ ताहि न जाने नर अरु नारी ॥ शिव गोरख सो गमना पावे॥ और जीवन को कौन चलावे ॥ नौ नाथ चौराशी सिद्धा ॥ समझ बिना जगमें रहे अंद्धा ॥ ऋषि मुनि और असंख न भेखा ॥ सत्त ठौर सपने नहिं देखा ॥ जो मैं कहुं पति आवत नाहीं॥ बहुत कहूं समुजाय मन माहीं ॥ कोई जोग कोइ मदके माता ॥ कोई कहे हम लखे बिधाता ॥ कोई मौनदास होय मनलावे ॥ मौनी होयके मूल गमावे ॥ सत्त पुरुषकी जुक्ति न पाई ॥ हिरदे धरे नहिं मनद [illegible] ई ॥ को

पढे पुराना ॥ तत्व अतत्व सभी कछु जाना ॥ कोई कहै विद्या माहिं अधीना ॥ सकल बिचार काया पै चीन्हा ॥ कोई कहै तप वसकर राखा ॥ तप है मूल और सब साखा ॥ कोई कहै कर्म अधिकारा ॥ कर्महिं सो सब उतरे पारा ॥ कोई कहे भाग लिखा सो होई ॥ भाग्य लिखा मेटे नहिं कोई ॥ कहां लग कहूं ये सब कहाई ॥ भेद हमारा कोई न लहई ॥ सबसे हार मान हम बैठा ॥ ये सब जीवकाल घर पैठा ॥

साखी।

सोहीकाल सोही कर्ता, भक्त मुक्तहि हात॥ मेरा कहा न आदरे, परपंची वड सात॥मन पर पंची मनहि निरंजन, मन हि कहै ॐकार॥ फंदे तीनों लोक सब,

कोउ न भव ते न्यार ॥ निरंजन निर्बान पद, कही तुमैं हितवंत ॥ जोगी जती संन्यासगत, कोई न पावे अंत॥सात सुर तमें रमिरहा, सुर्त सात तेहि हाथ ॥ ऐसी अगम अपार गत, तीनलोकके नाथ॥

चौपाई।

सात सुरतका सकल पसारा ॥ सात सुर्तते कोइ न न्यारा ॥ सात सुरत का भेद बताऊं॥ तामें ज्ञान सकल समझाऊं ॥ उतपति परले वाके मांहीं ॥ यह गतसो कोइ न्यारा नांहीं॥परथम अमी सुरत निजठौरा ॥ तहां निरंजन कीना दौरा ॥ वहां जाय अमी ले आवै॥तासो अजर बीज उपजावै ॥ सोई बीज रक्त मे धरही ॥ येहि बिधसो सब उतपति करही ॥ बीजहि जलका रंग कहाया॥

तासो रची सकलकी काया ॥ दूजा मूल सुर्त तेहि संगा ॥ घट घट मांहि बनावे रंगा ॥ तीजी चमके सुर्त अवारा ॥ नौ नारीमे कीन पसारा ॥ कोठा तहां वह त्तर करही॥रोम रोम जुक्ती सब धरही॥ चौथी सुंन सुर्त है भाई ॥ धर्मदास मैं तुम्हे लखाई ॥ पांचमी सुर्त सबनके ठांई ॥ सुभ और असुभ सुनावे दोई ॥ छट्ठी सुर्त ठिकाना भाखे ॥ ठांव ठांव स्वाद तेहि चाखे ॥ सो तो रहे कंठके धारा ॥ बानी भाखा करे उचारा ॥ सा तई सुर्त रहे तनमाहीं ॥ हिरदे सो कहुं न्यारी नाहीं ॥ ब्रह्मरूप धर तहां वह वै ठा ॥ गुप्त पसार सकल घटपैठा ॥ कोई न जाने ताका मर्मा ॥ ग्यानी ध्यानी

सबही भर्मा ॥ सात सुरत का कहा बिचारा॥धर्मदास कछु वार न पारा॥सात कँवलका भेद बताऊं ॥ कँवल कँवलकी जुक्ति लखाऊं॥मूल कँवल है मूलहि द्वारा ॥ चार पांखुरी है बिस्तारा ॥ तहां बिना एक देव बिराजे ॥ मूलद्वार कँवल अति छाजे ॥ ता ऊपर कँवल है दूजा॥ षट दलमें ब्रह्मा की पूजा ॥ तीजे कँवल पांखुरी आठा ॥ नाभी मांहि नालसो साठा ॥ लक्ष्मी सहित बसे भगवाना॥ चौथा कँवल हिरदेमें रहई ॥ देव महेश बसेते ठांई॥ कँवल षोडस में आत्मा ज्ञाना ॥ सक्ति अविद्या कहा बखाना ॥ छठवें कँवल पांखुरी तीना ॥ सरस्वति करसे तहां पुनिकीना ... कँवल त्रि

कुटी तीरा॥दोय दल माहिं बसे दोय वीरा॥शशी सूर प्रकासिक घटका॥ यह सब ख्याल निरंजन नटका॥ आठवां कँवल ब्रह्मडक माहीं॥ तहां निरंजन दूसर नाहीं॥नौवे कँवलका कहूं ठिकाना॥ धर्मदास बड भाग सो जाना॥

साखी।

सात कँवल और सात सुन्न, सात सुरत अस्थान॥ एकबीस ब्रह्माण्ड है, आप निरंजन ग्यान॥ रंचीक विराजे निरंजन, ठांव ठांव भरपूर, रसातल ब्रह्मांड लग, कहूँ निकट कहुँ दूर॥

चौपाई।

सुन धर्मनि [illegible]व जुक्त वखानी॥ तुम अपने दि[illegible] जानी॥ आद अंत सब तु[illegible] उतपति परलै की

गति पाई ॥ उतपत परलै शिरजन हा रा॥ मेरा भेद निरंजन पारा ॥ तहां सो जगत कहा नहिं माना ॥ ताते तोहि क हूँ मैं ग्याना ॥ जो कोइ माने कहा हमा रा॥सोई हंस निज होय हमारा॥अमर करूं फिर जनम न होई ॥ ताका खूंट न पकरै कोई ॥ फिरके नहिं जन्मे जग मांही ॥ काल अकाल ताहि दुख नाहीं॥ सुख सागर सुख मूल बतावा ॥ बडे भा गसो हंसा पावा ॥ अंकूरी जीव होय ह मारा ॥ सो भवसागर से होवे न्यारा ॥ पूर न प्रतीत करै मन लाई ॥ ताको यह पद देव लखाई ॥ सुतवंत सांचा जिव हो ई ॥ सरण तुमारी गह्यो सो सोई ॥

साखी।

प्रथम दृढ प्रतीत है, होवे भक्त अंकूर ॥

भाव प्रीतसे सेवा करे, देहु ग्यान भरपूर॥

चौपाई।

धर्मदासो बचन ॥ हे स्वामी मैं तुम कूं चीना॥आद अंतका भेद सब लीना॥ तुमहि वार हो तुमही पारा॥ तुमही सों उपजा संसारा॥ तुमही हो निज पैलेपा रा॥ तुमही सकल जगतसो न्यारा॥ गुप्त प्रगटमें सब बिध जाना॥ तुमही हो ताहां पद निर्बाना॥ ऐसी अगम गंम ताहां नाहीं॥ मैं आपन बूझा मन मां हीं॥ पूरन दया करो तुम सांहीं॥ मेरे मन कछु संसे नांहीं॥ भवतारन तुम सं से निवारन॥धर अधर दोऊ पद धारन॥ समरथ सब गति पायो तोरी॥ अब सब संसै भागी मोरी॥ भयो सनाथ तुम द र्सन पाये॥ माया छूट परम पद पाये॥

छूटा काल निरंजन मोरा॥ जन्म मरनका काटो डोरा॥ अब भौमे मैं बहुर न आऊं॥ तुह्मरे चरन कँवल चित लाऊं॥ येती जुगत न काऊ पाई॥ सो साहेब तुम मोहि लखाई॥ जान परी मोहे तुमरी बाता॥ तुम सम और न कोई दाता॥ चौरासी सों कीन्ह उबारा॥ बहुर न जन्म होय हमारा॥ समझ बूझके करूं सेवकाई॥ छांडी कुलकी लाज बडाई॥ परदातोड दिया छिन माहीं॥ जगमे कोइ काहू को नाहीं॥ अपने अपने स्वारथ आहीं॥ परमारथ काहू नहि पाई॥ ये सब जगत निरंजन माहीं॥ पांच तीनसो सब उपजाई॥ पांच तत्व तीन गुण भारी॥ इनते जुगत दिखाई न्यारी॥ पानी पवन

और जमी अकासा॥ सवपर तेज कीन्ह प्रकासा॥रजतम सात्विक तीनों जाना॥ ब्रम्हाविष्णु महेसरजाना ॥

साखी ।

पांच तीनपर अहै निरंजन, यह माया को ठाट॥ तासो सव रचना करी, भाँति भाँतिके घाट ॥

चौपाई ।

सतगुरुवचन ॥ कहै कवीर सुनो धर्मदासा॥ सकल भेदमैं किया प्रकासा ॥ तुमसो अंतर कछू न राखा ॥ जो कछुह तासो सव कछु भाखा ॥ अव तुम भक्ति करो द्रिढाई ॥ छांड देहु कुल लाज वडाई ॥ पहिले कुल मर्यादा खोओ ॥ सौ सों रहित भक्त तव होवो॥कुलके भय सवही को भारी॥कहांके पुरुष कहांके ना

री॥जाते जगको बंधन कीना॥काज अ
काज न काहू चीना॥ ताते परदा दूर नि
वारो॥सेवा करो सन्त मन धारो ॥परदा
सात कालकी फांसी ॥ ये बंधन दुनियां
सब गासी॥राजा परजा बडे कुलीना॥
पडदे काल मरम नहिं चीना ॥ सेवा
करो छांड मनदूजा॥ गुरुही सेवा गुरु
ही पूजा ॥ गुरुसो कपट करै चतुराई॥
सो जिव जगमें भरमैं आई॥ ताते गुरु
सो पडदा नाहीं ॥ पडदा करे रहै भव
मांहीं ॥ गुरुही माता गुरुही पिता ॥
गुरु समऔर नहीं कोइ देवता॥ गुरु है
खसम और नहिं दूजा॥ जाने कोई अं
स गुरु पूजा ॥ गुरुसे परदा कबहु न क
रिये॥ सरबसले गुरु आगे धरिये॥

साखी।

गुरुकी महिमा को कहे, शिव विरंचि नहिं जान॥गुरू सत गुरु कूं चिनावे, ते पहुँचे निजधाम ॥

चौपाई।

धर्मदास सुन जुगत बताऊं ॥ चौक आर्ती तोहि लखाऊं ॥ अग्र चंदनका चौका दीजे ॥ जोत बराय आरती कीजे ॥ पांच तत्व पांचहै बाती ॥ बाहिर भीतर जोति समाती॥ माणिक दीपक का उजियारा ॥ एकहि बाति जुगत विस्तारा ॥ सेतपान लेहो सुख भारी ॥ अग्र चंदन औ लौंग सुपारी ॥ सेत मिठाई सेस सवारा ॥ यहि विधि चौके का विस्तारा ॥ मेवा कंद कपूर मंगावो ॥ कदली फल सोभा ले आवो ॥

पुहुप फल सुगंध सँवारो ॥ भांत भांत बिंजन अनुसारो ॥ तन मन धन सब अर्पन कीजे ॥ प्रेम सहित ऐसो सुखली जे ॥ पांच ततको भोजन दीजे ॥ ब्रह्म आपनो तिरपत कीजे ॥ काया मायाके सुख येही॥यह सुख करके मिले विदेही॥ मिले विदेही देहे धर नाही ॥ बूझ लेउ तु म मनके मांही॥अब कछु कहिनेकी ना रही॥जुगत हती सो सब हम कही॥भव छूटन को यही उपाई ॥ यहि बिध उतरे भवसागर भाई ॥ सत्य सत्य यह बात हमारी॥जो कोइ समझ करै नर नारी॥ भक्ती करे मुक्ति फल पावे ॥ हमरे स त्त लोक में आवे ॥ कहे कबीर सुनो धर्म दासा॥ छूटे करम भरम सब फांसा ॥

साखी।

धर्मदासो वचन॥करमभरम औ भारसब, दिये भारमें झोंक ॥सत्तगुरुके प्रतापसे, मिट गये सब धोक॥

साखी।

सत्तगुरु वचन॥ये भवतारन ग्रंथहै सतगुरुके उपदेश॥जो मन माने प्रतीत कर, सो पहुँचे हमारे देश॥

चौपाई।

गुप्त भेद सुनो धर्मदासा ॥ आपहि आप भये प्रकासा॥मूल वस्त बीज है भाई ॥उपजे ते पलैं अब जाई॥

साखी।

निह अक्षरते अक्षर भया, अक्षर आद अमी उपजाया॥ आद अमी किया सकल पसारा, फैल गया कछु नाहिं न न्यारा॥सोहँग कला अमीके माहीं॥

सेत बीज झलके तेहि ठाहीं ॥ सेत बीज मूल है माया ॥ तासूंरची सकल की काया ॥ सेतबीजका सकल पसारा ॥ तामें जीव लिया अवतारा ॥ अब अंकूर अमीते भयऊ॥पारस आस फैल सबगयऊ

साखी।

पारस पुरष अधार पर, अमीमाहि एक अंक ॥ आंक माहि नेहे आंक है, धर्मनिहोउ निसंख॥उतपत परलै बीज गंत, बीजाहि आवहि जाय ॥ गुप्त प्रगट जो कछु हता, सो सब दिया लखाय ॥ निह अक्षर ते अक्षर भय [illegible]क्षरकिया प्रकास ॥ अ[illegible] मन [illegible], सु

जीव तत्व, रज सत तम त्रिदेव ॥ इन सबहिनको छांडकर, कर निह अक्षर सेव ॥ जो चाहेसोही मीले, मानो मोर विचार ॥ यही भेद जाने विना ॥ कोई न उतरे पार ॥ भौ भारी भरमत फिरे, मिटै संसे सूल न होय ॥ हँस हिरंबर होय रहा, पला न पकरे कोय॥ कहै कबीर धर्मदाससो, छुटै तुझे संसार॥ यह मेरी परतीत कर, तारूं कुल परिवार॥ अंस वंस परवान गति, नादाबिंद गुरुसीख॥ जो चाहे निह अक्षर, मुक्त आंक सोइलीख ॥

इतिश्री ग्रन्थ भवतारन संपूर्ण॥

श्री।

अथ श्रीग्रंथ दयासागर॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाम,–
साहब,
वंश बयालीसकी दया।

अथ श्रीग्रंथ दयासागर प्रारम्भः॥

गुरु दयासागर ग्यान आगर॥ शब्द रूपी सतगुरुं॥ तास चरन सरोज वंदो॥ सुखदायक सुखसागरं॥ जोग जीत अजीत अम्मर, भाक्ते सत् सुकृतं॥ दयापाल दयालस्वामी, ग्यानदाता अस्थिरं॥ क्ष

मासीलसंतोषसमिता॥ गुरु आनन्दरू
पी साधू हिर्दयं॥सेजभाव विवेक अस्थि
रं॥ निरमाया निरसंशितं॥निरमोहीनि
रवेर निरभे गुरु,अकथकथिता अविगतं॥
उपकार और उपदेशदाता॥ मुक्ति मार
ग सत् गुरुं॥दासभावकी प्रीत विनती॥
गुरुभक्ति करन करावनं॥ चौराशी बं
धन कर्म खंडन॥ बंदिछोर कहायतं॥
त्रिगुणरहिता सत्यवक्ता॥गुरुसत्यलोक
निवाशितं॥ सतपुरुष जहां सत् साहेब
ताहां आप विराजितं॥जुगन जुगन सत
पुरुष आज्ञा॥जीवन कारन पग धारनं॥
दीन लीन अचीन होयके॥ जगतमे डो
लत फीरो॥ करुनामय कवीर केवल॥
सुखदायकं सब लायकं॥जमभयंकर मा

रमरदन ॥ दुःखित जीव छुडायतं ॥ धर्म दासकर जोर बिनवे॥गरु दया करो मन बसकरुं ॥ करूंमे सेवा गरु भक्ति अवि चल ॥ निश दिन रहूं गुरु सुमिरनं ॥

सतगुरुवचन ॥ सतगुरुकी जो अधिक महिमा ॥ गुरुग्यान कुंड नहाईये ॥ भरमीत मन होय अस्थीर, बहुरिन भवजल आइये ॥ साधूसंतकी अधिक महिमा ॥ रहन कुंडन ना हाईये ॥ काम क्रोध विकार परिहर ॥ बहुरिन भवजल आइये॥दास जनकी आधिक महिमा,सेवा कुंड नहाइये ॥ प्रेम भक्ति प्रति वंत द्दढकरो ॥ वहुरिन भवजल आइये ॥ जोगी पुरुसकी अधिक महिमा ॥ जुगत कुंड नहाइये ॥ चंद्र सुरज मन गगन

स्थिर करो॥ वहु रिन भवजल आइये॥
श्रोता वक्ताकी अधिक महिमा॥विचार
कुंड नहाइये॥ सार शब्द निवेर लीजे
वहुरिन भवजल आइये॥ धर्मदास प्र
कास सत् गुरु अकह कुंड नहाइये॥स
कल कलिमलधोय निर्मल॥वहुरिन वहु
जल आइये॥ गुरू संत समाज म
ध्ये॥ भक्ति मुक्ति द्रढाइये॥सुर्त ले सत्
लोक पौंचा॥ वहुरिन भवजल आइये॥
साहेब कवीर प्रकाश सतगुरु॥ भली सु
मत द्रढाइये॥ सारमे तत सार कहिये॥
सोही अकह कहाइये॥ धर्मदास तत खो
ज देखो॥ततमे निहतत्त है॥ कहे कवीर
नहिं तत दरसे॥आवागमन निवारिये॥

इति श्रीदयासागर संपूर्ण॥

श्री

अथ सतनाम लिख्यते ग्यान स्तोत्र।

सत्य ताम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूणामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नान, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंथ्री उग्र नाम, दयानाम,—
साहब,
वंश बयालीसकी दया।

अथ श्रीथंग्र ग्यान स्तोत्र ॥

सत सत के नामसे सत सागर भरा॥सत सतके नामसे त्रिलोक साजा ॥ संतजन आरती करे प्रेम टाली वजे॥ढोल निशान मृदंग बाजे॥सबद सांचा किया॥नाम निहचेलिया॥सुंनके शिखरपर ब्रह्मांड गाजा॥सत कबीर सर्वंग साहेब

मिला॥बूझो सत नामको रंक और रा
जा॥हमही दीन दुनी दरवेश॥हम दुवा
सलाम अलेखा॥हम रोम रोम में पीरा॥
हम फाका फकन फकीरा॥हमरमें किन
की लार॥ हम चले किनकी चाल॥ ह
म सबंगी सेजेरमें॥ हमारा वारन पार॥
वारही हमही पारही हमही॥नाना दर्या
व की तीर॥ में सकल निरंतर हम रमें
हम गहिर गंभीर॥ खलखलक खलक
मुजमांही॥ येउ गुरु कवीर कहे सत
नामकी आरती॥निरमल भये सरीर॥
धर्मदास लोके गये॥ गुरु बया मीले क
वीर॥धर्मदास लोके गये छांड सकलसं
सार॥ हंस न पार उतारिये॥ गुरु ध
र्मदास परिवार॥ सत्त सुक्रित लौलीन

है ॥ ग्यानं ध्यान अस्थीर ॥ अजावन
में पुरुस है, सोहंग लागे तीर ॥ अजाव
नसे जावन भये ॥ जावनसे भये मूल॥
चौदह कोटी वासना॥रही कली में पूर॥
कबीर धर्मदासकूं मीले ॥ लिखपर
वाना दीन॥आद अंतकी वीनती ॥यही
लोकू चीन ॥ आंत लौलीन ॥ चीनत
शब्द स्वरूपी ॥ सुनी अकासवानी ॥
विनादेह साहेब निरालंब जाने ॥ जाने
जनावे कहावे नदेवा ॥ ऐसा तत पूजे
पुजावे लगावे न सेवा॥सदा ध्यान धारी
अखंडो निरासा॥सदासंत पीवे न जाय
प्यासा ॥ परम ध्यान धीरा उदासी य
केला ॥ लौलीन जोगी न गुरु ग्यान
मेला ॥ मिलंता चलंता रहेता अपारी ॥

ऐसा द्रष्टि देखो अनंता विचारी॥ सदा चितवंत चितवंत सूरा॥ऐसा ख्यालखेले खेलंता हजूरा॥ग्यानोन ध्यानो न मानो नहीं चंदे न तारा॥उगंते न भानु आगेन पीछेन मध्येन कोई॥ जौंका जलवंबहै तत सोई॥ डालोन मूलोन बृच्छोन छाया॥ जीवोन सीवोन कालोन काया॥ द्रष्टीन सृष्टीन देवीन देवा॥जापो न थापो न पूजा न सेवा॥नहीं पवन पाणी न चंदे न सूरा॥ अखंडित ब्रह्महै सोही सिद्ध पूरा॥हूं नाहीं तूं नाहीं बंदो न भाई॥निराधार आधार रंको न राई॥ गावे न ध्यावे न हेली न हेला॥ नारी न पुरुषो न खेली न खेला॥ नहीं पेट पुष्टी न पाँयो न माथा॥जीवो न सीवो न नाथो न अना

था ॥ शेषो महेशो गनेसो न गानन्न ॥
गोपी गुवालन न कंसे न कानं ॥ आ
सेन पासेन दासेन देवा ॥ आवे न जावे
लगावे न सेवा ॥ नहीं आरपारा नहीं
रे हजूरा॥जौंका तौं तत गहिरे गंभीरा॥
यंत्रे न मंत्रे न दर्दे न धोखा ॥ नर्गेन सर्गे
न संसे न सोखा॥सेते न पीते न सब्जे न
लालं॥गोरे न सँवरे न बुढ्ढे न बालं॥भेदा
अभेदा न खेदा न कोई॥सदासुर्त सोहंग
एके न दोई ॥ जाने जनावे कहावे सो
सूरा॥आरे न पारे न नहींरे हजूरा ॥ ना
देन बिंदेन जिंदेन देवा ॥ निरंतर ब्रह्म है
शक्ती न सेवा ॥ नहीं जोग न जोगी भो
गी न मुक्ता॥ सच्चित्तानंद साहेब बंदेन
भुक्ता॥खेले खिलावे खिलावे सो खेले॥

एकहै अनेकहै अनेकहै सो एकहै॥चित
वंत चितवला दासो अनंतर नहीं॥आद
अंत और मध्य सदा सुख परम गुसांई॥
अकह कहनमें नाहीं॥कहे न कहूं तो कै
सा॥नाही न ब्रह्म समान॥ आद ब्रह्म जै
से के तैसा ॥ कहे कवीर हम खेले सेहे
ज स्वभाव ॥अकह अडोल अवोल॥वो
ल निरंतर ब्रह्महै सत्ती सोहंग सोई ॥ खे
ल खेला हमही जहां तहां रसातल सब
ही॥ वा सबनमें एक समता॥तामे आ
न बसा एक रमता॥वारमताकू लखे जो
कोई॥ताको आवागमन न होई॥ओहंग
सोहंग सोहंग सोई ॥ ओहंग कीलक सो
हंग वाला॥सोहंग सोहंग बोले रसाला ॥
कीलक कमोदक कवत चारगुरु पीर ॥

धर्मदासकूं शब्द सुनाया सतगुरु सत् कबीर ॥ बाजे नाद भई परतीत ॥सत् गुरु आये भौजल जीत ॥ बाज गाज साहेब के दरबार ॥ मारे कुटिल दगा बाज॥हिंदूके गुरु मूसलमीनके पीर ॥ बोलो संतो सत्त कबीर कबीर ॥

ग्यान स्तोत्र संपूर्ण ॥

लिखते ग्यान गोदडी ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष, सुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगट नाम, धीरज नाम, पंथ्री उग्र नाम, दयानाम,— साहब, वंश बयालीसकी दया ।

सत्तनाम ॥ लिखंते ग्यान गोदडी ॥

धर्मदास एक बिनती कीन्हा ॥ ज्ञान गोदडी पूँछके लीन्हा ॥ साहेब ग्यान गोदडी का कहो संदेसा ॥ जासे मिटे जीवका अंदेसा ॥

सतगुरु वचन ॥ अलख पुरुष जब किया बिचारा ॥ लख चौरासी धागा

डारा ॥ पांच तत्वकी गोदड़ी बीनी ॥ तीन गुननसे ठाडी कीनी ॥ तामे जीव ब्रह्म और माया॥ समर्थ ऐसा खेल बनाया ॥ पांच पचीसों जीवन लागे ॥ काम क्रोध मोह मद पागे ॥ काया गोदड़ीका बिस्तारा ॥ देखो संतो अगम सिंगारा ॥ चांद सुरज दो पीवन लागे ॥ गुरु प्रताप ते सोवत जागे ॥ शब्दकी सुई सुरतका डोरा ॥ ग्यानका टोपन सरजन जोडा ॥ अब गोदड़ीकी करो हुँशयारी ॥ दागन लगैदेखो विचारी ॥ सुमतकी साबुन सो रज धोई ॥ कुमति मैलको डालो खोई॥ जिन गुदडीका किया बिचारा ॥ तिन ही भेटे सिरजन हारा॥धीरज धूनि ध्यान कर आसन ॥ सत्त कोपीन सहज सिं

घासन॥ जुगत कमंडल कर ग्रहि लीना॥ प्रेम पावडी मुरसिद चीना ॥ सेली सील विवेकी माला ॥ दयाकी टोपी तन धर्म साला ॥ मेहर मतंगा मद बैसाके ॥ मृग छाला मनहीमे राखे ॥ नहचे धोती प वन जनेऊ॥ अजपा जपेसो जाने भेऊ॥ रहे निरंतर सत्तगुरु दाया ॥ साध संगत सो सव कुछ पाया ॥ लकुटी लेके हिरदै जोडी ॥ क्षमा खडाऊ पहर बहोरी ॥ मुक्ति मेखला सुबुधि शरवनी ॥ प्रेम पियाला पीवे मौनी ॥ उदास कूबरी कला निवारी॥ ममता कुत्ती कूं ललकारी॥ जुगति जंजीर बांध जब लीना ॥ अगम अगोचर खिडकी चीना॥ वैराग्य त्याग विग्यान निजध्याना॥ तत तिलक दिया नि

बाना॥ गुरुगम चकमक मस सब तूला॥ ब्रम्ह अग्नि प्रगटकर मूला ॥ संसै शोक सकल भ्रमजारा ॥ पांच पचीसूं प्रगटै मारा॥दिलकी दर्पन दुबधा खोई॥ सो बैरागी पक्का होई॥सुंन महल मैं फेरीदेई ॥ अमृत रसकी भिक्षा लेई ॥ दुख सुखमेला जका भाव ॥ त्रिबेनीके घाटै नाव ॥ तनमन खोज भया निर्बाना ॥ सो लख पावे पद निर्बाना ॥ अष्ट कँवल नौ चंक्र सूजे॥जोगी आप आपकू बूजे ॥ इंगला पिंगलाके घरजाई॥ सुषमना नार जहां ठैराई ॥ ॐग सोहंग तत्त बिचारा॥ बंक नालमें किया सबा मनस गग

बैराग देव नहिं दूजा॥खुलगये कल मल मिले अलेखा॥ ये नेनौं साहेब कूं देखा॥ अहंकार अभिमान बिडारा॥ घटका चौका करो उंजियारा॥ चितकर चंदन तुलसी फूला॥ हितकर संपुट करले मूला॥ सरधा चँमर प्रीतका धूपा॥ नौतम नाम साहेब का रूपा॥ गुदडी पेहेरे आप अलेखा॥ जिन है प्रगट चलायो भेखा॥ साहेब कबीर बक्ष जब दीना॥ सुर नर मुनी गोदडी लीना॥ग्यान गूदडी पढै प्रभाता॥ जनम जनम के पातक जाता॥ग्यान गोदडी पढै मध्याना॥ सो लख पावे पद निर्बाना॥ संध्या सुमरन जो नर करही॥ जरा मरन भव सागर तरही॥ कहै कबीर सुनो धर्मदासा॥ ग्यान गोदडी करो प्रकासा॥

साखी।

माला टोपी सर्वनी, सतगुरु दिया व क्षीस ॥ पलपल गुरु कूं बंदगी, गुरु चरण नमाऊं सीस ॥ भव भंजन दुःख हारन, अंवर करन सरीर ॥ आद जुगादी आप हो, सत गुरु सत् कबीर ॥ संपूर्ण ॥

श्री

अथ श्रीग्रन्थ चितावनी ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूड़ामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाम,– साहब,

वंश बयालीसकी दया।

सत्तनाम ॥ लिखंते चितावनी ॥

कबीर जनम जाय पुकारिया, धर्मराय दरबार ॥ हंस मेंवासी होरहा, नहिं लागे फास हमार ॥ तुमरी शंका ना करै, हमारी धरो ना धीर ॥ सतगुरु केवल गाजिये, सो कहे कबीर कबीर ॥

धर्मराय बचन॥ कबीर कहे वाकूं जाने दे, मेरी दसी न जाय॥ खेवट याके नावपर, चढे घनेरे आय॥ बाजा बाजे रहतका, पडा नगरमे सोर॥ सतगुरु ख सम कबीर है, मेरी नजर न आवे और॥

सतगुरुबचन॥ सत्का शब्द सुनभाई॥ फकीरी अदल बाछाई॥ सादू बंदगी दीदार॥ सजे उतरो साहेर पार॥ सोहंग शब्दसे कर प्रीत॥ अखंड अनु भगडकूं जीत॥ तनमें खबर कर भाई॥ जामें नाम रोशनाई॥ सुर्ती नगर वस्ती खूब॥ बेहद उलट चढ महबूब॥ सुर्ती नगर मे कर सैल॥ जामे आत्माको महल॥ अंबरी सींद मूलमे लाव॥ जा पे रखो बांयां पांव॥ दहिना मध्यमे धरना॥ आ

सन अंबर यौं करना ॥ द्वादस पवन भर पीजे ॥ ससी घर उलट चढलीजे ॥ तन मन वार कर लीजे ॥ तन मन सहित राखो स्वास ॥ इस विध करो वेहद वास ॥ दोनो नयनके कर वान ॥ भमरा उलट कस कमान ॥ पर्वत छिपा दर्या आन ॥ करले त्रिकुटी अस्नान ॥ सहजे परस पद निर्बान ॥ तेरा मिटे आवा जान ॥ जामे गयवका बाजार ॥ सरोवर दिसे दोई सो पार ॥ जापे खडा कुदरत यार ॥ सोभा कोटि अगम अपार ॥ लागे नौ लख तारा फूल ॥ कर्नी कोट जडिया मूल ॥ ताको देखना मत भूल ॥ रमता राम आप रसूल ॥ माया भरमकी काची ॥ देखो अंदरकी सांची ॥ वरसे नीर

बिनमोती ॥ चंदा सुरज की जोती ॥ झलके झल मला न्यारी ॥ ता बिच अल फहै क्यारी॥ मानो प्रेमकी झारी॥ खुली है अगमकी बारी ॥ बेडा भरम का खो या ॥ दीपक नामका जोया ॥ जोगी जु गत सों जीवै॥ प्याला प्रेमका पीवै॥ मा हेला पीव कूं दीजे॥ तन मन कुरबान क रलीजे ॥ पडीहै प्रेमकी फांसी ॥ मनवा गगनका बासी बाजे बिना तंते तूर ॥ स हजे उदै पच्छम सूर ॥ भौंरा सुगंध का प्यासा ॥ कियाहै कमलमें बासा ॥ रम ता हंसहै राजा ॥ सहजे पलक यह अ वाजा ॥ सुंदर श्याम घनलाया ॥ बादल गगनमें छाया ॥ अमृत बूंद जल लाया देख दोय नयन ललचाया ॥ अजब दी

दार कूं पाया ॥ दर्या सहजमें न्हाया ॥ दर्या उलट उगम्या नीर ॥ ता विच चले चौसट सीर ॥ हंसा आन बैठा तीर ॥ सहजे चुगे मुक्ता हीर ॥ मिलाहै प्रेमका प्यारा ॥ नहीं है नयन सों न्यारा ॥ जीवत मृतुक न व्यापेकाल ॥ ज्यों त्रिकुटी सो पलक न टार ॥ पलका पीउसे लागा ॥ धोखा दिलका भागा ॥ चितावनी चित विलास ॥ जबलग खडे पिंड और स्वास ॥ सोहं शब्द अजपा जाप ॥ ताहैं कबीर साहेब आपो आप ॥ चितावनी चित लग रही, अगम लखे ना कोय ॥ अगम पंथका महल है, अनहद बानी होय ॥ नाम नयनमें रम रहा॥ जाने बिरला कोय ॥ जाको मिलिया सतगुरु ॥ ताको

सुंनमें जोत जग मग जगाई ॥ निरा
कार आप जहां बेद अस्तुति करे ॥ ती
नहूं देवके पिता ताहीं ॥भगवान तिनके
परे स्वेत मूरति धरे ॥ भगकी आन जि
न कूं रहाई ॥ महा सुन्‌ स्थान बैकुंठके
ऊपरे ॥ अनहद बाजा बजे तांहां ठां
ई ॥ चार मुकाम परे खंड सोला कहा ॥
इंडही तेज तामें रहाई ॥ इंडके ऊपरे प
रम धाम अचिंतको ॥ तासकी निरखि
ये प्रेम बानी॥ चारही भान अंजोर तहां
कामनी ॥बरन बहुरूपकी खान जानी॥
सहस्र द्वादश रूह संग रहत है ॥ करत
किलोल बहु भांत सेती ॥ ताहिके बर
नकी कौ [illegible] ॥भरीहै देह सब
नूर [illegible] तामें ज
ड [illegible] ॥ स

श्री

लिखते दसमुकामी रेक्ता ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष, मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगट नाम, धीरज नाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाग,–
साहब,
वंश बयालीसकी दया ।

सत्तनाम ॥ लिखंते दस मुकामी रेक्ता॥ चले जब लोक कूं सोक सब तागिया॥ हंसका रूप सत् गुरु बनाइया ॥ नासूत कूं छांडके मलकूतकूं पोहोंचिया ॥ विष्णुकी ठाकुरी देख भाई ॥ इंद्र कुबेर जहां रास रंभाकरे॥देव तेतीसकोट तहां रहाई॥ छांड बैकुंठ कूं हंस आगे चला॥

मालुम होय ॥ झंडा रोपा गयबका,दोय पर्वतके संध ॥ साधु पिछाने शब्दको, दृष्टि कमलको बंध॥झलके जोती झलमला ॥ बिन बाती बिन तेल ॥ चौदस सूरज उगमियां ॥ ऐसा अद्भुत खेल ॥ जाग्रत रूपी रहत है ॥ सत् मत गहिर गंभीर ॥ अजर नाम बिनसे नहीं॥ सोहंग सत्त कबीर ॥

इति चितावनी संपूर्ण ॥

श्री

लिखते दसमुकामी रेक्ता ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष, मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगट नाम, धीरज नाम, पंथ्री उग्र नाम, दयानाम,–

साहब,

वंश बयालीसकी दया।

सत्तनाम ॥ लिखंते दस मुकामी रेक्ता॥ चले जब लोक कूं सोक सब तागिया॥ हंसका रूप सत् गुरु बनाइया ॥ नासूत कूं छांडके मलकूतकूं पोहोंचिया ॥ विष्णुकी ठाकुरी देख भाई ॥ इंद्र कुबेर जहां रास रंभाकरै॥देव तेतीसकोट तहां रहाई॥ छांड बैकुंठ कूं हंस आगे चला॥

सुंनमें जोत जग मग जगाई ॥ निरा
कार आप जहां बेद अस्तुति करे ॥ ती
नहूं देवके पिता ताहीं ॥भगवान तिनके
परे स्वेत मूरति धरे ॥ भगकी आन जि
न कूं रहाई ॥ महा सुन् स्थान बैकुंठके
ऊपरे ॥ अनहद बाजा बजे तांहां ठां
ई ॥ चार मुकाम परे खंड सोला कहा ॥
इंडही तेज तामें रहाई ॥ इंडके ऊपरे प
रम धाम अचिंतको ॥ तासकी निरखि
ये प्रेम बानी॥ चारही भान अंज़ोर तहां
कामनी ॥बरन बहुरूपकी खान जानी॥
सहस्र द्वादश रूह संग रहत है ॥ करत
किलोल बहु भांत सेती ॥ ताहिके बर
नकी कौन महिमा कहूं ॥भरीहै देह सब
नूर सेती॥ महल कंचनके मनी तामें ज
डी ॥ सत्रमा खंड है अचिंत राजा ॥ स

कल सुख साहिबी तासु संग देखिये ॥व
जे अनहद अगाध वाजा ॥ अचिंतके
ऊपरे स्थान सोहंगको ॥ हंस हजार छ
त्तीस विराजा॥ नूर का महल जहां नूर
की भोमका ॥ महा आनंदको कंद सा
जा ॥ करत वहु भांत सो हंस आनंद ज
हां॥ संग सव साथ सोहँग राजा ॥ धीरज
हीइंडमें राजा है तासका ॥वरन वहु रूप
उजियारसाजा ॥ सोहंगके ऊपरे मूलही
सूर्त है॥ संगहै हंस वावन हजारा ॥रूप
की रास सव रूप उनसे भया ॥ उपमा
नहीं दूजी विराजा॥ क्षमासो इंडमें मूल
हीसुर्त हे ॥करत वेहार संग हंस राजा ॥
एकही वर्नसव हंस जो देखिये ॥रूपकी
रास आनंद साजा ॥ सुरतसें भेटके शब्द

की डोरचढ॥ देखमुकाम अंकूर केरा॥स
कल सुख साहिबी तासुके संग है ॥ सुरत
अंकूरका तहां बसेरा॥ सतही इंडमें तास
की साहबी॥सहज कहूं कहा रूपकी रा
स साजा ॥एकही बरन हंस जहां देखि
या ॥ जग मगे जोति बहु रूप छाजा॥
अस्तान पर हंस जो पोहोंचिया ॥ पल
एक बिलंबके ताहां दियो डेरा ॥ देख छ
वि रूप प्रकाश बहु भांत ताहां ॥ जगम
गे जोति ताहां हंस केरा ॥ सुमति सो इं
डमें सहजकी साहबी ॥ सकलही हंस
मिल करत किरला ॥ बदन उजियार छ
वि रूप नीका बनी॥ भानु प्रकास जि
मि कमल फूला ॥ वहांते डोर मक्र ता
रकी लागियां ॥ तांही डोर चढे हंस को

ई ॥ भया आनंद फंद सब छूटिया ॥ पों होचिया जाय सत् लोक सोही ॥ गाय वजायके सकल सब साजके ॥ हंस वहु भांत सो लेन आये ॥ जुगन जुगनके बी छुरे मिले तुम आयके ॥ धायके प्रेमके अंग लगाये॥पुरुषने दरस जब हंसकूं दी निया॥तापत्रय जनमके सकलजाई॥रू प जब पलटके भया सब एकसा॥मानहू भान षोडस उगाई ॥ पोहोपकी सेज अमृत भोजन करे ॥ शब्दकी देह जहां हँस पाई ॥ पोहोपही द्वीपमें पुरुषका वा सहै॥ सच्चितानन्दहै आपसोई॥असंखहै दामिनी विबिधि बिधि दमकही ॥गरज घनघोर झड झमक लाई ॥ गर्ज तहां शब्दको होत सोहावनो ॥ सुनत सब हँ

स सुख प्रेम लाई ॥ करत बिन्हार मन भावनी मुक्ति जहां॥कर्म और भर्म सब दूर भागा॥जूथही जूथ जहांहँस संग रहत है॥ भान षोडस शशि अंग लागा ॥ एकही बर्न सब हँसका देखिया ॥ भर्म अरु कर्म सब दूर भागा॥ रंक और भूपकी परख जहां नां पडै ॥ प्रेम किल्लोल बहु भांत पागा ॥ काम अरु क्रोध मद लोभ अभिमानका ॥ त्याग दिया जैसे तोड धागा ॥ पुरुषके बदनकी कोन महिमा कहूँ ॥कोटि शशि भानु एकरोम लागा॥ जगतमे उभय छबि तासकी नांहिं कोई॥ उपमा देत कोई करै लेखा ॥ जैसे पात बनस्पति नदीकी रेनुका॥नक्षत्र सकल मिलि करै लेखा ॥ केत्तेक चन्द्र सूरज

जो ऊगिया ॥ नखनकी शोभा कोई ना
हिं पेखा ॥ पुरुषके बरनकी कौन महि
मा कहूँ ॥ मुखसे कहे कछु नाहीं आई ॥
पान प्रवाना जिन बंसका पाइया ॥ पो
होचिया जाय सत्तलोक सोई ॥ कहे क
बीर यहि भांति जिवआइया ॥ खोलके
राह हमकही सोई ॥

दशमुकामी रेक्ता संपूर्ण ॥

श्री

अथ श्रीग्रंथ रेक्ता कायाका प्रारंभः ॥

सत्य नाम, सत्य सुकृत, आदि अदली, अजर, अचिन्त्य, पुरुष मुनिन्द्र, करुणा मय, कबीर, सुरति योग सन्तायन, धनी धर्मदास, चूडामणि नाम, सुदर्शन नाम, कुलपति नाम, प्रमोध गुरु बाला पीर नाम, केवल नाम, अमोल नाम, सुरति सनेही नाम, हक्क नाम, पाकनाम, प्रगटनाम, धीरजनाम, पंश्री उग्र नाम, दयानाम,–
साहब,
बंश बयालीसकी दया ।

रेक्ता कायाका ।

कहोरे पंडिता घटका रेक्ता ॥ काया का भेद कहो कोन पाया ॥ षोडस सुंन काया घट बीचमें ॥ गगन एकवीस ता में बसाया ॥ तीन भँवर गुफा बनी॥ आली सेतमें रंग जहां समताया ॥ त्रिकुटी तीन पुनि त्रिवेनी तीन है ॥ तीनही वंक

नाल घटमें बताया ॥ द्वादश कँवल औ
र चतुर्दश द्वारहै ॥ चार द्वार कपाट ला
यां ॥ छतीस नीरहै पचासी पवनहै ॥
कहो कोन कँवल तामे बसाया ॥ तीनही
नाद अनहद बाजा बजे ॥ कोनसे नाद
सों ध्यान लाया ॥ तीन अस्तान पर ती
न जोति जगमगे ॥ चौथा सत्त नूर को
ई संत पाया ॥एकादश अजपा बसे घट
भीतरे ॥कोन अजपा सो मन रिझाया॥
कहे कबीर तूं शब्दकी खोजकर ॥ काहे
को बात बकबाद लाया ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

सत्तगुरु शब्दकी टेक दम साधके ॥
शब्द जो शब्दहीको अहारीहै ॥ अग्नी प
चंड की जुक्ति बडी बखानी॥करमके सं

ग ले कुमति जारी॥उनमनी ध्यान गही धसी सुंनमे॥चित चैतन्य से लगीतारी॥ कहे कबीर भवसिंधका तरना॥ब्रह्म कं गहेसो ब्रह्मचारी॥ संपूर्ण॥

रेक्ता।

नाम निर्बानकर॥जीव खुर्बान कर मान तूमानरे वचन मेरा॥ सुषमना घा टपर संत आसन करै॥करम और भरम सब मिटै तेरा॥ सुंन्न दर्यावमे हंस मोती चुगे॥ चुगत चुगत नर करत किल्ला॥ कहे कबीर तुम सांच कर मानियो॥ गुरु और शिष्यका वही मेला॥ संपूर्ण॥

रेक्ता।

धन धन कबीरका ग्यान यारो॥ पुस्तक पुरान का पीव है जी॥ जैसे फूलसे अंतर काढलीया॥ दधि दूधके घी

चमें घीव है जी ॥ तारोमें बडा चंद सो भे॥ देवतावोंमें बडा शिव है जी ॥ कुरान पुरान से पिंड रचा ॥ कबीरके कथनीमें जीव है जी ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

भूलमत भांड हो मांड है रांडकी ॥ रांडही सांड अवतारजाया॥जोग जग्य व्रत धरम पूजा॥आद ॐकार लगहै माया॥ वेद पुरान कुरान सबही मिलै॥ आगली रांडका पीछली गीत गाया ॥ रास बिलास सब रांडका जीव है ॥ खांडका मेलकर रांड खाया ॥ कहे कबीर कोई हंस पियासे मिले ॥ फेर रांडकी पिंडमें नहीं आया ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

झिलमिल झिलमिल वरसे नूरा ॥

साहेब मेरा खडा हजूरा ॥ कस्तूरी मृगा के पासा॥ ढूंढे आप सूंगे घासा॥ कहे कबीर गुरु गमका होई॥सब घट तत् लखेगा सोई ॥ संपूर्ण ॥ ६ ॥

रेक्ता।

कहूं रेक्ता दुर्ध देसका ॥ जोत और नूरका कामनाहीं ॥ सेष कर्तार तो पार पावे नहीं ॥ दस औतार कूं गमनाहीं ॥ वेद कतेब दोनो सो भेद न्यारा रह्या ॥ तहां तो अकेला आपसांही ॥ सांच और झूंठ बिच पडगया अंतरा॥ कहो जी सांचतो झूंठका काम नाहीं ॥ कहे कबीर ओ पुरुषतो अगम है॥ पोहोंचे कोई संत वा देश तांई ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

झीन परझीन गुरु ग्यानके ध्यानमें॥

ध्यान गरकायरहिताय लेखा ॥ झिल मिली जोत जहां झनकार वाजा वजे॥ दिलके वीचमें एक चंद देखा ॥ कोट ब्रह्मा जहां वेद पढते रहै॥कोट शंभू ज हां जापजपता ॥ नारदा सारदा हात बांधे खडे ॥ राव और रंक कूं कौन गि नता ॥ चांद सूरजकी गंमनहीं जहां ॥ बेद पुरानकी कौन सुंनता ॥ कहे कबीर कोई लखै निज नाम को ॥ नावपर वैठ कोई संत पार होता ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

आसमानका आश्रा छोडदे प्यारे ॥ उलट देखो घट आपनाजी॥आपमें आप तैतीक कर देख ले॥ छांडदे मनकी कल पनाजी ॥ बिन देखे निज नाम जपे ॥ सो तो रयन का स्वप्नाजी॥साहेब कवीर

दीदार प्रगट देखा ॥ फिर जापकिसीका जपना जी ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

बाजीगर बाजी रची बाजी विस्तारा॥बाजीसे बाजी रमें बाजीगर न्यारा॥ काम क्रोध अहंकार का ले डमरू बजाया॥जलथल माहीं जीवता बाजी ये भरमाया॥ अहंबाज ममता चढी नव डोर पसारी॥ मोहो ढोल बाजे सदा खेलै नरनारी ॥ सुख दुखको गोटा उछले माया मदचीना॥ ब्रह्मा विष्णु महेश कूं बाजी ये सब कीना॥चंचल था सो निश्चल किया निर्भय घर आया ॥ कहे कबीर जिन बाजी तजी ॥ उन बाजीगर पाया ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

बैठ रहूं जब बैठ रहे ॥ ऊठ चलूं जब

आगे धावे॥सोय रहूं तव सुभमे रहता ॥ उठ बैठूं तब कंठ लगावे ॥ मौन रहूं चल बोल उठूं ॥ जब आंख मूं दूं तब माहिं स मावे ॥ सतगुरु संग रहत निसवासर ॥ हात पसारूं तो हात न आवे ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

फारसी पंच मुकामी ॥ चार पीर चौ दा बानी बेद चारि पीजे ॥ काया हसी द मन मुल्ला ॥ बिन गुरु पंथ ना सूजे ॥ औल मुकाम जमरुद ॥ गुदामे बैठके मु ख ब्रम्ह मंत्र जब्राईल॥ पीले आस्वार काफील जैसे हुआल्ला ॥ दुजा मुकाम नासूत है ॥ नाभीमे बैठके नासिका ब्रह्म मंत्र ॥ न कायल हंस आस्वारहै॥ आम ल जेते हुआला ॥ तीजा मुकाम मल्कु त है ॥ हिरदेमे बैठके गोस ब्रम्ह मंत्रा

आजाईल॥ मोर आस्वार आलमजेते हू आला ॥ चौथा मुकाम लाहूत॥ त्रिकुटी में बैठके चस्मा ब्रम्ह मंत्र है ॥ आस्राफील सहेर आस्वार है॥ आतस चलती है तेजहू अलाहा ॥ पांचवा मुकाम हाउत है॥ आर्स मे बैठके सुंन ब्रह्म मंत्र है ॥ आज्राइल तत्क आस्वार है ॥ मुक्बा आला हजरत रसूल है ॥ छठवा मुकाम आला हुसलाम ॥ सत गुरु मूर्ती सदा सत् कहे॥ आतीत फकीर वेद पुरान व्याकरन पढे हैं ॥ आजर नीसाफ सोहू आला ॥ महमद अवतार कहिये तहां ॥ चार गुरु चार पीर येही मता कहे कबीर ॥ जमीनहै जमीनके तलीन ॥ तलका दरवाजा कौ

न है ॥ जुवानहै जुवान का नाम क्या
है ॥ मंत्र जब्राईलहै ॥ हजरत महु दो
नहै (फेफसा) फेफसा के तले कोनहै
(नाकहै)नाकका नाम क्याहै॥ मंत्र आ
स्राफी लहे ॥ अग्नी पीताहै ॥ पीता के
तले कोनहै (आंखीहै) आंखी का ना
म क्याहै ॥ मंत्रमे का ईलहै ॥ आला
नाम कलेजाहै ॥ कलेजाके तले कोनहै
(स्यारहै) स्यार का दरवाजा कोन है
(कानहै) कान का नाम क्याहै ॥ मंत्र
ज ब्राईलहै ॥ दिलहै लामहै (गोदरी है)
सवा हातकी तोराहै ॥ आलाहा नाम
आदीहै ॥ सतगुरु नाम कबीरहै ॥

इतिपंचमुकामी रेक्ता संपूर्ण ।

रेक्ता गावनेका।

खलक सब रयनका सपना ॥ समज देखो कोई नहीं अपना ॥ कठिनहै लोभ की धारा॥वहा सब जाय संसारा॥टेक॥

घडा जानूं नीरका फूटा ॥ पात जैसे डालसे टूटा ॥ यही नर जान जिंदगानी ॥ सबेरा चेत अभिमानी ॥ १ ॥ मत भूलो देख तन गोरा ॥ जगतमे जीवना थोरा ॥ तजो मद लोभ चतुराई ॥ रहो निसंख जगमांही ॥ २ ॥ सजन परिवार सुत दारा॥उसी दिन होयगा न्यारा॥ निकस जब प्रान जावेगा ॥ कोई नहिं काम आवेगा ॥ ३ ॥ ॥ सदा मत जान यह देहा ॥ लगावो एक नामसे नेहा॥ कटे भ्रम जालकी फासी ॥ कहे कबीर अबिनासी ॥ ४ ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

समज मन सोच अवकीना॥गुरूसे बूझनां लीना ॥ कहांसे रंग ये आया ॥ नहीं कोइ मोह्य वतलाया ॥ टेक॥

सुर्त है रंगकी प्यासी ॥ पपैया भया वनवासी ॥ आवे नाहिं हात या करनी ॥ सुधारो जाय गुरु चरनी ॥ १ ॥ मिले मुरसिद मेहेर करके ॥ मुरीदा नाम ल खाया है ॥किताबां खोल दिल अंदर ॥ हकीकत कह सुनाया है ॥ २ ॥ है कोई गयवकावासी॥ लखावे ग्रान प्रकासी॥ वसावे गयवका खेडा॥ मिटावे भरम का वेडा ॥ ३ ॥ अचंबा देस है न्यारा ॥ लखे कोई नामका प्यारा ॥ पिया है प्रेमका पानी॥संत जन लेहु पहिचानी॥ ॥४॥ निस दिन मोहिना भूले ॥ विरहके

झोकमें झूले॥ सरन जब कबीरकी धा
वे॥इलाही ग्यान भरपावे ॥संपूर्ण॥

लगन है जाहि सूं लागी ॥ प्रीत क
र कपट छल त्यागी ॥करो पद बंदगी
सेवा॥ तजो सब इष्ट और देवा॥ टेक॥

निरामय रूप नहिं रेखा ॥ सकल
घट वस्तु निज देखा॥जाहि सुर शंभु अ
जध्यावे॥ वेद पुरान श्रुति गावे॥ १ ॥
नाम यक रूपहे सोई ॥लखावे ताहि
ना कोई॥ मिलै कोइ गैबका भेदी॥ ल
खावे चक्रको छेदी॥ २॥ पिया जद प्रे
मका प्याला ॥ हुवा रस चाख मतवा
ला॥अमल रस भक्तिका भीना॥झुके
चहुं ओर रहे दीना॥ ३ ॥ कटी जब न
यनकी झांई॥ पडे लख गगनमें सांई॥

कवीर गुरु सब्द कहि भाखा ॥ नीर पद सीस पर राखा ॥ ४ ॥ संपूर्ण ॥

रेक्ता।

चली हूं खोजमैं पिउकी ॥मिटै नहिं सोच या जिवकी॥भई मैं देहकी भोरी॥ न जानत हालको मोरी ॥ टेक॥

बहै नित नयन में पानी ॥ जनम गये बाद हम जानी॥ कछुक दिन खेलमें खोया ॥ समज ओहि बात अब रोया ॥ १॥ घोर जो करम मैं कीना॥सांईका रूप नहिं चीना ॥ रहे नित पासही मेरे ॥ न पाऊं यार कूँ हेरे॥ २ ॥ विकल चहुं ओर कूं धावे॥ तोऊ नहिं कन्थ कूं पावे॥ धरूं केहि बातसों धीरा ॥ गयो गिर हाथसे हीरा ॥ ३ ॥ कबीर गुरु शब्द कहि

भाखा॥नयनमें यार को राखा॥कहे दुख दूर ना होई ॥ लगीहै जानेगा सोई॥४॥

रेक्ता।

लगा सत्नाम से नेहा ॥ भया सब करमका क्षेहा ॥ जगी जब आतमा अंधी ॥ तजी सब देह या गंधी ॥ टेक ॥

दिया जिन प्रेमका प्याला ॥ पिवत ही हुवा मतवाला ॥ मिला जब प्रीतम प्यारा॥ सदा दिल तिनो परवारा ॥ १ ॥ पकडके जहां लेजाई ॥ दयाकी कोठडी तांई ॥ पलंगपर सेज यों दमके ॥ मनो घन दामिनी चमके॥ २ ॥ लगे शशि भान से तकिया ॥ जगा मग जोति जगमगिया॥ सो साहेब आप जहां पौढै॥ कपडा प्रेमका ओढै ॥ ३ ॥ जहां कर जोडके ठाढी॥धनीसों अर्ज कर गाढी ॥

हुकम हजूरको पाऊं॥ अलखके चर नमें जाऊं॥४॥ अरज यह एकहै मेरी॥ भई तुम चरन कीचेरी॥के बाला पीर भर पावे॥ नहीं कोई और मनभावे॥५॥

रेक्ता।

हम न आशक दिवानेहै॥ हमन कू होस दारी क्या॥हमन अजाच या जग से॥ हमन दुनियासे यारी क्या॥

टेक॥खलक सब नाम अपनेकूं॥बहुत क सिर पटकते है॥ हमन गुरु ग्यान ये लमहै॥ हमनको नामदारी क्या॥ १॥ जो बिछुडे पियारीसे॥ भटकते इदर उदर फिरते॥ हमरा यार हम संगहै॥ हमन को इंतजारी क्या॥२॥ न पल बिछुडे पिया हमसे॥न हम बिछुडे पियारीसे॥जहां वहां प्रीत लागीहै॥वाकोहै वेक

रारी क्या ॥ ३ ॥ कबीरा जात है फुक
श ॥ गरूरी डाल सब दिलसे ॥ चल
रहा चालना जुकहै ॥ हमन सिर बोज
भारी क्या ॥ ४ ॥ संपूर्ण ॥

लिखंते मंगल ॥ सुकृत फूल गुलाब
को, सब घट रह्यो समाय ॥ कहो कैसे
लखपाइये, गुरुबिन लखा न जाय ॥
॥ टेक॥ तीन त्रिकुटीके ऊपरे, फूले सोहं
गम फूल ॥ जहां नहीं धर्मको आसन ॥
बिन अच्छर निज मूल ॥ १ ॥ चार जो
जनके ऊपरे, पुरुष बिदेही पूर ॥ झग्र
मग्र वा नग्रहै, बाजे अनहद तूर ॥ २ ॥
अपने टेके हम खडे, सतगुरु दिया ब
ताय॥ खिडकी खोल दिखाइया, रहा
गगनकूं जाय ॥ ३ ॥ कहे कबीर धर्मदा

ससे, प्रगट मे दियो लखाय ॥ सो हंसा भल पावहीं, नहिं आवे नहिं जाय ॥४॥

मंगल ॥ अचरज देखो कामनी, कहते को पतिआय ॥ अधर साहेब हम देखिया, सतगुरु दियो लखाय ॥ टेक ॥ चंद सूरज जाहां वाहां नहीं, नहीं वाहां धर्ति अकाश ॥ तेहि पुर मेरो पीतमा, केहि बिध करहुं निवास ॥ १ ॥ गुरु दरसनके कारनै, सरबस देउँ लुटाय ॥ एक पलकके बीछूडे, अब जिव कछु न सुहाय ॥२॥ गुरु दरसन हम पाइया॥छूटल कुल परिवार ॥ अब जाऊं पुर आपने, परख परख टकसार ॥३॥ कहे कबीर धर्मदास सो, हिरदै करो बिचार॥ अरस परस करो कामनी, निर्गुन नाम तुमार॥४॥संपूर्ण॥

मंगल ॥ झग्र मग्र मुक्तामणी ॥ हीराको प्रकाश ॥ जहां वहां मानिक दीप है ॥ तहां पुरुषको वास ॥ टेक ॥ चौदिस दमके दामनी, झलके रवि और चंद ॥ जगमग पंथ निहारले, पुरुष प्रेम आनंद ॥ १ ॥ ऐसा अद्भुत खेल है, अगम भेद टकसार ॥ शब्द सुर्त अस्वार है, हंसा चले वहि द्वार ॥ २ ॥ सेत ध्वजा जहां फरकही, अनहद्द गरजे निसान ॥ सत पुरुषके दरसते, हंसा भये निर्वान ॥ ३ ॥ सेत सिंघासन छत्र है, गर्जत शब्द गंभीर ॥ सत समरथ जहँ बैठही, सनमुख सत कबीर॥४॥ संपूर्ण ॥

मंगल ॥ सब्द सब्द सब जग कहे, सब्द सनेही कोन ॥ ताहि चीन्ह परिच

य करो, हिरदे मे प्रमान ॥ टेक ॥ सुर्त अधार है सब्दके, सब्द लगन आधार ॥ लगन अधार है ततके, सो मैं कहूं पुकार ॥ १ ॥ सब्द सुर्त दोय सम करो, सो एक कैहे नाम ॥ सतगुरु भेद बतावे, जब पोहँचे ओहि गाम ॥ २ ॥ पौन पचासीके ऊपरे, सोही पुरुषको देश ॥ सो चढ हंस सिधावही ॥ बहुरि न पाछे भेस ॥ ३ ॥ पौन बिना निज पौन है, पांच तीनसे न्यार ॥ हंस बिहंगम पावही, पौंचे लोक हमार ॥ कहे कबीर धर्मदाससे, यार सुर्त चितलाय ॥ ग्यान ग्रंथ को मूल है, राखो गुप्त छिपाय ॥ संपूर्ण॥

शब्द ॥ साहब ऐसा अपरंपार, जाको सत् शब्द अधार ॥टेक॥ ब्रह्मा जाको

खोजत धावे॥बेद कितेब पार नहिं पावे॥
सुरनर मुनिवर बहुत पछतावे॥शेष सह
स्त्र मुख निसदिन गावे ॥अस्तुति करहि
पार नहिंपावे॥बिना बिबेक बिचार॥१॥
पिंड ब्रह्मांड कथै ब्रह्मचारी ॥जोलों का
या मनकी जारी॥काया जल बल होगइ
छारी ॥ ताके आगे बस्तु अपारी ॥ कोई
पावे तनमन वार ॥२॥ जानों तीन प्रपं
चिक देवा॥ जीव लगाये अपनी सेवा ॥
करे प्रपंच लखे नहिं भेवा ॥ उन जीवन
का लगे नहिं खेवा॥उडगई काली धार॥
॥३॥ हेत करै कामिनी अर्धंगा ॥ चर्चा
करे क्रोधके संगा॥उनसे होय भक्ति चि
त भंगा॥ जबलग नहिं पांचो एकरंगा॥
छूटे नहिं कपट लबार॥४॥जाजा मनतू

शहाना होई ॥ आशाके घर लखो मत कोई ॥ पाप न पुन्न जहां एक न दोई ॥ निर्भय नाम जपो नर लोई ॥ छुटगयो सकल विकार ॥ ५ ॥ सतगुरु मिले तो लागे तीरा ॥ हंसा होय सुमतका धीरा ॥ जम जालमकी मिटगई पीरा ॥ निरभय पद सत् नाम कबीरा ॥ आवागमन निवार ॥ संपूर्ण ॥

शब्द ॥ मारग मे लूटे पांच जनी ॥ तेरी काया नगरीको कोन धनी ॥ टेक ॥ आसा तृष्णा नदिया भारी ॥ वहगये सिद्ध बडे भेक धारी ॥ जो उवरे सो शरन तुमारी ॥ जैसे चमके सलअनी ॥ १ ॥ पांचपचीस मिलरोके घाटा ॥ साधू जन चढगये उलटी बाटा ॥ घेर लिये सब औ

घट घाटा ॥ पार उतारो आपधनी ॥२॥
बनमें लूटे मुनिजन नागा ॥ डसगइ
मम्मता उलटा टांगा ॥ ज्याके कान गु
रू नहिं लागा ॥ शृंगीऋषिसे आन ब
नी ॥ ३ ॥ संकर लूटे नेजा धारी ॥
रहे तउनकी कोन बिचारी ॥ भूलरही
करमन की मारी ॥ त्रिगुन झुक रही ति
न अनी ॥ ४ ॥ इंद्र बिगारी गौतम नारी ॥
कुब्जा कृष्ण लेगयो मुरारी ॥ राधा
रुक्मणि बिलखत छांडी ॥ रामचंद्रसे
आन बनी ॥ ५ ॥ साहेब कबीर गुरु दी
ना हेला ॥ धर्मदास तुम सुनो निज चे
ला ॥ लंबा मारग पंथ दुहेला ॥ सुमिरो
सिरजन हारधनी ॥ ६ ॥ र ॥

शब्द ॥ रस मैं झरे ॥

टेक ॥ त्रिकुटी संगम बाजा बाजे ॥ रुनुक झुनुक झनकार करे ॥ १॥ है कोई पंडित तत्व बिबेकी ॥ ग्यान बिबेक बिचारकरे ॥ २ ॥ आसन मार मढीमें वैठे ॥ अलख पुरुष वाके नजर पडे ॥ ३॥ कहे कबीर सुनो भाई साधू ॥ अजर पिया फिर नाहि मरे ॥ ४ ॥ संपूर्ण ॥

शब्द॥नगरमें रमता जोगी आया॥

टेक ॥ पांच पुत्र पचीसों नाती ॥ एक नारी उपजाया ॥ गुन अवगुन सो न्यारा खेले॥आपका रूप छिपाया॥ १॥ नहीं कछु रूप नहीं कछु रेखा ॥ दमकूं दूर चढाया ॥ इंगला पिंगला माहे ताल बजावे ॥ तो आपको रूप दिखाया ॥ ॥ २ ॥ कोन घर सोवे कोन घर जागे ॥

कोन घर जाय समाया ॥कोन पुरुषको ध्यान धरत है ॥ कैसे मांहे शब्द सुना या॥३॥सूरज घर सोवे चंद्र घर जागे॥ सुन्नमें जाय समाया॥सत्पुरुषोंका ध्या न धरत है ॥ तो सोहंग मांहि शब्द सुना या॥४॥जागेगा सो परमपद पावे॥सोते कूं जम खाया॥कहे कबीर सुनो भाई सा धु ॥ अगम संदेसा लाया ॥ ५ ॥ संपूर्ण॥

शब्द ॥ संतो सत्गुरु अलख लखा या ॥ जासो अपन आप दर्साया ॥

॥ टेक ॥ बीज मध्ये ज्योंवृक्ष दिखा या ॥ वृच्छ मध्येज्यों छाया ॥ परमातम मे आतम जैसे ॥ आतम [illegible] माया ॥ ॥ १ ॥ ज्यों न[illegible] सु[illegible] ॥ सु न्न म[illegible]

च्छर दरसे ॥ अच्छर सब विस्तारा॥२॥ जैसे रवि मध्ये किरण दिखाये॥ किरण मध्य परकासा॥पारब्रह्मते जीव ब्रह्महै॥ जीव मध्ये स्वासा ॥ ३ ॥ स्वासा मध्ये शब्द दिखाया ॥ अर्थ शब्दके मांहीं ॥ब्र ह्मते जीव जीवते ब्रह्महै॥न्यारा मिलास दाही॥४॥ आपहि बीज वृच्छ अंकूरा ॥ आपही फूल फल छाया॥सूरजके किरन प्रकासिक आपहि ॥आपही ब्रह्म जीव है माया ॥ ५ ॥ आतममे परमातम दर से॥ परमातममे झांई ॥ झांईमे पर झांई बोले ॥ लखे कबीरा सांई ॥

शब्द॥ऐसा जानताहै कोई ख्याल॥ ॥टेक॥ धर्ती वेद पताले जावे ॥ सेस ना गकूं बसकर लावे ॥ शेपनाग वासुका

सारा ॥ बासु नाग सत्‌को सारा ॥ कमट पीटपर ख्याल ॥ पूरबको सोध पच्छम कोलावे॥ अंधाधुंदको भेद मिटावे ॥ शिला द्वार दच्छन दे राखे॥ उत्तर जाय सो जीवन चाखे ॥ चारों दिसा को हाल ॥ २ ॥ नौका सोध सरस्वति लावे॥ एकबार सुमेरु चढावे ॥ मेरुदंडपर आसन मारे ॥ सन्मुख धागा सुर्त गहावे॥ गगन गुफाके हाल ॥ ३ ॥

गगन गुफामें अति उजियारा ॥ अजपा ज ॥ बिन माला॥घन्ट शंख सहना या ॥ वृच्छ मदिस रा [illegible] गाजे॥ मे आतम जैरे। [illegible]

॥ १ ॥ ज्यों न [illegible]

न्न मध्ये ॐकशा [illegible]

के भीतर दिवस प्रकासा ॥ हीरा बरत महाल ॥ ५ ॥ कहे कबीर कोई बिरला पावे ॥ जाकू सतगुरु आप लखावे ॥ क्षमा सील संतोष ले आवे ॥ दया दीनता आवे भाई ॥ चलत हमारी नाल ॥ ६ ॥

शब्द ॥ मोकूं क्या तूं ढूंढे बंदे॥मैं तो तेरी पासमें ॥टेक॥ न महजीत में ना देवलमें॥ ना मैं कासी कैलास में ॥ ना मैं मथुरा अवध द्वारका॥मै तो साँची आस में॥१॥ना बकरीमें ना चकवामें ॥ ना मैं छुरी गडासमें॥ना मैं सींग खाल पूछमें॥ ना हड्डी नां मांसमे ॥ २ ॥ ना मैं कोई करम धरममें ॥ नामैं जोग सन्यासमें ॥ नामैं मिलूं जोग जपकीने ॥ मेरी भेट विस्वासमें ॥ ३ ॥ सबमें रहूं सब

न से न्यारा ॥ देखो ग्यान प्रकासमें ॥ खोजी होय तो तुरुत मिलूंगा ॥ एक छिनके तल्लासमे ॥ ४ ॥ शुक बसेर हा कमहै तेरे ॥ मेरा बास मवासमें ॥ कहे कबीर सुनो भाई साधू ॥ सब स्वासन के स्वासमे ॥ ५ ॥

शब्द ॥ पास खडाहै नजर न आवे॥ है महबूब प्याराबे ॥ टेक ॥ है घटमांहीं जाने सब घटकी ॥ रहत खलकसे न्याराबे ॥१॥ कोई तीरथ ब्रत जोग तप संजम ॥ यहि करि करि सबहाराबे॥ सुरनर मुनि और पीर औलिया ॥ नाम न कोई विचाराबे ॥२॥ गु[illegible] [illegible]मसे कोई

[illegible] ३॥

हारा ॥१॥ टेक ॥ संकट जोनी कबहु न आवे ॥ ना वो धरें अवतारा ॥ २ ॥ ब्रह्मा वेद भेद नहिं पावे ॥ छूटे पडी लंबारा ॥ ३ ॥ कहे कबीर सुनो भाई साधू ॥ निर्गुन धनी हामारा ॥ ४ ॥

शब्द ॥ अब हम आनंदको घर पायो ॥ टेक॥ काम क्रोधकी गाघर फूटी॥ ममता नीर बहायो ॥ १ ॥ तज प्रपंच वेदकी किरिया॥निरभय निशान बजायो ॥२॥ पांच तत्वकी यातन गुदरी ॥ सुमतको टोप बनायो ॥ ३ ॥ हद घर छोड बेहद घर आसन ॥ चरन कँवल चितलायो ॥ ४ ॥ चांद सुरज दिवस नहिं रजनी ॥ व्हां जाय लाड लडायो ॥ ५ ॥ कहे कबीर कोई पियाजीके प्यारे ॥ पिया पिया रट लायो ॥ ६॥

न से न्यारा ॥ देखो ग्यान प्रकासमें ॥ खोजी होय तो तुरत मिलूंगा ॥ एक छिनके तल्लासमे ॥ ४ ॥ शुक बसेर हा कमहे तेरे ॥ मेरा बास मवासमें ॥ कहे कबीर सुनो भाई साधू ॥ सब स्वासन के स्वासमे ॥ ५ ॥

शब्द ॥ पास खडाहे नजर न आवे॥ हे महबूब प्यारावे ॥ टेक ॥ हे घटमां हीं जाने सब घटकी ॥ रहत खलकसे न्यारावे ॥ १ ॥ कोई तीरथ ब्रत जोग तप संजम ॥ यहि करि कारि सबहारावे॥ सुरनर मुनि और पीर औलिया ॥ नाम न कोई विचारावे ॥ २ ॥ गुरु गमसे कोई विरला पावे॥ कहत कबीर पुकारावे॥ ३ ॥

शब्द॥ करता करम रेखसे न्यारा॥ ना वहमरहि न मारे काहूकूं ॥ सबका पालन

हारा ॥१॥ टेक ॥ संकट जोनी कबहु न आवे ॥ ना वो घरें अवतारा ॥ २ ॥ ब्रह्मा वेद भेद नहिं पावे ॥ छूटे पडी लबारा ॥ ३ ॥ कहे कबीर सुनो भाई साधू ॥ निर्गुन धनी हामारा ॥ ४ ॥

शब्द ॥ अब हम आनंदको घर पायो ॥ टेक॥ काम क्रोधकी गाधर फूटी॥ ममता नीर बहायो ॥ १ ॥ तज प्रपंच वेदकी किरिया॥निरभय निशान बजायो ॥२॥ पांच तत्वकी यातन गुदरी ॥ सुमतको टोप बनायो ॥ ३ ॥ हद घर छोड बेहद घर आसन ॥ चरन कँवल चितलायो ॥ ४ ॥ चांद सुरज दिवस नहिं रजनी ॥ व्हां जाय लाड लडायो ॥ ५ ॥ कहे कबीर कोई पियाजीके प्यारे ॥ पिया पिया रट लायो ॥ ६॥

शब्द ॥ गलतान मता जब आवेगा॥ तब जिवडा सुख पावेगा ॥ टेक ॥ धीरज की धर्तीपर सोवेगा ॥ क्षमाकी खाक लगावेगा ॥ १ ॥ अचार बिचार छुटे वा जिवका ॥ दुब्धा दूर बहावेगा ॥२॥ पांचो इंद्रीके बल नासे ॥ आपमे आप समावेगा ॥ ३ ॥एकहि ब्रह्म सकल घट दर्से ॥ सम दृष्टी लौलावेगा ॥ कहे कबीर सुनो भाई साधू ॥ क्यों न परम पद पावेगा ॥ ५ ॥

शब्द ॥ मैं दिवाना नामका ॥ मुझे कोई ना छेडो बे ॥ टेक ॥ हर किसीकूं मार बैठूंगा, दूर खडे रोबे ॥ १ ॥ मैं भूला घर आपना ॥ बन बन पुकारूंबे ॥२॥एक मेरे हातमे बनी ॥समशेर खलककीबे ॥३॥तू लडने हारे लडलेप्यारे॥हौस लड

नेकी वे॥४॥ हत्ती को न हिसाबमे ॥ मैं
वागकूं मारूं वे॥५॥सिंहकूं फिरूं ढूंढता
वन बन पुकारूं वे ॥ ६ ॥ पूरन प्याला प्रे
मका मेरे हाथमें आया वे ॥ ७ ॥ भर पी
या है कमालने॥ कबीर पिलाया वे ॥८॥

शब्द ॥ साधो मत कोई करो अभि
मानरे॥ खलक समानी खाकमें ॥ टेक ॥
बहुतक तोडे पातिया॥बहुतक देव बनाई
हो ॥ बाद बिवाद काम नहिं आवे ॥ ज
ब पकडे जमराई हो ॥ १ ॥ जैसे माटी
का पूतरा ॥ रचे बनाय बनाई हो ॥ बिन
सत बार न लागही ॥ पानीमे गल जाई
हो॥२॥ जैसे ओसका मोतिया ॥ऐसा है
संसारा हो॥झलकत दीसे दूरसे अच्छा॥
लगे पवन फुटजाई हो॥ ३ ॥ मात पिता

दारा सुत बंधू ॥ और दुलारी नारीहो ॥
ये सब हिलमिल बिछुरेंगे ॥ संग रहे दिन
चारीहो॥४॥कहेकबीर सुनोभाई साधू॥
साहेब अपरंपारा हो ॥ संतन लाधो ना
म साहेबको॥ विष लाधा संसाराहो ॥५॥

शब्द ॥ मेरी अरजी दीन दयालसे ॥
गुरुजी अबकी बेर उबा रोहो ॥

टेक ॥ आईथी मैं वा देससे॥ भई पर
दसन नारोहो ॥ ओ मारगमें भूलगई
जासे ॥ विसर गई निज सारोहो॥१॥ जु
गन जुगन भरमत फिरत हूं ॥ जमके
हात बिकानी हो ॥ अब करजोर विन
ती करूं मैं ॥ मिलके बिछुड न होय हो
॥ २ ॥ विषम नदिया विकार की है ॥
मोह दंभ अहँकारो हो ॥ मोह मारगमें

वांके रहे ॥ जीने खाये सुरनर झारो हो ॥ ३ ॥ शब्द जहाज है कवीरका ॥ सत गुरु खेवन हारो हो॥कोई कोई हंसा आनके बैठे॥ पलमें करूं उवारो हो ॥ ४ ॥

शब्द ॥ को सब्द सिंहासन पाटमें ॥ तुम हंसा बैठे आय ॥ कोन नाम मुक्ता मणि ॥ कोन नामवे अंस ॥ कोन नाम वे पुरुषहै ॥ कोन नाम वे हंस ॥ १ ॥ अजर नाम मुक्ता मणी ॥ उग्र नाम वे अंस॥ग्यानी नाम वे पुरुषहै सुरत नाम वे हंस॥ २ ॥ मूल दिसिज दिपाइयो ॥ आये सुना यम पाय ॥ बैठे हंस उबार सोहंग कर गहि वाह ॥ ३ ॥ जंबूद्वीपमें हंसा आये ॥ पांजी वैठे जाय॥ कहे कवीर धर्म दाससो ॥ तुम लेवो बांह चढाय॥४॥

शब्द ॥ नाम सनेही न छांडिये॥ भावे तन मन जरि जाय ॥ टेक ॥ पानी से पैदा किये नख शिख स्वरूप बनाय ॥ सो साहेब क्यूं छांडिये॥ ओ तो गाढे होत सहाय ॥ १ ॥ महल बने चीने नहीं ॥ बनाये ऊंचे धाम॥ जब जम बैठे कंठमें॥ तेरा कोई न आवे काम ॥ २ ॥ मात पिता सुत बंधवा ॥ और दुलेरी नार ॥ ए सब हिल मिल बिछुरे॥ अंत न आवे कोई काम ॥ ३ ॥ जैसी लागी औरसे ॥ दिन दिन दूनी प्रीत॥ नाम कबीर न छांडिये॥ भावे हार होयके जीत ॥ ४ ॥

शब्द॥ संतो भक्ति भेषसे न्यारी ॥ मन पवना पांचो बस कीना ॥ जिन ये राह सँवारी ॥ टेक ॥ ये संसार अय

सा बनाहै॥कागद का घर कीना ॥माला तिलक छापजो लीना ॥ परम तत्वकाहू ना चीना ॥१॥ तीरथ बरत सब कष्ट का घोडा ॥ मजल न पहुंचे कोई ॥पत्थरको नर करता कर पूजे ॥दुनियां येह कर बिगोई ॥ २ ॥ गोरख नाथ मुद्रा नहिं पहिरी ॥ मूंड नहीं मुंडाया ॥ यह उबारकी फांसी शिर ऊपर॥ गुरुके बंद छुडाया ॥ ३ ॥ गरभ बासमें सुमरन कीना॥ सुखदेव तब कहांथी माल ॥ कहे कबीर भेख सब भूला ॥ मूल छोड गहिडाल॥ ४ ॥

शब्द ॥ अजहूं समझ मन भोराहो ॥ अंजहु समज मन भोराहो ॥ टेक ॥ काया फुलबाडी सुख मत जानो ॥ दोइ दिन फूलनके बासहो ॥ जल बिच मीनकरे

सुख सैना ॥ शिर पर झीमर जम रहो ॥ १ ॥ आज कालकी घडिया बजतहैं ॥ शिर पर कालके पगडा हो ॥ गुरु भक्ति बिन भये नर गद्धा ॥ शिर पर मायाके रगडा हो ॥ २ ॥ कहे कबीर सुनो भाई साधू ॥ शब्द न माने सो नुगराहो ॥

शब्द॥मन नेकी करलेदो दिनका मिजमान॥टेक॥जोरू लडका कुटुम्ब कबीला॥ दो दिनका तनमनका मेला॥ अंत कालकूं चला अकेला॥ तज माया मंडा नरे॥ १ ॥कहांसे आया कहां जायगा॥ तन छूटे मन कहांरहेगा॥आखर तुझको कौन कहेगा ॥ गुरु बिन आतम ग्यानरे ॥२॥कौन तुम्हारा सच्चासांई॥झूंठा होय सकल संसारा ॥ कहां मुकाम कहां ठि

काना ॥ क्या वस्तीका नामरे॥ ३॥ रहट
माल पनघटकूं फिरता॥आता जाता भ
रता रीता॥जुगन जुगन तू मरता जीता॥
मत करना अभिमानरे ॥ ४ ॥ हिल मि
ल रहिना देके खाना॥नेकी वात सिखाव
त रहिना ॥ कहें कबीरसुनों भाई साधू॥
जपना निरगुन नामरे ॥ ५ ॥

शब्द ॥ मन मौला जाने ॥ गुजर गई
गुजरानरे ॥ टेक॥ कोइ दिन रूखा सूखा
रांधा॥कोइ दिन दूधमलीदा छांधा॥ को
